चैत्र कृष्ण पक्ष 06, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

रांची, गुरुवार
20 मार्च 2025
वर्ष-26, अंक- 47, पृष्ठ-12




**रांची का तापमान**

| कांके | | रांची | |
|---|---|---|---|
| अधिक. | 32.0° | अधिक. | 33.0° |
| न्यून. | 19.0° | न्यून. | 20.0° |

₹ 82500 (10 ग्राम)

₹ 104000 (01 किलो)

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 75,449.05 | 86.359 |
| +147.79 | -0.151 |

**माह-ए-रमजान**

| इफ्तार | सेहरी |
|---|---|
| 6:02 | 4:34 |
| 20 मार्च | 21 मार्च |

## राजकीय बंशीधर महोत्सव-2025 का भव्य शुभारंभ

# झारखंड में महिलाओं को सबसे अधिक सम्मान दिया जा रहा : हेमंत सोरेन

## मुख्यमंत्री ने दी ₹183 करोड़ की योजनाओं की सौगात

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने नगरऊंटारी में आयोजित राजकीय बंशीधर महोत्सव-2025 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने गढ़वा जिले को 183 करोड़ रुपए की 27 विकास योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने इस महोत्सव को राजकीय महोत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है, ताकि यह देश-दुनिया में अपनी अलग पहचान बना सके।

**राज्य के विकास की नई रूपरेखा तैयार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यवासियों के उत्थान और विकास के लिए नए योजनाओं की रूप रेखा बनाई जा रही है, जिसे विधानसभा सत्र के माध्यम से पारित कर लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल की जल संकट की समस्या को दूर करने के लिए कनहर परियोजना को तेजी से पूरा किया जा रहा है, जिससे आने वाले 6 से 8 महीने में किसानों के खेतों तक पानी पहुंचेगा।

**महिलाओं को सम्मान और आर्थिक सशक्तिकरण :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सम्मान राशि योजना लागू की है। उन्होंने जोर देकर कहा कि झारखंड देश का पहला राज्य है, जहां महिलाओं को सबसे अधिक सम्मान दिया जा रहा है।




### सीएम ने 8 योजनाओं का किया शिलान्यास और 19 का उद्घाटन

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 45.88 करोड़ रुपये की लागत से 8 योजनाओं की आधारशिला रखी और 136.84 करोड़ रुपये की लागत से 19 योजनाओं का उद्घाटन किया। इनमें भंडरिया, रंका, धुरकी, चिनियां, रमकंडा और गढ़वा में मल्टीपरपस इनडोर स्टेडियम, स्वास्थ्य और सड़क निर्माण से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल हैं। मौके पर विधायक अनंत प्रताप देव, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक नरेश प्रसाद सिंह, पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, आईजी पलामू सुनील भास्कर, डीआईजी वाई.एस. रमेश, उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को श्री बंशीधर महोत्सव-2025 की हार्दिक शुभकामनाएं दी और झारखंड के समग्र विकास के लिए अपने संकल्प को दोहराया।

### राज्य के हर क्षेत्र में विकास को मिल रही है गति

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार रांची मुख्यालय से नहीं, बल्कि गांव-गांव से चलने वाली सरकार है। उन्होंने बताया कि उनके पहले कार्यकाल में ही पलामू प्रमंडल को बिजली से जोड़ा गया था, और अब हर क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और खेल सुविधाओं का तेजी से विकास किया जा रहा है।

### प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों को पर्यटन स्थल का दर्जा

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों को पर्यटन केंद्रों के रूप में विकसित किया जाएगा। बंशीधर महोत्सव की तर्ज पर आदिवासी भाइयों के दुबिया खांड मेले को भी राजकीय महोत्सव का दर्जा दिया गया है।

**एक नजर**

### छवि रंजन ने ईडी के शपथपत्र पर जवाब दाखिल किया



**रांची ।** हाईकोर्ट में जमीन घोटाला मामले के आरोपी निलंबित आईएएस छवि रंजन की याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से ईडी के शपथ पत्र पर जवाब दाखिल किया गया। ईडी को बुधवार को ही जवाब की प्रति सौंपी गई। कहा गया कि प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता बहस करेंगे, इसलिए समय दिया जाए। बरियातू रोड स्थित सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में छवि रंजन ने अभियोजन स्वीकृति नहीं मिलने का हवाला देते हुए उनके खिलाफ दर्ज मामले को निरस्त करने की मांग की है।

### अमित अग्रवाल की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** सेना की कब्जे वाली जमीन फर्जी दस्तावेज से खरीद-बिक्री के मामले में अमित अग्रवाल को जमानत देने से हाईकोर्ट ने इनकार कर दिया है। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस पीके श्रीवास्तव की अदालत ने अमित अग्रवाल की जमानत याचिका खारिज कर दी। ईडी कोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद अमित अग्रवाल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। सेना की 4.55 एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री मामले में ईडी ने अमित अग्रवाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

## लैंड फॉर जॉब : ईडी दफ्तर पहुंचे लालू, घंटों हुई पूछताछ

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**पटना।** जमीन के बदले नौकरी मामले में उलझे राजद सुप्रीमो लालू यादव बुधवार को सुबह 11 बजे ईडी कार्यालय पहुंचे। ईडी ने उन्हें समन भेजकर 11 बजे ही पटना स्थित दफ्तर बुलाया था। लालू यादव और मीसा भारती ईडी के कार्यालय पहुंचे तो सैकड़ों की तादाद में ईडी ऑफिस के बाहर राजद के कार्यकर्ता और समर्थक जमा थे। लालू यादव जिंदाबाद के नारे ईडी ऑफिस के बाहर लगे। ताजा जानकारी के अनुसार, करीब



तीन बजे तक उनसे पूछताछ चलती रही। ईडी की पूछताछ पर तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारे परिवार को इससे डर नहीं लगता है। यह पहली बार नहीं है।


### राबड़ी और तेजप्रताप से हो चुकी है पूछताछ

लालू को तलब करने से एक दिन पहले मंगलवार को ईडी ने राबड़ी देवी और तेजप्रताप यादव को पूछताछ के लिए बुलाया था। चार-चार घंटे तक दोनों से अलग-अलग पूछताछ की गयी थी। ईडी के अधिकारियों ने जमीन के बदले नौकरी मामले से जुड़े सवालों की लिस्ट दोनों के सामने रखी और उनसे जवाब मांगा।

### क्या है जमीन के बदले नौकरी मामला ?

लालू यादव जब रेलमंत्री थे तक 2004 से 2009 के बीच विभिन्न रेलमंडलों में जमीन लेकर कई लोगों को ग्रुप-डी में नौकरी दी गयी थी। नौकरी लेने वालों से जमीन तत्कालीन रेल मंत्री लालू यादव के परिवार के सदस्यों और एक संबंधित कंपनी के नाम करवायी गयी थी। आरोप के अनुसार, लालू परिवार ने बिहार मे एक लाख स्वॉयर फीट से ज्यादा जमीन महज 26 लाख रुपए में हासिल कर ली थी, जबकि उस समय के सरकारी दर के अनुसार शेष पेज

## भ्रष्टाचार पर सदन तल्ख सत्ता पक्ष ने सरकार को घेरा



**नवीन मेल संवाददा**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 13वें दिन बुधवार को पेयजल विभाग में हुई अवैध निकासी को लेकर सत्ता पक्ष ने अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया। कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने सरकार के जवाब पर नाराजगी जताते हुए कहा, खोदा पहाड़, निकली चुहिया! उन्होंने प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप को चेताते हुए कहा कि सिर्फ जोर से बोलने से भ्रष्टाचार पर पर्दा नहीं डाला जा सकता। विवाद के केंद्र में उच्च वर्गीय लिपिक संतोष कुमार हैं, जो 15 वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थापित थे। संतोष ने अपने 27 पन्नों के स्पष्टीकरण में अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। विधायक प्रदीप यादव ने मांग की कि वित्त विभाग को स्पष्ट करना चाहिए कि इस मामले में अब तक क्या कार्रवाई हुई है।

### चार पदाधिकारियों को किया गया सस्पेंड

मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार के मामले पर जीरो टॉलरेंस पर काम कर रही है। अवैध निकासी मामले में कोई पदाधिकारी बख्से नहीं जाएंगे। संतोष कुमार पर दो करोड़ 71 लाख अवैध निकासी का केस दर्ज हुआ है। वित्त विभाग के अंतरविभागीय सात सदस्यीय कमेटी की अनुशंसा के आलोक में वित्त विभाग के चार पदाधिकारी मनोज सिन्हा, सुनील सिन्हा, मनोज सिन्हा और मीरा कुमारी गुप्ता को सस्पेंड कर दिया गया है।

### पूर्व में सीआइडी जांच की अनुशंसा हुई थी : योगेंद्र

प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने कहा कि पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने इस मामले में एसीबी और सीआइडी जांच की अनुशंसा की थी। इस पर विधायक और पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि मैं 28 साल पुलिस विभाग में रहा। बिहार में सीआइडी का चीफ तीन साल रहा। सीआइडी का नाम भी है बदनाम भी। एक केस में फंसा दो, दूसरा धंसा दो और तीसरा दूध का दूध और पानी का पानी कर दो। निर्भर करता है कि इरादे क्या है और करना क्या चाहते हैं। शेष पेज 11 पर

### विधायक ने फाड़ा पेपर, स्पीकर नाराज



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 13वें दिन की कार्यवाही के दौरान बुधवार को उस समय अजीबोगरीब स्थिति उत्पन्न हो गई, जब पांकी के भाजपा विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने सदन में प्रश्न का पेपर फाड़ डाला। उन्होंने स्पीकर पर पक्षपात करने और मौका न देने का आरोप लगाया। स्पीकर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि विपक्षी विधायक का "आचरण अच्छा नहीं है। शेष पेज 11 पर

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, सात घायल

**हजारीबाग।** चौपारण थाना क्षेत्र स्थित दनुआ घाटी में बुधवार को सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना एक तेज रफ्तार ट्रक, एक कार और एक बाइक के बीच हुआ। मृतक की पहचान आशिक कुमार के रूप में की गई। वह बाइक पर सवार था और चतरा से चौपारण आ रहा था। वहीं, कार धनबाद से औरंगाबाद जा रही थी। सभी घायल बिहार के रहने वाले हैं। इधर, ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल है उसका एक पैर कट गया है।

### सीबीआई ने गैरिसन इंजीनियर को 40 हजार रुपए घूस लेते किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सीबीआई ने 40 हजार 500 रुपये घूस लेते हुए इंडियन डिफेंस सर्विस से गैरिसन इंजीनियर साहिल रातू सरिया को गिरफ़्तार किया है। वह एक ठेकेदार के 27 लाख के बिल के भुगतान के लिए दो प्रतिशत की दर से 54 हजार रुपये घूस मांग रहा था। सीबीआई रांची की टीम ने घूस लेते हुए उसे बुधवार की शाम को सुजाता चौक से रेलवे स्टेशन जाने वाले रास्ते में उसके दफ़्तर से गिरफ़्तार किया। गिरफ्तारी के बाद सीबीआई अधिकारियों का एक दल गैरिनस इंजीनियर के नामकुम स्थित घर पर छापा मारी की। ठेकेदार से सीबीआई से इस बात की शिकायत की थी कि उसने काम के बाद 27 लाख रुपये का बिल भुगतान के लिए जमा किया है। लेकिन गैरिसन इंजीनियर बिल के भुगतान के लिए दो प्रतिशत की दर से कमीशन की मांग कर रहे हैं।




शेष पेज 11 पर

### झारखंड में 22 तक तेज हवा व वज्रपात का अलर्ट

**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों में 22 मार्च तक तेज हवा चलने और वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार 20 मार्च को राज्य के दक्षिणी भाग और इससे जुड़े मध्यवर्ती हिस्सों में 40-50 किमी की गति से हवा चलने और वज्रपात होने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि उत्तरी हिस्सों में भी कहीं- कहीं गर्जन और 30-40 किमी की गति से हवा चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## इंडिया

## जनजातीय समुदाय के सहअस्तित्व और गोत्र के इतिहास का संदेश



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

भारत में गांवों की पहचान तेजी से बदल रही है जहां कभी अपने नामकरण और परंपराओं के पीछे एक समृद्ध प्रकृति से जुड़ी सनातन संस्कृति का इतिहास रचा बसा था वहां अंग्रेजी स्कूल,ब्यूटी पार्लर और मोबाइल टावरों की भीड़ में कंक्रीट के जंगलों के साथ उनके नाम भी तेजी से बदले जा रहे हैं जिसकी शुरुआत महानगरों से हुई और मीडिया ने उसे जंगलों के किनारे के गांवों तक पहुंचा दिया है । भौगोलिक रूप से कठिन क्षेत्रों में यह गति व्यावहारिक कारणों से थोड़ी कम है पर यदि इन क्षेत्रों में बहूमूल्य खनिज संपदा हो तो वहां भी विदेशी घुसपैठिए तक तक बसते जा रहे हैं जिससे झारखंड जैसा खनिज संपन्न राज्य भी बुरी तरह प्रभावित है ।इसका सीधा प्रभाव उन पेड़ पौधों से लेकर पशु पक्षियों तक पड़ा है जिन्हें जनजातीय समाज अपने पुरखों की पहचान यानी गोत्र मानता है । कभी आंगन और घरों के आसपास फुदकने वाली विश्व की सबसे पुरानी पक्षी प्रजाति गोरैया तथा मैना अब कम होते हुए अनेक गांवों से गायब ही हो गए हैं । गांवों के नामकरण में भी इतिहास छिपा है उसी प्रकार गोत्र, मूल और पुर जैसे शब्द मानव की पहचान से जुड़े हैं । सनातन धर्म में गोत्र को ऋषि परंपरा से जोड़कर देखा जाता है जैसे अंगिरा, वशिष्ठ, कश्यप, भृगु, भारद्वाज पर ऋषि परंपरा से भी पहले गोत्र थे, जो पेड़-पौधे और पशु पक्षियों से जुड़े थे। डॉ नारायण भगत बताते हैं ईसाई मिशनरियों के झारखंड में प्रवेश के बाद धर्मांतरित आदिवासियों ने नाम के साथ गोत्र लिखना शुरू किया अन्यथा उससे पहले सिर्फ जाति का उपनाम लिखा जाता था । डॉ नारायण भगत का कहना है कि आदिवासियों में ऐसी मान्यता है कि सृष्टि की रचना के बाद धर्मेश यानी महादेव शिव ने सोचा कि इंसानों की पहचान कैसे होगी, तो उन्होंने सबसे कहा कि तुम्हें सृष्टि में जो चीज सबसे ज्यादा पसंद हो वो लेकर आओ। उन्होंने जिस भी चीज के साथ वापसी की, उसी गोत्र के आधार पर उनकी पहचान बनी। सनातन परंपरा की तरह गोत्र को रक्त संबंध से जोड़कर देखा जाता है इसलिए एक गोत्र के बीच शादी-विवाह वर्जित है। जनजाति समुदाय के बीच ऐसी मान्यता है कि वे जिस गोत्र के हैं उन पशु-पक्षी को नुकसान नहीं पहुंचाते और सहअस्तित्व उनके अंदर स्वाभाविक रूप से होता है ।कुछ प्रमुख गोत्र और उनके अर्थ खेस यानी धान, लकड़ा यानी बाघ, मिंज यानी मछली, किस्पोट्टा यानी सूअर का पोटा, चिरआवो-एक प्रकार का पक्षी, खाखा यानी कौआ, टोप्पो यानी विशेष चिड़िया, एक्का यानी कछुआ, खलखो यानी मछली, मिंज यानी मछली और मोर(यह वंशावली के अनुसार अलग होते हैं)। लिंडा यानी लंबा केंचुआ,आइंद यानी लंबी मछली, तिडू एक प्रकार की मछली, गिद्धी यानी गिद्ध, केरकेट्टा यानी गोरैया, गेड़े यानी बतख, ओरगोड़ा यानी बाज, बकुला यानी बगुला, बांड्डो यानी बिल्ली, बरवा यानी जंगली कुत्ता, चिगालो यानी गीदड़, गाड़ी यानी बंदर, तिग्गा का अर्थ भी बंदर। उरांव जनजाति के इष्टदेव महादेव शिव हैं, जिन्हें धर्मेश कहा जाता है। उनकी पत्नी पार्वती इनकी पूज्य गांवा देवती हैं। उरांव जनजाति का मूल निवास सिंधु घाटी की सभ्यता से तो कोंकण प्रदेश और द्रविड़ मूल के दक्षिण हंपी का माना जाता है। राजा हरिश्चंद्र के पुत्र रोहिताश्व से विवाह और रोहतासगढ़ में इनका शासन बताया जाता है जिस पर शोध की आवश्यकता है। उरांव जनजाति की भाषा कुडुख का इतिहास करुष प्रदेश यानी रोहतास से और हल्दीनगर से भी है। केरकेट्टा यानी घरों को अपनी चीं-चीं से चहकाने वाली गौरैया अब दिखाई नहीं देती। इस छोटे से शांति,प्रकृति और स्वच्छ पर्यावरण के प्रतीक इस नन्हें से परिंदे को बचाने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। नेचर फोरेवर सोसाइटी (भारत) और इको-सिस एक्शन फाउंडेशन (फ्रांस) के मिले जुले प्रयास के कारण इस दिवस को मनाने की शुरुआत 2010 में हुई। नासिक निवासी भारतीय प्रकृति एवं संरक्षणवादी डॉ मोहम्मद दिलावर ने घरेलू गौरैया पक्षियों की सहायता हेतु नेचर फोरेवर सोसाइटी की स्थापना की थी। इनके इस कार्य को देखते हुए टाइम ने 2008 में इन्हें हिरोज ऑफ दी एनवायरमेंट नाम दिया था। पर्यावरण के संरक्षण और इस कार्य में मदद की सराहना करने हेतु एनएफएस ने 20 मार्च 2011 में गुजरात के अहमदाबाद शहर में गौरैया पुरस्कार की शुरुआत की थी। गौरैया पक्षी प्रकृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह जैव विविधता और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। 2025 में विश्व गौरैया दिवस का थीम 'प्रकृति के नन्हे दूतों को श्रद्धांजलि' है। शहरीकरण,पेड़ों की कटाई,मोबाइल टावरों से निकलने वाले रेडिएशन से उनकी प्रजनन क्षमता को प्रभावित हुई है। कीटनाशकों और रसायनों के बढ़ते उपयोग के कारण उनके भोजन के स्त्रोत कम हो रहे हैं। आधुनिक घरों में जगह नहीं होतीं जहां गौरैया अपना घोंसला बना सके, जिससे उनके अस्तित्व पर संकट बढ़ता जा रहा है। मानवीय लोभ जलवायु परिवर्तन के कारण भी इनकी संख्या लगातार कम हो रही है। पुरानी दिल्ली का पक्षियों का अस्पताल भी प्रचलित नहीं दुर्लभ उदाहरण है।



## शंभू बॉर्डर से हटाए गए प्रदर्शनकारी, हिरासत में नेता

### कई इलाकों में इंटरनेट बंद



**एजेंसी**

**मोहाली ।** सरवन सिंह पंधेर और जगजीत सिंह डल्लेवाल सहित कई किसान नेताओं को बुधवार को पंजाब पुलिस ने मोहाली में हिरासत में लिया। इसके साथ ही, पुलिस ने शंभू बॉर्डर पर लंबे समय से प्रदर्शन कर रहे किसानों को भी हटा दिया। बड़ी संख्या में किसानों को हिरासत में लिया गया है। सुरक्षा को देखते हुए राज्य के कई इलाकों में इंटरनेट को भी बंद कर दिया गया है। पंजाब में एमएसपी समेत अन्य मांगों को लेकर पिछले कई महीनों से किसानों का शंभू और खनौरी बॉर्डर पर प्रदर्शन जारी था। पुलिस ने किसानों को हटाने के साथ-साथ वहां लगाए गए पोस्टर्स और बैनर्स को भी हटा दिया। इससे पहले दिन में किसानों की विभिन्न मांगों पर चर्चा करने के लिए चंडीगढ़ में किसान नेताओं और केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल के बीच एक नए दौर की बैठक से कोई भी नतीजा नहीं निकला।

शेष पेज 11 पर

## सीएम हेमंत दिल्ली में मंत्री शिवराज के दोनों बेटों के रिसेप्शन में हुए शामिल



सीएम हेमंत ने नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के दोनों बेटे (कुणाल और कार्तिकेय) के रिसेप्शन पार्टी में शामिल हुए। इस दौरान सीएम ने दोनों नव दंपति को खुशहाल दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर शिवराज सिंह चौहान, उनके परिवार के सदस्य, रिश्तेदार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# राज्य की विधि-व्यवस्था पर राज्यपाल ने गृह मंत्री अमित शाह से की चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर राज्य की विकास योजनाओं और वर्तमान विधि-व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की। राज्यपाल ने इस अवसर पर राजभवन, रांची द्वारा प्रकाशित 'राज भवन पत्रिका' की प्रति केंद्रीय गृह मंत्री को भेंट की। यह पत्रिका 31 जुलाई 2024 से 31 जनवरी 2025 की अवधि में राजभवन, झारखंड की विभिन्न गतिविधियों, महत्वपूर्ण आयोजनों और पहलों का संकलन है। इसके प्रधान संपादक राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी हैं। 'राजभवन पत्रिका' के इस अंक में राज्यपाल द्वारा नागरिकों से संवाद, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति जागरुकता बढ़ाने और जनकल्याण को साकार करने से संबंधित गतिविधियों को विशेष रूप से शामिल किया गया है। इसमें उन्होंने विभिन्न



विश्वविद्यालयों और विद्यालयों का भ्रमण कर शैक्षणिक गुणवत्ता और आधारभूत सुविधाओं का आकलन किया तथा छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। राज्यपाल उच्च शिक्षा को अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने को लेकर निरंतर प्रयासरत हैं। अन्य राज्यों से आने वाले आगंतुकों को झारखंड की विशिष्ट सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने और जनजातीय समाज के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए विशेष पहल करने में वह अग्रसर रहते हैं। यह पत्रिका राज्यपाल की गतिशील कार्यशैली और झारखंड के सतत विकास की दिशा में उनकी प्रतिबद्धता का दर्पण है।

### जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा भर्ती घोटाला

## तीन आरोपियों को नहीं मिली जमानत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सिविल कोर्ट के सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा भर्ती घोटाले के 3 आरोपियों बिरेंद्र कुमार सिंह, हरेंद्र नारायण चौधरी एवं विजय बहादुर सिंह की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। तीनों आरोपियों की ओर से दाखिल याचिका पर सीबीआई की विशेष अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई पश्चात तीनों की याचिका खारिज कर दी। तीनों ने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए



पिछले दिनों याचिका दाखिल की थी। मामले में अब तक अदालत ने 30 से अधिक आरोपियों को अग्रिम राहत देने से इनकार किया है। बता दें कि सीबीआई कोर्ट ने 16 जनवरी को 47 भ्रष्ट अफसरों समेत 74 लोगों के खिलाफ संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है।

## मंत्री पहले इस्तीफा दें फिर करें परिसीमन का विरोध : राजेंद्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के



केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने परिसीमन को लेकर झारखंड सरकार के कुछ मंत्रियों द्वारा विधानसभा में दिए गए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के मंत्री और नेता बाबा डॉ भीमराव अंबेडकर के बनाए गए संविधान की दुहाई देते नहीं थकते हैं। लेकिन जब उनके पक्ष में निर्णय नहीं हो तो फिर विरोध में खड़े हो जाते हैं चाहे डॉ भीमराव द्वारा बनाए गए संविधान ही क्यों ना हो । परिसीमन का विरोध करने का मतलब है कि संविधान का विरोध करना ऐसे में पहले मंत्री इस्तीफा दे फिर करें परिसीमन का विरोध। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि परिसीमन कराना एक संवैधानिक प्रक्रिया है। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि 2008 में परिसीमन नहीं कराना यह तुष्टीकरण और संविधान के खिलाफ था। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों के अधिकारों को झारखंड में चारों तरफ से छीना जा रहा है लेकिन सत्ता पक्ष और विपक्ष सदानों पर होने वाले अन्याय को लेकर चुप हैं। प्रसाद ने कहा कि 2026 में हर हाल में केंद्र सरकार से परिसीमन कराने की मांग की है।

प्रसाद ने कहा कि झारखंड में लोकसभा का क्षेत्र भी बहुत लंबा चौड़ा है, इसमें भी सुधार करने की जरूरत है। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखण्ड में परिसीमन के बाद लोकसभा की सीट को 14 से बढ़कर 28 करना चाहिए और विधानसभा की सीट को 81 से बढ़कर 160 करने की जरूरत बताई है। कहा कि झारखंड में विधानसभा की सीट को बढ़ाते हुए विधान परिषद का गठन करने की मांग की है। जिससे वैसे क्षेत्रों के लोगों को भी विधान परिषद में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा जो आरक्षित सीटों के कारण विधानसभा और लोकसभा में कभी प्रतिनिधित्व नहीं कर पा रहे हैं।

# जल संसाधन विभाग का बजट विस से पास

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में बजट सत्र 2025-26 चल रहा है। बुधवार को जल संसाधन विभाग मंत्री हफीजुल हसन द्वारा दी गई 31 मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वर्ष के भीतर भुगतान के दौरान 19,11,71,06,000/- रुपए से अनधिक राशि प्रदान करने की स्वीकृति विधान सभा में पास हो गई।

### गिरिडीह का मामला दोपहर तक सुलझा लिया गया था

मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि गिरिडीह में हुई घटना का मामला दोपहर तक हिंदू और मुसलमान भाईयों ने सुलझा लिया था। तब तक रघुवर दास को पता चला,वे देवघर जा रहे थे इस बीच उन्होंने गिरिडीह की ओर गाड़ी घुमा लिया। पीछे-पीछे बाबूलाल भी चले गए अब आप लोग 60 के ऊपर चले गए हैं। 65-70 साल हो रहा है,अब अगले 20 साल तक कोई वेकेंसी नहीं है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन अगले 20 वर्षों तक मुख्यमंत्री रहेंगे और जनता की सेवा करेंगे। आप लोग विपक्ष में बैठने की आदत डाल लें।

### झारखंड ऐसे नहीं बना हजारों लाखों शहीद हुए

मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि केंद्र में आपकी सरकार है, केंद्र मदद नहीं कर रहा है। आपलोग भी सहयोग करें, आज आदमी हिंदू-मुसलमान नहीं सुनना चाहता। बीजेपी के छह सांसद हैं, अभी नहीं किए तो हाफ हो जाएंगे। रघुवर दास पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्यपाल रहे हैं, मुख्यमंत्री भी रहे हैं। कितना मुस्लिम देश है, नाम गिनते गिनते खत्म नहीं होगा। झारखंड ऐसे नहीं बना हजारों लाखों शहीद हुए हैं।



### गांव में कमेटी बनाकर 40 से 50 एकड़ में सिंचाई की जाएगी

मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि माइनर लिफ्ट एरिगेशन सोलर से करेंगे, चेक डैम और इंटक वेल बनाएंगे। इसके लिए गांव में कमेटी बनाकर 40 से 50 एकड़ में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। ढ़ाई एकड़ में तालाब बनाया जाएगा, छोटी-छोटी योजनाएं ली जाएंगी। 11 योजनाओं का काम प्रगति पर है। स्वर्णरेखा परियोजना पर भी ध्यान दिया जाएगा। पुनासी डैम के मुख्य नहर का थोड़ा काम बाकी है। जल्द ही देवघर को पानी मिलेगा।

### पूर्व सीएम रघुवर दास पर साधा निशाना

अपनी बातों को रखते हुए मंत्री हफीजुल ने पूर्व सीएम रघुवर दास पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कनहर सिंचाई योजना का उद्घाटन 2019 में रघुवर दास किए थे। उद्घाटन के 24 घंटा के बाद चूहा बिल कर दिया, खोखला हो गया और बह गया। इस तरह का काम हम नहीं करेंगे, ठोस काम करेंगे।

### वृहद एवं मध्यम सिंचाई परियोजना प्रक्षेत्र

वृहद एवं मध्यम सिंचाई योजना प्रक्षेत्र अंतर्गत 1474.75 करोड़ रुपए जिसमें चालू योजना में चालू वृहद एवं मध्यम सिंचाई योजनाओं में 1109 करोड़ रूपए एवं पूर्ण सिंचाई योजनाओं का पुनर्स्थापना कार्य 136 करोड़ रूपए हैं। नई योजना अंतर्गत नई बृहद एवं मध्यम सिंचाई योजनाओं का निर्माण 20 करोड़ 20 लाख रुपए,बांध सुरक्षा में 10 लाख रूपए, विभिन्न आयोगों,संस्थानों एवं अभिकरणों हेतु अनुदान 20 लाख रूपए,सर्वेक्षण,अनुसंधान,परामर्श एवं मूल्यांकन में 4.50 करोड़, ई गवर्नेस में 2 करोड़, पुराने भवनों का पुनर्स्थापन एवं नए भवनों का निर्माण 10 करोड़,कार्यशाला, सेमिनार में 40 लाख, पुराने जर्जर वाहनों का नवीकरण या क्रय 40 लाख रूपए है। केंद्र प्रायोजित योजना अंतर्गत सुवर्णरेखा परियोजना में केंद्रांश एवं राज्यांश दोनों मिलाकर 178. 95 करोड़ रूपए, उत्तर कोयल परियोजना केंद्रांश एवं राज्यांश सहित 12 करोड़, सुवर्णरेखा परियोजना के लिए उड़ीसा एवं पश्चिम बंगाल से प्राप्त होने वाली शेयर राशि 1 करोड़ रूपए है।

### लघु सिंचाई योजना प्रक्षेत्र का बजट

लघु सिंचाई योजना प्रक्षेत्र का बजट 250.15 करोड़ रूपए है जिसमें चालू योजना में चालू लघु सिंचाई योजनाओं का निर्माण कार्य में 165 करोड़ रूपए, पुरानी लघु सिंचाई योजनाओं का पुनर्स्थापना एवं मरम्मती 58 करोड़ रूपए है। नई योजना में नई लघु सिंचाई योजनाओं का निर्माण कार्य में 18 करोड़ रूपए,जागरूकता अभियान या नई भूगर्भ जल सर्वेक्षण पुनर्भरण योजनाओं में 1 करोड़ रूपए, सर्वेक्षण एवं अनुसंधान में 20 लाख रूपए,नए भवनों का निर्माण 2 करोड़ रूपए, ई गवर्नेस में 10 लाख रूपए, पदाधिकारियों का प्रशिक्षण 5 लाख रूपए, झालको कर्मियों का वेतन भुगता 80 लाख रूपए है। केंद्रीय प्रायोजित परियोजना के अंतर्गत लघु सिंचाई गणना के कार्य में शत प्रतिशत अनुदान 5 लाख रूपए है।

### बाढ़ प्रक्षेत्र का बजट

बाढ़ प्रक्षेत्र का बजट 25 करोड़ रूपए है जिसमें चालू बाढ़ नियंत्रण एवं कटाव निरोधक योजनाओं में 15 करोड़ रूपए एवं नई बाढ़ नियंत्रण एवं कटाव निरोधक योजनाओं में 10 करोड़ रूपए है। केंद्रीय योजनागत योजना प्रक्षेत्र केंद्रीय योजनागत योजना में शत प्रतिशत अनुदान की राशि 10 लाख रूपए है जिसके अंतर्गत नेशनल हाइड्रोलॉजी प्रोजेक्ट है।

### ठेकेदार ने तीन पुल बनाए, दो धंस गए

## तीसरा कब ढहेगा : मनोज यादव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विधायक अमित महतो ने



सदन में सिल्ली में बन रहे पुल का मामला उठाया। कहा कि ठेकेदार मेसर्स एएन पांडेय को तीन पुल के निर्माण का जिम्मा मिला। पुल ऐसा बनाया कि दो धंस गये, इस पर मनोज यादव ने पूछा कि तीसरा कब धंसेगा। अमित महतो ने कहा कि 2021 में जांच कमेटी बनाई गयी थी। लेकिन आज तक जांच प्रतिवेदन नहीं दिया गया है। वहीं यह प्रश्न विधान सभा में दिए एक महीना हो गया है, उन्होंने पूछा कि पदाधिकारी संवेदक को संरक्षण क्यों दे रहे हैं। संवेदक को अब तक काली सूची में कयों नहीं डाला गया है। इस पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि सरकार संवेदक को बचाने का प्रयास नहीं कर रही है, चलते सत्र में वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया जायेगा। उन्होंने कहा है कि जांच का आदेश मुख्यमंत्री ने दिया है। संवेदक को डिबार किया गया है, जांच कमेटी की रिर्पोट आने के बाद कारवाई की जायेगी। इस पर अमित महतो ने कहा कि पदाधिकारी मंत्री को गुमराह कर रहे हैं। वहीं जनार्दन पासवान के कानहाचट्टी प्रखंड मुख्यालय में पेजयलापूर्ति के सवाल पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने कहा कि वन विभाग से एनओसी मिलते ही जलापूर्ति शुरू कर दी जायेगी।

अमित यादव ने कहा कि अदालतों में पांच लाख से अधिक मामले लंबित हैं। 75 हजार मामले चल रहे हैं, इस पर कारवाई करने के लिए जजों की नियुक्ति होनी चाहिए।

#### 2024-25 सत्र से जल संसाधन का बजट 30 करोड़ कम : अमित यादव

झारखंड विस में बुधवार को जलसंसाधन विभाग के बजट पर अमित यादव



ने सदन में कहा कि पिछले साल की तुलना में इस बार जलसंसाधन का बजट 30 करोड़ कम है। जलसंसाधन में नाकामी छिपाने के लिए बजट कम कर दिया गया। सत्ता में आने के बाद जनसुविधाओं से मुंह फेर लेते हैं। पिछले पांच साल में विभाग ने क्या काम किया। जलाशय योजना कई दशकों से चल रही है। बंगाल के बाढ़ के पानी को रोकने के लिए तिलैया और मैथम डैम बना था। आज डीवीसी इससे बिजली उत्पादन कर रही है। इससे राज्य को क्या फायदा हो रहा है। आज डैम से झारखंड को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं हो पाता है। खदानों में स्टोर पानी को किसानों तक पहुंचाने का प्रयास होना चाहिए।

#### प्रेस प्रोटेक्शन एक्ट लागू हो : जयराम महतो

विधायक जयराम महतो ने विधानसभा में पत्रकारों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया।



उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की तर्ज पर झारखंड में प्रेस प्रोटेक्शन एक्ट लागू हो। उन्होंने कहा कि मान्यता प्राप्त पत्रकारों को मजीठिया आयोग का लाभ दिया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी मांग की कि पत्रकारों को राज्य के टोल प्लाजा में टोल फ्री किया जाए।

### संतोष अग्रवाल वर्षों से प्लास्टिक के खिलाफ चला रहे हैं मुहिम

# लोगों को जागरुक करने के लिए लगाते हैं बैनर-पोस्टर




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** वरिष्ठ नागरिक संतोष अग्रवाल जो मोरहाबादी में रहते हैं। उन्होंने प्लास्टिक के खिलाफ मुहिम छेड़ रखी है। प्लास्टिक का प्रयोग ना हो इसके लिए वे वर्षों से प्रयास करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अप्रैल 2024 में मैंने कुछ बैनर बनवाए जो मोरहाबादी हाट, कांके रोड एवं किशोरगंज चौक पर लगवाया, ऑटो पर लगवा कर शहर में अनाउंसमेंट करवाते हुए इसके लिए प्रयास किया। किसी के हाथ में प्लास्टिक थैली में कोई सामान देख हाथ जोड़कर अनुरोध करने लगा कि भावी पीढ़ी के लिए इसका प्रयोग बंद करें और दूसरों को भी रोकें। गलती स्वीकार करते हुए करीब यही जवाब मिलता कि आज झोला लाना भूल गए, आगे से ऐसा नहीं होगा। फिर कई बार उनमें से कुछ लोग मिले और बोले की देखिए आज मैं झोला लेकर आया हूं। वहीं सब्जी वालों से बात करते रहा, उनको डराते भी रहा कि उनकी शिकायत कर दूंगा। करीब 2000 डिस्पोजेबल थैली मैंने पिछले साल बांटी जिनके हाथ में प्लास्टिक था। सब्जी वालों के बीच भी और उनको अनुरोध किया कि वे इसी तरह के पैकेट रखें और किसी के पास झोला नहीं हो तो इसी में दें, लेकिन कुछ महंगा होने के कारण वे इसका प्रयोग नहीं करते, दूसरी बात उनको सप्लाई करने वाले लोग प्रतिबंधित प्लास्टिक थैली ही उनको देकर आते हैं। आज भी मैंने कुछ लोगों से हाट में बात की। सब्जी बेचने वाले या खरीदने वाले उनका एक ही कहना है कि इसका सही समाधान तभी होगा जब सरकार के द्वारा इस प्लास्टिक बनने पर रोक लगाई जाए। यही बात गुटखा पर लागू होती है। जब तक बनेगा तब तक सरकार कितना ही कानून बना ले, यह रुक नहीं पाएगा। इन विषयों पर तो केंद्र सरकार को नीति बननी चाहिए।

## सांसद सीपी चौधरी की डिस्चार्ज याचिका पर आंशिक सुनवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** ओबीसी आरक्षण सहित अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के मामले में नामजद सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका पर बुधवार को एमपी/एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले में अभियोजन पक्ष को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। इसके लिए अदालत ने 4 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। सीपी चौधरी ने मामले में अपने-आप को निर्दोष बताते हुए मंगलवार को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। वहीं, इसी मामले में आरोपी सुदेश महतो की डिस्चार्ज याचिका एक मार्च को अदालत ने खारिज कर दी थी। इसी मामले में आरोपी तत्कालीन विधायक लंबोदर महतो को हाईकोर्ट से राहत मिल चुकी है। घटना को लेकर ओरमांझी के तत्कालीन सीओ विजय केरकेट्टा ने लालपुर थाना में 8 सितंबर 2021 को कांड संख्या 201/2021 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री आवास घेराव को लेकर आजसू कार्यकर्ता मोरहाबादी मैदान में एकत्रित हुए। इसका नेतृत्व सुदेश महतो, चंद्र प्रकाश चौधरी, लंबोदर महतो, रामचंद्र सहिस समेत अन्य कर रहे थे। इनलोगों पर जानबूझ कर प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के साथ धक्का-मुक्की, सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप है।

### एनसीसी के दीक्षांत परेड में शामिल हुए रक्षा राज्यमंत्री, कहा

## यह भविष्य के भारत की बेहतरीन तस्वीर है

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** ओटीए, ग्वालियर में आयोजित एनसीसी के ऐतिहासिक दीक्षांत परेड में देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हुए। इस दीक्षांत समारोह में कुल 122 महिला कैडेट्स को एएनओ रैंक प्रदान किया गया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल गुरवीर पाल सिंह, डीजी एनसीसी ब्रिगेडियर जितेंद्र शर्मा कमांडेड एनसीसी गुवाहाटी, विशेष रूप से उपस्थित रहे। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री सेठ ने सभी महिला कैडेट्स को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सभी कैडेट्स को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के समक्ष अपने



कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा इस समारोह में शामिल होना मेरे लिए भी गौरव की बात है। पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और प्रेरणा का परिणाम है कि आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। यह भविष्य के भारत की बेहतरीन तस्वीर है। इनसे विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूर्ण करने में योगदान का आह्वान किया। कनिष्ठ स्कंध में एनसीसी महानिदेशक का प्ले ऑफ ऑनर राजस्थान निदेशालय की केयरटेकर ऑफिसर पूजा को दिया गया। एएनओ का सर्विसेज पुरस्कार सुनीता हुड्डा को दिया गया। नेतृत्व विशेषता एवं प्रेरणा प्रदर्शन के लिए अंजलि तोमर को पुरस्कृत किया गया। परेड को कमान करने के लिए कमांडेंट का स्वर्ण पदक बियागथीआजम को दिया गया। चैंपियनशिप बैनर अहिल्याबाई कंपनी के प्रवीण को दिया गया।

# छात्र गणितीय चिंतन को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं : रामाशीष



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'डेटा विज्ञान के युग में गणित और सांख्यिकी' के दूसरे दिन, कई प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने अपने शोध और विचार प्रस्तुत किए। सम्मेलन का दिन प्रो. केसी. मिश्रा के व्याख्यान से शुरू हुआ। इसके बाद, प्रो. आरके उपाध्याय और प्रो. परमील कुमार ने अपने-अपने व्याख्यान दिए। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जेपी त्रिपाठी कोविड 19 को गणित मॉडलिंग के रुप मे समझया और गणित के क्षेत्र मे अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त प्रो.श्रीहरिराव ने गणित को जीवन के साथ कैसा संबंध है इसको विस्तार पूर्वक समझाया। तकनीकी सत्रों के साथ-साथ, डॉ. एमके गुप्ता और प्रो. पीके स्वाइन (उत्कल विश्वविद्यालय) ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए। इस दौरान रामाशीष (प्रज्ञा प्रवाह) ने एक विशेष संबोधन दिया, जिसमें उन्होंने गणित और सांख्यिकी के प्रति जागरूकता बढ़ाने, भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक डेटा विज्ञान के बीच संबंधों को उजागर किया। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे गणितीय चिंतन को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं और अनुसंधान के क्षेत्र में नवाचार करें। प्रो. ए. गंगोपाध्याय और प्रो. एस. गंगोपाध्याय ने गणित और सांख्यिकी के क्षेत्र में नवीनतम शोधों पर चर्चा की। इसके बाद, प्रो. सचिन शॉ ने अपने विचार प्रस्तुत किए। शाम को विश्वविद्यालय के मुख्य सभागार में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और अतिथियों ने भाग लिया। सम्मेलन का समापन 20 मार्च को होगा, जिसमें और भी प्रमुख वक्ता अपने विचार साझा करेंगे।

## मत्स्य प्रशिक्षण पर सेमिनार



**रांची।** जिला उद्यान कार्यालय द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना अंतर्गत मत्स्य प्रशिक्षण केंद्र शालीमार, धुर्वा में एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य सह कृषि ,पशुपालन एवं सहकारिता विभाग स्थायी समिति अध्यक्ष रहे। साथ ही जिला कृषि पदाधिकारी रामशंकर सिंह, जिला उद्यान पदाधिकारी महेश राम, बैज्ञानिक बीएयू डॉ अरुण कुमार तिवारी, वैज्ञानिक डॉ रविन्द्र कुमार सिंह, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी, मत्स्य प्रशिक्षण केन्द्र के विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार, उद्यान मित्र एवं जिले के प्रगतिशील महिला एवं पुरूष कृषको ने भाग लिया। डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के अशोक कुमार सिन्हा भी मंच पर उपस्थित थे।

## यूपीएससी भर्ती परीक्षा 23 को, परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा

**रांची ।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), नई दिल्ली द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षा 2025 का आयोजन 23 मार्च को राजकीय बालिका +2 उच्च विद्यालय, बरियातु में किया जाएगा. परीक्षा दो पालियों में संपन्न होगी. प्रथम पालीः प्रातः 09:30 से 11:30 बजे तक और द्वितीय पालीः अपराह्न 02:00 से 04:00 बजे तक होगी. परीक्षा के दौरान कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची द्वारा पुलिस बल एवं दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा केंद्र के आसपास भीड़भाड़ और अव्यवस्था को रोकने के लिए अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, रांची द्वारा धारा-163 के तहत परीक्षा केंद्र के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू की गई है. यह 23 मार्च को सुबह 06:30 बजे से शाम 07:00 बजे तक प्रभावी रहेगी।

## रिम्स छोड़ दे और प्राइवेट प्रैक्टिस पर ही पूर्ण रूप से ध्यान दें: रिम्स निदेशक




**रांची।** रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार ने मेडिसिन वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण में वार्ड की साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई, जो बेड गंदे थे उनके लिए निदेशक ने प्रभारी को जल्द से जल्द साफ कराने के निर्देश दिऐ इसके पश्चात उन्होंने न्यूरोसर्जरी में मरीजों को परामर्श दिया। करीब 12:15 बजे न्यूरोसर्जरी से वापस जाते समय निदेशक ने देखा न्यूरोलॉजी के बाहर भीड़ लगी थी और दोनों कमरे बंद थे न्यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र को फोन करने पर वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए भीड़ को देखते हुए निदेशक डॉ राजकुमार ने खुद न्यूरोलॉजी में कुछ मरीजों को परामर्श दिया। सस्पेक्टेड ऑटोइम्यून इन्सेफेलाइटिस के मामले में शिशु रोग विभाग के चिकित्सक न्यूरोलॉजी परामर्श के लिए आए थे इसके अलावा डॉ राजकुमार ने न्यूरोलॉजी में और मरीजो को परामर्श दिया इस बीच डॉ सुरेंद्र और संकायध्यक्ष डॉ शशि बाला सिंह ओपीडी पहुंचे साथ ही ओपीडी में पदस्थापित जूनियर रेजिडेंट भी पहुंची। अनुपस्थिति का कारण पूछने पर उन्होनें बताया कि वह मेडिसिन वार्ड में राउंड ले रहीं थी निदेशक ने संकायध्यक्ष को निर्देश दिए कि जूनियर रेजिडेंट किसके निदेर्शानुसार और कहाँ राउंड ले रही थी इसकी जांच करते हुए रिपोर्ट समर्पित करें ।इसके अलावा उन्होंने न्यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र कुमार को हिदायत दिया और कहा कि बार बार शिकायत और हिदायत के बावजूद यदि उनके कार्यशैली में सुधार नहीं हो रहा है तो वह रिम्स छोड़ दे और प्राइवेट प्रैक्टिस पर ही पूर्ण रूप से ध्यान दें।

## अनमोल लाल पर कार्रवाई को लेकर वीसी का किया घेराव

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के तहत विश्वविद्यालय के शिक्षकेतर कर्मियों ने बुधवार को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के उपनिदेशक पद पर रहे रांची विश्वविद्यालय के गणित विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ अनमोल लाल पर कार्रवाई की मांग को लेकिर कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा का घेराव किया। कर्मचारी महासंघ के महामंत्री अर्जुन राम ने कहा कि राजभवन की ओर से बीते मार्च को ही उच्च शिक्षा सचिव को पत्र लिखकर डॉ अनमोल कुमार लाल के अवधि विस्तार को रद्द करते हुए, तत्काल प्रभाव से विश्वविद्यालय में योगदान का आदेश दिया था। लेकिन, अब तक उच्च शिक्षा विभाग ने उन्हें विरमित नहीं किया है और काम लिया जा रहा है। कर्मचारियों ने कहा कि ऐसा लगता है उच्च शिक्षा सचिव और उच्च शिक्षा निदेशक को विश्वविद्यालय के नियम और परिनियम का ज्ञान ही नहीं है। सभी कर्मचारियों ने कुलपति से डॉ अनमोल कुमार लाल के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करने की मांग की। झारखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष नवीन चंचल ने आरोप लगाया कि विभागीय मंत्री को धोखे में रखकर उच्च शिक्षा निदेशक ने डॉ अनमोल को गलत तरीके से सेवा विस्तार दिया था। उच्च शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव का ही पत्र है, जिसमें कहा गया है कि प्रतिनियुक्त उप निदेशक का कार्यकाल किसी भी हाल में तीन वर्ष से ज्यादा का नहीं होगा।

जिला प्रशासन ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग की बैठक

# मतदाता सूची से नाम विलोपित करने में सर्तकता बरतें : उपायुक्त

- 302 चुनावी प्रक्रियाओं को मजबूत करने पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में बुधवार को को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला के सभी सात विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी एवं मान्यता प्राप्त विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधानसभावार मतदाताओं की संख्या, हाई राइज बिल्डिंग/अपार्टमेंट में अवस्थित मतदान केन्द्र, एढकउ वितरण, मतदान केन्द्रों के रैशनालाइजेशन, नये मतदाताओं की अहर्त्ता तिथि, फॉर्म 6,7 एवं 8 आदि से संबंधित जानकारी प्रदान की गई।

बैठक में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गयी कि रांची जिला में कुल मतदाताओं की संख्या 26 लाख 22 हजा 429 है, इनमें महिला मतदाता 13 लाख 21 हजार 673 एवं पुरुष मतदाता 13 लाख 687 हैं, जबकि थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 69 है। जिला के सभी सात विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केन्द्रों की संख्या 2777 है। सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बैठक के दौरान फॉर्म- 6, 7 एवं 8 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। सभी को अलग-अलग प्रपत्रों के लिए आवश्यक दस्तावेज की जानकारी प्रदान की गयी। उन्हें बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नए मतदाताओं के लिए वर्ष में चार अहर्त्ता तिथि निर्धारित की गई है, जो 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई और 01 अक्टूबर है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को ज्यादा से ज्यादा योग्य नागरिकों को अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए जागरुक करने को कहा गया। उन्होंने सभी निर्वाची पदाधिकारियों को कहा कि मतदाता सूची से नाम विलोपित करने में सर्तकता बरतें और इसकी उचित मॉनिटरिंग करें।

## राशन कार्डधारी अपना ई-केवाईसी अवश्य कराएं : डीसी

**रांची।** राज्य समेत रांची जिला में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित पीला एवं गुलाबी राशन कार्डधारियों का ई-केवाईसी किया जा रहा है। विभाग द्वारा ई-केवाईसी की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित की गई है। कार्डधारियों का शत प्रतिशत ई-केवाईसी ससमय पूर्ण कराने के लिए अब ई-केवाईसी सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। रांची जिला में 21 से 27 मार्च तक ई-केवाईसी सप्ताह का आयोजन किया जाना है।

**जनवितरण प्रणाली दुकानदार घर आकर करेंगे ई-केवाईसी**

ई-केवाईसी सप्ताह के दौरान (21-27 मार्च 2025 तक) जनवितरण प्रणाली दुकानदार कार्डधारी के निवास स्थान जाकर ई-केवाईसी का कार्य संपन्न करेंगे। इस संबंध में सभी पणन पदाधिकारी/ प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को अपने क्षेत्र अंतर्गत राशन कार्डधारियों की सूची संबंधित जनवितरण प्रणाली दुकानदार को 20 मार्च 2025 तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। ई-केवाईसी के दौरान पीडीएस दुकानदार कार्डधारी का मोबाइल नंबर वेरीफाई या नहीं होने पर अंकित भी करेंगे। पीडीएस दुकानदार द्वारा आधार सीड नहीं होने पर सीडिंग का कार्य भी संपन्न कराया जायेगा। प्रत्येक दिन ई-केवाईसी से संबंधित सूची पीडीएस डीलर द्वारा संबंधित पणन पदाधिकारी/प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही उनके द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को विभागीय निर्देश का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निदेश भी दिया गया है।

## सदर अस्पताल में हुई जटिल स्पाईन की सर्जरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सदर अस्पताल में 34 वर्षीय रोगी का जटिल और दुर्लभ स्पाईन सर्जरी कर मरीज को ठीक किया गया। मरीज चुटिया का रहने वाला है। वह पिछले नौ महीने से दोनो पैरो में बहुत अधिक दर्द और झनझनाहट के कारण चलने फिरने में असमर्थ था। अनेकों अस्पतालों में गया परंतु उसका ऑपरेशन नहीं हुआ। प्राइवेट अस्पताल में 04 से 05 लाख का खर्च बताया गया। वह अखबार में खबर पढ़कर सदर अस्तताल आया। उसकी समस्या यह थी कि कमर में रीढ़ की दो भर्टीब्रा के बीच का डिस्क बाहर निकल गया था, थोड़ा सा ही अपनी जगह पर था। ऑपरेशन में पूरा डिस्क निकाल दिया गया और उसकी जगह पर टाईटेनियम का टीएलआईएफ, छह स्क्रू और दो रड स्थाई रूप से फिक्स कर दिया गया। होश में आने के बाद रोगी को काफी फायदा महसूस हुआ। मौके पर ऑपरेशन थिएटर में डॉ अशोक मुंडा के नेतृत्व में न्यूरोसर्जरी की गई एवं डॉ विकास बल्लभ के सहयोग से एनस्थीसिया डॉ वसुधा गुप्ता द्वारा दिया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार भी ऑपरेशन थिएटर में मौजूद थे।

## सुखदेवनगर से ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**रांची।** सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के ग्वालाटोली से ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। 1.99 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पकड़े गए तस्करों अभिषेक सिंह, अभिषेक कुमार चौधरी और जिवा कच्छप के पास से तीन फोन भी जब्त किए गए। पुलिस के अनुसार सुखदेवनगर क्षेत्र में ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री की सूचना पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में टीम गठित कर बुधवार को छापेमारी की गई। पुलिस को देखकर तस्कर भागने लगे तो जवानों ने खदेड़कर तीनों को पकड़ लिया। तलाशी में इनके पास से ब्राउन शुगर मिली। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि सासाराम से ब्राउन शुगर लाकर रांची में बेचते हैं।

श्री राम कथा के तीसरे दिन श्री राम जन्मोत्सव पर कथा का अद्भुत चित्रण

## भगवान श्री राम का जन्म एक युग परिवर्तन का प्रतीक : किशोरी जी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** हुटुप गौशाला धाम में चल रहे नौ दिवसीय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन सुप्रसिद्ध कथा वाचिका संगीता किशोरी ने श्री राम जन्मोत्सव पर अत्यंत मार्मिक एवं सुंदर कथा का चित्रण किया। कथा की शुरूआत में संगीता किशोरी ने श्री राम के जन्म से जुड़ी पवित्रता और महत्व को स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्री राम का जन्म एक युग परिवर्तन का प्रतीक है। रघुकुल नायक श्री राम का जन्म न केवल अयोध्या बल्कि सम्पूर्ण धरती के लिए सुख, शांति और धर्म की स्थापना के लिए हुआ था। उनका जन्म त्रेतायुग में हुआ जब असुरों के अत्याचार और अधर्म ने समाज को तहस-नहस कर दिया था। श्री राम के जन्म ने न केवल धर्म की विजय का मार्ग प्रशस्त किया, बल्कि मानवता के उच्चतम आदर्शों को भी प्रस्तुत किया। कथा के दौरान संगीता किशोरी ने श्री राम के जन्म के साथ जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रसंगों का सुंदर चित्रण किया। उन्होंने माता कौशल्या के गर्भ से श्री राम के जन्म की कथा सुनाते हुए बताया कि भगवान राम का जन्म एक विशेष दिन और समय में हुआ, जो अनन्त ब्रह्मा के विधान के अनुसार था। उनके जन्म के समय आकाश में दिव्य आभा फैल गई थी, और सभी दिशाओं से पुण्य की गंध फैलने लगी थी। संगीता किशोरी ने श्री राम के जन्म की महिमा और उनके जीवन के उद्देश्यों को बताया कि राम का जन्म केवल एक राजकुमार के रूप में नहीं हुआ, बल्कि वे सम्पूर्ण मानवता के लिए आदर्श हैं।

### आज / कल




## फौजी को जेल भेजने वाले पुलिस अधिकारियों पर गिरेगी गाज

### डीजीपी ने दिए जांच के आदेश



**रांची।** जुगसलाई थाने में बागबेड़ा के रहने वाले सैनिक सूरज राय और उनके चचेरे भाई विजय राय के साथ हुई अभद्रता, मारपीट और जेल भेजे जाने के मामले की उच्च स्तरीय जांच होगी। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बुधवार को इस मामले में जांच के आदेश दिए हैं। डीजीपी ने कोल्हान डीआईजी मनोज रतन चौथे को आदेश दिया है कि वह मामले की जांच (अनुसंधान) करें। जांच के दौरान जो भी पुलिसकर्मी इस मामले में दोषी पाए जाते हैं। उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**सैनिक कानून तोड़े तो आर्मी यूनिट को सौंपें**

डीजीपी ने सैनिक को जेल भेजने की घटना पर कहा कि देश का सैनिक जेल जाए यह दुख का विषय है। यह नहीं होना चाहिए। अगर कोई फौजी कानून तोड़ता है तो पुलिस को चाहिए कि नजदीक के आर्मी यूनिट को इसकी सूचना दें और सैनिक को आर्मी यूनिट को सौंप दें। सेना अपने नियमों के अनुसार सैनिक पर कार्रवाई करेगी

## शंकराचार्य की चरण पादुका खड़ाऊ का हुआ पूजन



- मारवाड़ी भवन मे शंकराचार्य जी का नागरिक अभिनंदन, धर्म सभा एवं प्रवचन आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को महाराजा अग्रसेन भवन के सभागार में सुबह 10 बजे द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती महाराज को शंकराचार्य अभिनंदन समारोह समिति के मुख्य संयोजक विनय सरावगी, संयोजक मंडली सदस्यों, धर्मलंबियों द्वारा शंकराचार्य जी को माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। 11 बजे शंकराचार्य महाराज जी के चरण पादुका खड़ाऊ का पूजन मुख्य यजमान मनोज चौधरी सपत्नीक व परिवार द्वारा पूरे विधि- विधान से किया। शंकराचार्य जी ने सभी उपस्थित धर्म प्रेमियों को आशीर्वचन एवं प्रसाद दिया। अपराह्न 4 बजे शंकराचार्य महाराज जी समाजसेवी विनय सरावगी के प्रतिष्ठान मे तथा शाम 6 बजे व्यवसायी कमल सिंघानिया के आवास में पधार कर उपस्थित सभी भक्तों को आशीर्वचन दिया। समिति के मुख्य संयोजक विनय सरावगी एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि गुरुवार को अपराह्न- 3 बजे से शंकराचार्य जी का हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में रांची नगर के प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के द्वारा नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। वहीं शंकराचार्य जी का धर्म सभा एवं प्रवचन का कार्यक्रम होगा। तत्पश्चात सभी धर्म प्रेमियों को शंकराचार्य जी आशीर्वचन देंगे। उन्होंने सभी धर्मलंबियों से धर्म सभा मे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। अग्रसेन भवन के कार्यक्रम में विनय सरावगी, बसंत मित्तल, मनोज बजाज, मनोज चौधरी, प्रमोद सारस्वत, प्रमोद अग्रवाल, पवन पोद्दार, रवि शंकर शर्मा, ललित कुमार पोद्दार, सुरेश चंद्र अग्रवाल, विनोद कुमार जैन, पवन शर्मा, संजय सर्राफ, डूंगर मल अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, रमेश शर्मा, प्रेम साहू, सौरभ सरावगी, ललित नारायण ओझा, संजय जयसवाल, नंदकिशोर चंदेल, अशोक पुरोहित सहित बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी उपस्थित थे।



## एक नजर

### हिंदपीढ़ी और रानी बागान में विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**रांची।** राजधानी रांची के हिंदपीढ़ी और रानी बागान के कुछ इलाकों में गुरुवार को दो से पांच घंटों तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी बिजली विभाग ने बुधवार को दी है। विभाग के अनुसार 11 केवी एक्सचेंज फीडर में पेड़ की डालियों की छंटाई किया जाना है। इसलिए हिंदपीढ़ी क्षेत्र के नदी ग्राउंड, बच्चा कब्रिस्तान और मक्का मस्जिद इलाकों में बिजली आपूर्ति सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक बाधित रहेगी। विभाग ने इन संबंधित क्षेत्रों के लोगों से बिजली से जुड़े जरूरी काम समय से पूर्व कर लेने का आग्रह किया है। इसके अलावा 11 केवी आरके मिशन फीडर को भी सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक बंद रखा गया है। विभाग ने जानकारी दी है कि इस फीडर के क्षेत्र में केबल लगाने का कार्य किया जाएगा।

### कांग्रेस ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली से की पदयात्रा की शुरूआत

**खूंटी।** पहाड़, पानी, पौधा, पंचायतीराज और पेशा कानून को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं ने बुधवार को भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू से पदयात्रा की शुरूआत की। पदयात्रा के पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण किया। कांग्रेस नेताओं ने बिरसा मुंडा के वंशजों से मुलाकात कर स्वराज पदयात्रा की शुरूआत की। पदयात्रा में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, ,पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, रविंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह, शांतनु मिश्रा, पंचायती राज संगठन के संयोजक सुमित शर्मा, कांग्रेस के खूंटी जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी सहित अन्य शामिल थे।

### खूंटी से 72.45 लाख रुपए का अवैध डोडा जब्त, दो गिरफ्तार

**खूंटी।** अवैध अफीम की खेती और अफीम और डोडा के अवैध कारोबार के खिलाफ खूंटी पुलिस की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मुरहू थानांतर्गत ग्राम हेठगोवा में हॉकी मैदान के पास जंगल झाड़ी से पुलिस ने मंगलवार की रात छापेमारी अभियान चलाकर डोडा की पिसाई कर रहे दो आरोपितों को धर दबोचा। मौके पर पुलिस ने 483.6 किलोग्राम अवैध डोडा, डोडा की पिसाई करने वाली एक मशीन, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू, 22 हजार रुपये नकद और दो मोबाइल फोन बरामद किये गये। जब्त किए गए डोडा का एनसीबी की ओर से अनुमानित मूल्य 72 लाख 45 हजार 90 रुपये बताया गया। मौके पर पकड़े गए आरोपितों में हेठगोवा गांव के विपिन मुंडा और रवि मुंडा दोनों सगे भाई हैं, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ वरूण रजक ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में दी।

लापुंग के सरसा जंगल में शरारती तत्वों ने लगाई आग

# प्रकृति ही हमारी मां इसे न जलाएं : दशरथ तिर्की



पूनम टोप्पो ने कहा -वन विभाग जंगल में इस तरह की घटना को रोकने का सशक्त कदम उठाए

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड के समाजसेवी दशरथ तिर्की और देवगांव पंचायत की पंचायत समिति सदस्य पूनम टोप्पो के प्रयासों से सरसा जंगल में लगी दावानल को काफी परिश्रम कर बुझाया। आग बुझाने में राजेन्द्र सिंह, बुधराम उरांव, आंगनबाड़ी सेविका मरियम देवी, घघारी बाबा धाम प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार महतो सहित अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लापुंग थाना क्षेत्र के हुटार से सटे सरसा जंगल में शरारती तत्वों ने आग लगा दी थी। पंचायत सचिवालय से लौटते समय पंचायत समिति सदस्य पूनम टोप्पो की नजर जंगल में लगी आग पर पड़ी। उन्होंने दशरथ तिर्की से कहकर सभी लोगों को रोका और आग बुझाने के मिशन में जुट गई। समाजसेवी दशरथ तिर्की और पूनम टोप्पो ने इस संदर्भ में तुरंत वन विभाग को खबर किया। समाचार लिखे जाने तक वन प्रबंधन समिति के सदस्य मौके पर नहीं पहुंच पाए थे। देर शाम तक आग बुझाने का प्रयास चलता रहा। इस संदर्भ में समाजसेवी दशरथ तिर्की ने कहा कि प्रकृति ही हमारी मां है इसे न जलाएं। अभी प्रकृति पर्व सरहुल सिर पर है। प्रकृति ने जंगल को सरई फूलों और हरी भरी साल की पत्तियों से लाद दिया था। आसपास के इलाकों में झारखंड का राजकीय फूल फलाश भी खिले हुए थे। चारों ओर अद्भुत नजारा था। लेकिन शरारती तत्वों ने प्रकृति पर्व सरहुल की भी नहीं सोची और जंगल में आग लगा दिया। जंगल में चारों ओर बिखरे सखुआ के सुखे पत्ते में लगी आग से जंगल में फल फूल रहे छोटे छोटे जीव जंतु कीड़े मकोड़े जिंदा जल गए। पंचायत समिति सदस्य पूनम टोप्पो ने कहा कि जंगल को बचाने के बजाय जलाया जा रहा है इससे हमारी प्रकृति नष्ट हो रही है और इसका खामियाजा हम सभी को भुगतना पड़ेगा। ऐसे कुकृत्य पर तुरंत रोक लगाए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वन प्रबंधन समिति को सशक्त और मजबूत बनाने की जरूरत है ताकि इस तरह की घटना न हो। एक समय था जब जंगल के किनारे सखुआ के पेड़ों में राखी बांधी गई थी और जंगल को बचाने का संकल्प लिया गया था। लेकिन सारी योजनाएं धरी की धरी रह गई और अब जंगल खत्म होने के कगार पर हैं।

### हाथियों ने तोड़ा घर बच्चे की मौत

**खूंटी।** जियागढ़ थाना क्षेत्र के बड़का रेगरे बगीचा टोली निवासी विष्णु कुमार सिंह के मकान को जंगली हाथियों ने मंगलवार की रात को तोड़ दिया। मकान के मलवे में दब कर विष्णु सिंह ने नौ दिन के बच्चे करण सिंह की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात को जंगली हाथियों का झुंड बड़ा रेगरे गांव में घुसा और विष्णु के मकान को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। जरियागढ़ थाना पुलिस को बुधवार को घटना की जानकारी मिली तो पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही तोरपा के झामुमो विधायक सुदीप गुड़िया बुधवार को ड़का रेगरे पहुंचे और परिवार के लोगों का हौसला बंधाया। विधायक ने कहा कि यह बहुत बड़ी घटना है, इसकी पूर्ति तो नहीं की जा सकती, लेकिन दुःख की इस घड़ी में वे परिवार के साथ हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता दी जाएगी।

## न्यूज | बॉक्स

### करकट्टा देवी मंडप के आजीवन अध्यक्ष रहेंगे गणेश पाहन



**खलारी।** करकट्टा देवी मंडप के प्रांगण में आगामी चैती नवरात्र उत्सव को लेकर बैठक किया गया। अध्यक्षता ग्राम प्रधान गणेश पाहन ने की। बैठक में विभिन्न गांवों से ग्रामीण की उपस्थिति थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि गणेश पाहन इस देवी मंडप के आजीवन अध्यक्ष रहेंगे तथा कोषाध्यक्ष किशुन मुंडा रहेंगे। सह कोषाध्यक्ष प्रमोदकुमार सिंह व उपाध्यक्ष पंकज मुंडा रहेंगे तथा उपस्थित सभी लोग कार्यकारणी सदस्य रहेंगे। तय हुआ कि इस वर्ष भी वासंतिक नवरात्रि धूमधाम से मनाया जाएगा। बैठक में गणेश पाहन, किशुन मुंडा, राकेश सिंह, अवध गुप्ता, अनिल पासवान, दिलीप पासवान, पप्पू सिंह, पंकज मुंडा, अनिल गुप्ता, रंजीत सिंह, अशोक राम, अमर साव, कुलेश्वर मुंडा, शत्रुध्न मुंडा, अनिल साव, कमलदेवप्रसाद सिन्हा, बालेश्वर गंझू, प्रेमकुमार गुप्ता, चितरंजन सिंह, ममता देवी, आशा देवी, मंजीता देवी, सुनीता देवी, पूनम देवी, उमा देवी, पूजा देवी, सरोजिनी देवी, संजीता देवी, नेहा कुमारी, शंभु दास आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### मंईयां सम्मान योजना फार्म के सत्यापन में आ रही चुनौतियों पर चर्चा



**खलारी।** खलारी प्रखंड कार्यालय सभागार में आंगनबाड़ी सेविकाओं की बैठक की गई। अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार ने की। बैठक में मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना से संबंधित फार्म के सत्यापन कार्य के प्रगति को लेकर चर्चा किया गया। क्षेत्र में इस कार्य के दौरान आ रही चुनौतियों पर विचार विमर्श किया गया। आंगनबाड़ी सेविकाओं ने सत्यापन के दौरान आ रही चुनौतियों पर अपने अपने अनुभव साझा किए। वहीं बीडीओ ने आंगनबाड़ी सेविकाओं से सत्यापन कार्य में तेजी लाने का आग्रह किया गया। सत्यापन के दौरान जो महिलाएं फर्जी तरीके से लाभ लेती पाई जाएंगी उन महिलाओं का नाम मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना पोर्टल से डिलीट कर दिया जाएगा। मालूम हो कि अन्य सामाजिक पेंशन योजनाओं का लाभ ले रही महिलाओं ने भी गलत शपथ पत्र देकर मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना का लाभ भी ले रही हैं। सत्यापन के दौरान फर्जी तरीके से मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना का लाभ लेने वाली महिलाओं को चिन्हित किया जाएगा।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर में के कार्यों की हुई समीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

रांची जिले के मांडर प्रखंड के करकरा एवं महुआजाड़ी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बुधवार को नेशनल क्वालिटी इक्रेडिशन स्टैंडर्ड के तहत एनएचएसआरसी दिल्ली द्वारा असेसमेंट किया गया। इस असेसमेंट में गर्भवती माता एवं प्रसव के दौरान देखभाल , नवजात शिशु की देखभाल, बच्चों एवं किशोर किशोरियों की देखभाल, परिवार नियोजन, साधारण बीमारियों की देखभाल, संचारी एवं गैर संचारी रोगों की देखभाल को सुनिश्चित करना है। इस असेसमेंट में कर्करा आयुष्मान आरोग्य मंदिर को 85% अंक मिले जबकि महुआ झरे आयुष्मान आरोग्य मंदिर को 91% अंक मिले मार्च महीने में मांडर प्रखंड के सुरसा , हेस्मी, करगे, चरकी तथा झिंझरी पांच आयुष्मान आरोग्य मंदिर का असेसमेंट किया जाना है।

# चलती ट्रैक्टर से ड्राइवर गिरा मौके पर ही हुई मौत



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी** बिरनी थाना के माखमार्गोपंचायत भवन के पास बुधवार को ट्रक्टर चला कर जा रहे ड्राइवर की गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि चलते गाड़ी से ड्राइवर कैसे गिर गया यह अपने आप में सवाल बना हुआ है। ट्रक्टर ड्राइवर की पहचान सरिया प्रखण्ड के नवाडीह निवासी एतवारी साव(55) के रूप में हुई। स्थानीय लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि यह ड्राइवर प्रत्येक दिन सरिया से ट्रक्टर में सीमेंट लोड कर पलौंजिया की ओर जाता है । आज भी वह सीमेंट अनलोड कर वापस आ रहा था तभी माखमार्गो पंचायत भवन से थोड़ा पहले ड्राइवर अचानक ट्रक्टर से गिर गया और ट्रक्टर चलता रहा गया। ट्रक्टर पंचायत भवन के दीवार से टकराकर बन्द हो गया। स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और उसे उठाया परन्तु मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना बिरनी थाना को दिया गया। सूचना पर बिरनी थाना प्रभारी आकाश भारद्वाज मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बाद में ट्रक्टर एवं शव को पुलिस ने अपने साथ थाना ले गए। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दिया है।।समाचार लिखें जब तक परिजन थाना पहुंच रहे थे।

लापुंग प्रखंड के सेमला डांड़ टोली में निकली सरहुल की भव्य शोभायात्रा

# सरहुल हमें प्रकृति की रक्षा की प्रेरणा देता है : बिरसमणी देवी

*चार गांवों के ग्रामीणों ने सरहुल के दौरान सामूहिक धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लिया*



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड के ककरिया और डाडी.पंचायत अन्तर्गत सेमला और कोंयसारा गांव सहित सेमला कुसुम टोली, सेमला डांड़ टोली गांवों के आदिवासियों एवं मूलवासी सदानों ने भव्य सरहुल शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा के दौरान मुखिया बिरसमणी देवी के नेतृत्व में पाहन वीर मुंडा, पुजार बिरसा उरांव सहित महतो जंगु उरांव, समीर खलखो, साहेबा उरांव लिटुआ उरांव एवं सोमेश्वर उरांव ने जुलूस की अगुवाई की। पाहन, पुजार, महतो, पईनभरा, भंडारी सहित अन्य पारंपारिक समाज के अगुवाओं के नेतृत्व में शोभा यात्रा के दौरान सूप में सरई फूल लेकर फूलखोंशी की परंपरा को निभाई। शोभा यात्रा अलग-अलग कोंयसारा, सेमला कुसुम टोली, सेमला खास तथा सेमला डांड़ टोली से ढोल नगाड़ा एवं मांदर की थाप के साथ साथ डीजे साउण्ड सिस्टम के साथ निकाली गई। शोभायात्रा सेमला डांड़ टोली पहुंची जहां मुखिया बिरसमणी देवी ने सभी मेहमानों का स्वागत किया। गांव के लोगों ने शरबत चना गुड़ का वितरण किया। शोभायात्रा के दौरान झूमते नाचते गाते आदिवासी युवक युवतियां थिरक रहे थे। इस मौके पर सरना स्थल पहुंचकर शोभा यात्रा प्रार्थना सभा में बदल गई। यहां लोगों ने मां सरना का विधिवत अराधना किया और प्रार्थना में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान बिरसमणी देवी ने कहा कि सरहुल आदिवासियों की अति प्राचीन एवं सबसे महत्वपूर्ण पर्वो में से एक है। सरहुल हमें प्रकृति की रक्षा की जरूरतों की प्रेरणा देता है। जब तक प्रकृति सुरक्षित है तब तक हम भी सुरक्षित हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सोमेश्वर उरांव, जंगु उरांव, ऐंची उराईन, अनिशा कच्छप सहित सेमला,कोंयसारा, कुसुमटोली और डाड़टोली के सैकड़ों लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उप विकास आयुक्त ने की विकास योजनाओं की समीक्षा-कहा

# वित्तीय सेवाओं को करें सुदृढ़



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** समाहरणालय के कार्यालय कक्ष में बुधवार को उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति (डीएलआरसी) और जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (ढीएलसीसी) की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के सभी बैंकों के प्रबंधक और प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में जिले में चल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और बैंकों के कार्यों का मूल्यांकन किया गया। इस दौरान दिसंबर 2024 की तिमाही में केसीसी योजना, पीएमईजीपी की उपलब्धि, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, सिडी रेशियो, एनपीए, स्वयं सहायता समूहों को सहायता सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं किसान क्रेडिट कार्ड, महिला स्वयं सहायता समूह की क्रेडिट लिंकेज, पीएमईजीपी की उपलब्धि, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना आदि की गहन समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने बैंकों को समयबद्ध तरीके से लक्ष्य पूरे करने और जिले में वित्तीय सेवाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से मत्स्य, केसीसी, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, कृषि ऋण जैसी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया। आरसेटी के तहत बाइक रिपेरिंग, स्वीट कॉर्न पैकेजिंग समेत अन्य नए-नए विषयों पर प्रशिक्षण देने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में राजीव रंजन जीएम डीआइसी, डीडीएम नाबार्ड, अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी अन्य संबंधित पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# सभी कार्डधारी अपना ई-केवाईसी 31 मार्च से पूर्व जरूर करा लें: एसडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** उपायुक्त के निर्देश पर समाहरणालय के सभा कक्ष में बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राशन आपूर्ति, ग्रीन कार्ड, आधार सीडिंग, धान अधिप्राप्ति, लैम्प्स पैक्स सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित किया जाए तथा खरीदे गए धान का समय पर उठाव सुनिश्चित किया जाए। माइग्रेंट लेबर की वेरिफिकेशन की समीक्षा पर भी चर्चा की गई। एनएफएसए और जेएसएफएसएस योजना के तहत विभिन्न श्रेणी के राशन कार्डधारियों को दिए जा रहे राशन की समीक्षा करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी पीडीएस डीलरों का नियमित निरीक्षण किया जाए, ताकि पात्र लाभुकों को समय पर और निर्धारित मात्रा में राशन प्राप्त हो सके। उन्होंने निर्देश दिया कि नमक, चीनी, चना दाल वितरण तथा धोती, साड़ी एवं लुंगी वितरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। जेएसएफएसएस योजना के तहत ग्रीन कार्ड की समीक्षा के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी योग्य लाभुकों का चयन कर उन्हें नया राशन कार्ड जारी किया जाए तथा ग्रीन कार्ड की रिक्तियों को शत-प्रतिशत भरें।

कोडरमा के अलग- अलग इलाकों में घुसा 25-30 हथियों का झुंड

# ग्रामीणों में दहशत का माहौल



**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा** जयनगर थाना क्षेत्र के अलग अलग इलाकों में 25 से 30 जंगली हाथियों का झुंड प्रवेश कर गया। वहीं खेतों में लगी गेहूं, प्याज की फसल को रौंदते हुए उत्पात मचाना शुरू कर दिया है। सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी जयनगर के केंदुयाटांड से हाथियों का झुंड को बराकर नदी के पार खदेड़ दिया, लेकिन वन विभाग के कर्मचारी हाथियों को बाहर कर जैसे ही वापस लौटे उसके कुछ घंटों बाद हाथियों का झुंड फिर वापस लौट आया। वहीं जयनगर के रूपायडीह, मतौनी, नईटांड़ और नावाडीह में उत्पात मचाना शुरू कर दिया। झुंड में हाथियों की संख्या ज्यादा होने से लोग दहशत में हैं। वन विभाग के द्वारा हाथियों को इलाके से बाहर खदेड़ने के लिए एक्सपर्ट बुलाने की तैयारी की जा रही है ताकि रात में हाथियों को ग्रामीण क्षेत्र से बाहर जंगल की और खदेड़ा जा सके। बता दें कि इससे पूर्व भी हाथियों के झुंड ने 2020 में मरकच्चो के बेरहवा जंगल में काफी उत्पात मचाया था। उस समय हाथियों के झुंड ने मरकच्चो के भगवतीडीह, कुम्हारटोली व नादकरी गांव में जमकर उत्पात मचाया था और लोगों के खेतों में लगे फसलों को नष्ट किया था। अभी एक हफ्ते पहले भी मरकच्चो प्रखंड के कई गांवों में हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाया हैं।

# नेशनल रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप आज से



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** नेशनल रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप 2024-25 का आयोजन 20 से 23 मार्च 2025 तक सरला बिरला विश्वविद्यालय में किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर से 316 खिलाड़ी रैपिड और 292 खिलाड़ी ब्लिट्ज फॉर्मेट में हिस्सा लेंगे, जिसमें 50 इंटरनेशनल मास्टर और ग्रैंड मास्टर भी शामिल हैं। 6.5 लाख रुपये की इनामी राशि वाली इस प्रतियोगिता से 4 शीर्ष खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जो आगामी एशियन चेस प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस बार प्रतियोगिता के टॉप 10 खिलाड़ियों के मुकाबले लाइव स्ट्रीम किए जाएंगे। प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर आज एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन से जुड़े सभी प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती ऋचा संचिता, संयोजक मनीष कुमार, आयोजन सचिव नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार और सह-सचिव प्रभात रंजन ने तैयारियों की समीक्षा की। इस बैठक में मुख्य निर्णायकों की टीम भी उपस्थित रही, जिसमें शामिल हैं: अंतरराष्ट्रीय निर्णायक श्रीवत्सन आर, दीपक कुमार, विजयराघवन, अनुपम भट्टाचार्य, पोर्निमा उपलाविकर और फिडे निर्णायक रॉकी देवांगन। इस दौरान मानसी, मृदुल और गौरव भी शामिल रहे।

### सामूहिक दुष्कर्म मामले का खुलासा करने वाले पुलिस को मिला प्रशस्ति पत्र

**खूंटी।** रनिया थाना क्षेत्र में पांच नाबालिग लड़कियों के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना का त्वरित उदभेदन कर इसमें शामिल सभी आरोपितों को 12 घंटे के अंदर निरुद्ध करने में शामिल पुलिस पदाधिकारियों को एसपी अमन कुमार ने बुधवार को प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। प्रशास्ति पत्र पानेवालों में तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एएसपी क्रिस्तोफर केरकेट्टा, तोरपा सर्किल के पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, रनिया के थाना प्रभारी विकास कुमार जयसवाल, सब इंस्पेक्टर अमरजीत सिंकू और टीनू कुमार शामिल है। इसके अलावा महिला सब इंस्पेक्टर निशा कुमारी व फूलमनी टोप्पो को भी एसपी द्वारा रिवार्ड दिया गया। रनिया थाना क्षेत्र में 21 फरवरी की रात को पांच नाबालिग लड़कियों के साथ घटना घटी थी। तीन नाबालिग लड़कियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया था। घटना को अंजाम देनेवाले भी सभी नाबालिग हैं। घटना की सूचना रनिया पुलिस को मिलने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 घंटे के अंदर घटना में शामिल सभी लड़कों को निरुद्ध कर ससमय कानूनी कार्रवाई की गयी।

# जंगली भालू के हमले में बुजुर्ग हुआ घायल



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड के डिंबा गांव के वनटोली में अपने खेत में काम कर रहे हैं 55 वर्षीय बुजुर्ग पर एक जंगली भालू ले अचानक हमला कर दिया जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए। ग्रामीणों ने हल्ला गुल्ला कर जंगली भालू को खदेड़ा। इसी बीच अचानक हुए हमले में बुरी तरह घायल 52 वर्षीय त्रिवेणी साहु को उनके परिजनों प्रेम साहु, उमेश साहु तथा सुरेश साहु ने मिलकर अपनी कार से लापुंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। यहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। घायल त्रिवेणी साहु को उनके छोटे भाई उमाशंकर साहु बेहतर इलाज के लिए रांची ले गए। जंगली भालू के हमले से हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में काफी दहशत छा गया है। कुछ दिन पहले खेत में काम कर रहे अरविंद साहु के ऊपर भी जंगली भालू ने हमला कर उन्हें घायल कर दिया था। लगातार भालू के हमले के बाद वन विभाग के द्वारा की गई कार्रवाई पर भी सवाल उठने लगे हैं। उमाशंकर साहू ने कहां की वन विभाग बिल्कुल उदासीन हैं और भालू लगातार जंगल में नहीं बल्कि खेतों में आकर हमला करने लगे हैं। जबकि भालूओं को वन विभाग के द्वारा खदेड़ा भी नहीं जा रहा। लगातार भालूओं के हमले की चिंता से ग्रामीण काफी परेशान और दहशत में जीने के लिए मजबूर है।

## एक नजर

### पुलिस अधीक्षक ने किया गोला थाना का निरीक्षण

**गोला।** रामगढ़ पुलिस अधीक्षक डॉ अजय कुमार ने गोला थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना परिसर का भ्रमण कर कार्यालय, मेस, हवालात, बैरक, थाने की साफ सफाई आदि का जायजा लेते हुए अपराध रजिस्टर, क्रियाशील अपराधी रजिस्टर, गुंडा रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर व अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने थाना क्षेत्र में घटित अपराधों में खासकर भारत माला परियोजना में हुई फायरिंग मामले की जांच पड़ताल किया। साथ ही आगामी पर्व त्योहार में असामाजिक तत्वों पर निगरानी और चौकस रहने को लेकर थाना प्रभारी को निर्देश दिया। इस दौरान एसपी ने वार्षिक कार्य विवरणी, मालखाना, चार्जशीट, स्टेशन डायरी समेत अभिलेखों की जांच करते हुए संगीन आपराधिक घटनाएं व लंबित मामलों को लेकर थाना प्रभारी को कई आवश्यक निर्देश दिए।

### मांगों को लेकर आरसीएमयू और सीसीएल प्रबंधन के बीच हुई वार्ता

**रामगढ़।** श्रमिक संगठन राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन और सीसीएल की झारखंड उत्खनन परियोजना प्रबंधन के बीच 17 सूत्री मांगो को लेकर परियोजना कार्यालय में द्विपक्षीय वार्ता हुई। वार्ता में संगठन की ओर से तीन वर्ष पूरा किए गए श्रमिकों को प्रमोशन देने, सीएमपीएफ को सैप से जोड़ने, सभी कमेटी जैसे पीसीसी, वेलफेयर आवास कमेटी में आरसीएमयू के सदस्यों को बैठाने, आरसीएमयू को कार्यालय देने, कॉलोनी में बिजली कटौती पर रोक लगाने सहित अन्य मांगो को रखा। प्रबंधन ने सभी मांगो पर सकारात्मक पहल करने की बात कही है। वार्ता में प्रबंधन की ओर से पीओ एलके राय, पर्सनल ऑफिसर दूबे पटेल, ओवरसियर चंद्रभुषण कुमार और यूनियन की ओर से क्षेत्रीय अध्यक्ष बिरेंद्र प्रसाद, रामबली चौहान, महेंद्र किशोर महतो, होरिल नोनिया, लालमोहन मिस्त्री, गुलाम मुर्तजा सहित अन्य लोग शामिल थे।

### रक्तदान के लिए महिलाओं को जागरूक करेगी ज्ञान महिला समिति

**रामगढ़।** रक्तदान के प्रति महिलाओं को जागरूक करने के लिए ज्ञान महिला समिति की ओर से बाजार टांड में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे जिले में रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करने का निर्णय लिया गया। जागरूकता के तहत अभियान चलाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल ने की। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान होता है। रक्तदान से कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है। सड़क दुर्घटना एवं बीमारी में रक्त की कमी से कई लोगों की जान चली जाती है। इसके लिए खासकर महिलाओं को आगे आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ्य व्यक्ति एवं महिला को तीन माह में एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

जन वितरण प्रणाली दुकानदारों की बैठक आयोजित

# उपायुक्त ने कार्ड धारकों को केवाईसी कराने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** उपायुक्त हजारीबाग आपूर्ति शाखा के आदेशानुसार डीलरों की बैठक प्रखंड मुख्यालय सभागार में प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी मिन्टू रजक की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से राशनकार्ड धारकों के बीच सोना सोबरन योजना के तहत साड़ी, धोती और लुंगी वितरण, पीएच, अन्तोदय और ग्रीन राशनकार्ड धारकों के बीच ई-पॉश मशीन के माध्यम से राशन सामग्री का वितरण करने की जानकारी दी गई। साथ ही जो लाभुक अबतक केवाईसी नहीं करा पाये हैं, वैसे लाभुकों को 21 मार्च से लेकर 27 मार्च तक डोर टू डोर जाकर केवाईसी कराने तथा जो लाभुक बाहर हैं उन्हें फोन कर वहां के डीलर से अपना केवाईसी कराने का निर्देश जविप्रा के दुकानदारों को दी गई। वैसे लाभुक जिनकी मृत्यु हो चुकी है उन्हें चिन्हित कर उनका नाम हटाने का निर्देश दिया गया। बैठक में डीलर संघ अध्यक्ष जागेश्वर यादव, नंदलाल तिवारी, बालेश्वर ठाकुर, माहेश्वर प्रसाद, राहुल गुप्ता, छोटेलाल प्रसाद, जीबलाल प्रसाद, सहदेव यादव, अनुप कुमार, महेंद्र प्रसाद, बिरेंद्र रजक, रोजन अली, असगर अली, राजू यादव समेत आदि लोग उपस्थित थे।

दिशोम बाहा मिलन समारोह की तैयारी पूरी

## स्वास्थ्य मंत्री, कृषि मंत्री व शिक्षा मंत्री कार्यक्रम में होंगे शामिल : राम जी बेसरा



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** सूर्यकुंड धाम में आयोजित होने वाली दिशोम बाहा मिलन समारोह को लेकर सूर्यकुंड परिसर में एक बैठक की गई। इस निमित भारत जकात मांझी परगना महाल बरकट्ठा की ओर से अध्यक्षता कन्हैया बेसरा व संचालन सुनील कुमार मुर्मू ने किया। बैठक मे निर्णय लिया गया कि आगामी 30 मार्च को सूरजकुंड धाम परिसर में दिशोम बाहा मिलन समारोह धूम धाम से मनाया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी,कृषि मंत्री नेहा तिर्की, शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन शामिल होंगे ।वहीं बैठक में मुख्य रूप से शामिल हुए भारत जगत मांझी परगना महाल बरकट्ठा प्रखंड के अध्यक्ष रामजी बेसरा, सचिव मनोज मुर्मू ने बताया कि सरहुल झारखंड राज्य का प्रमुख त्योहार है, जिसे आदिवासी समाज बड़े धूमधाम से मनाता है।

## न्यूज बॉक्स

### रामगढ़ जिला में सिर्फ कानून का शासन चलेगा: एसपी

**भुरकुंडा।** आपराधिक गिरोहों पर नकेल कस कर कोयलांचल को भयमुक्त बनाने के लिए पतरातू प्रखंड में गिरोह और गैंग्स से संबंधित चार अलग-अलग सार्वजनिक स्थलों पर जन शिकायत पेटी लगाई गई है। पुलिस कप्तान अजय कुमार ने मंगलवार को सयाल जीएम ऑफिस और सौंदा बस्ती में लगाए गए जन शिकायत पेटियों को खोला। सयाल जीएम ऑफिस की पेटी में दो और सौंदा बस्ती में लगाए गए पेटी से एक जन शिकायत मिली। इस पर खुशी जाहिर करते हुए एसपी ने कहा कि अपराध के खिलाफ पुलिस की मुहिम रंग ला रही है। तीनों शिकायतों के सत्यापन के पश्चात पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिला में सिर्फ कानून का शासन चलेगा। यदि किसी ने आपराधिक घटना को अंजाम दिया, किसी से रंगदारी मांगी या धमकाया तो पुलिस उसे किसी कीमत पर नहीं बख्शेगी। एसपी ने लोगों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि रामगढ़ जिला पुलिस अपराधियों के सफाया के लिए दृढ़ संकल्पित है। क्षेत्र में सक्रिय संगठित गिरोहों की ओर इशारा करते हुए एसपी ने कहा कि यदि किसी ने कॉल कर रंगदारी मांगी या फिर भयादोहन का प्रयास किया तो पुलिस उसका सिर कुचल देगी। इसलिए वे डरने या फिर घबराने की बजाय अपराधियों के विरूद्ध शिकायत पेटी के माध्यम से पुलिस तक सूचना पहुंचाएं। वे चाहे तो अपना नाम-पता गुप्त रख सकते हैं। उनकी शिकायत पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। मौके पर एसडीपीओ पवन कुमार और भुरकुंडा थाना प्रभारी निर्भय गुप्ता उपस्थित थे।

### मधुमक्खी पालन से संबंधित दो दिवसीय सेमिनार आयोजित




**हजारीबाग।** कृषि,पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग) के तत्वाधान में जिला उद्यान कार्यालय हजारीबाग के द्वारा नगर भवन में आयोजित मधुमक्खी पालन से संबंधित दो दिवसीय सेमिनार संपन्न हुई। सेमिनार के दूसरे दिन संयुक्त कृषि निदेशक ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मधुमक्खी पालन से संबंधित केन्द्र सरकार प्रायोजित नेशनल बिकिपिंग एंड हनी मिशन (एनबीएचएम) योजनान्तर्गत नगर भवन, हजारीबाग में दो दिवसीय जिला स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया है। इस योजना के अन्तर्गत 25 माहिलाओं का स्वंय सहायता समुह का गठन कर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। लघु एवं सीमांत कृषकों की आय को दुगुनी करना, पोषणीय एवं पार्यावरण सुरक्षा को बढ़ावा देना है। साथ ही किसानों के बीच मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देना एवं जागरुक्ता पैदा करना है। कार्यक्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, गोरिया करमा हजारीबाग के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ निरंजन कुमार ने कहा कि मधुमक्खियों को घरों में रखकर उनसे शहद, मोम और अन्य उत्पाद आदि की प्राप्ति के लिए मधुमक्खियाँ पाली जातीं हैं। यह एक कृषि उद्योग है। मधुमक्खियां फूलों के रस को शहद में बदल देती हैं और उन्हें छत्तों में जमा करती हैं। मधुमक्खी पालन के आसपास केमिकल स्प्रे, परफ्यूम जैसे केमिकल का इस्तेमाल नहीं करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि शहद ठंड के दिनों में अक्सर जम जाया करती है इसीलिए जमे हुए शहद को नकली नहीं कहा जा सकता है।

### रेलीगढ़ा में नव दिवसीय महायज्ञ को लेकर हुआ भूमि पूजन

**गिद्दी।** रेलीगढ़ा शिव मंदिर परिसर में श्रीशिव हनुमान राधा कृष्ण राम दरबार का चतुर्थ वार्षिक नव दिवसीय महायज्ञ को लेकर बुधवार को भूमि पूजन किया गया। आचार्य शंकर पांडेय ने पूजा अर्चना कराया। जबकि कमलेश ओझा धर्मपत्नी सुनंदा राइकर, सुदामा शर्मा धर्मपत्नी प्रमिला देवी यजमान बने। इसके पहले भूमि पूजन में शामिल लोग नगर भ्रमण किया। नगर भ्रमण में शामिल श्रद्धालुगण जय श्रीराम के जयघोष करते हुए रेलीगढ़ा के विभिन्न सड़कों में भ्रमण करते हुए मंदिर पहुंचे। जहां पर पूजा अर्चना के साथ हवन आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। यज्ञ समिति के अध्यक्ष प्रदीप रजक ने बताया 30 मार्च को कलश यात्रा और 7 अप्रैल को भंडारा किया जाएगा। इस अवसर पर रेलीगढ़ा पीओ एएन सिंह, मैनेजर आर पाटिल, अंकित भगत, भाजपा के पुरुषोत्तम पांडेय, उपप्रमुख सुमन देवी, नमिता कुमारी, यज्ञ समिति के अध्यक्ष प्रदीप रजक, प्रवीण सिंह, रंजीत कुमार, मुन्ना त्रिपाठी, राजाराम सिंह, दुर्गा पंडित आदि उपस्थित थे।

# बरसोत में एटीएम मशीन से 6.17 लाख की चोरी



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** नेशनल हाईवे बरसोत स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम को देर रात अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू की और पाया कि चोरों का गिरोह एक काले रंग की स्कॉर्पियो से रात करीब 1:30 बजे एटीएम के पास पहुंचा था। इसके बाद चोरों ने गैस कटर की मदद से एटीएम मशीन को काटकर उसमें से 6 लाख 17 हजार रुपये निकाल लिए और फरार हो गए। चोरी की इस वारदात को अंजाम देने से पहले अपराधियों ने एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरों पर ब्लैक स्प्रे कर दिया, जिससे उनकी हरकतें रिकॉर्ड नहीं हो पाईं। इसके बावजूद, पुलिस आस-पास के इलाकों में लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों को खंगालकर सुराग जुटाने की कोशिश कर रही है। गौरतलब है कि उक्त एटीएम को हिटाची नामक निजी कंपनी के माध्यम से संचालित किया जाता है। कंपनी के अधिकारी तनवीर सिंह ने बताया कि सोमवार को एटीएम में कुल 12 लाख रुपये डाले गए थे, जिसमें से चोर 6.17 लाख रुपये लेकर फरार हो गए। इस घटना की सूचना कंपनी के टेक्निकल सेल मुंबई की कैमरा टीम ने बरही पुलिस को तत्काल दी, लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक अपराधी फरार हो चुके थे। घटना की जानकारी मिलते ही हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह और बरही एसडीपीओ अजित कुमार विमल घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पुलिस अधिकारियों को हर संभव पहलू पर जांच करने का निर्देश दिया।

### दो बार पहले भी हो चुकी हैं घटनाएं

गौरतलब है कि इस एटीएम को पहले भी अपराधियों ने अपना निशाना बनाया है। 27 जुलाई 2023 को चोरों ने एटीएम मशीन को उखाड़कर 18 लाख 11 हजार 500 रुपये चुरा लिए थे। 14 सितंबर 2024 को दूसरी बार ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया गया था, लेकिन तब चोरों को सफलता नहीं मिली थी। इस बार की वारदात ने एक बार फिर इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और जल्द ही चोरों की गिरफ्तारी के दावे कर रही है।

- ❖पुलिस को नही मिल पाई है अब तक कोई सफलता
- ❖चोरों ने सीसीटीवी पर किया ब्लैक स्प्रे

रामनवमी संरक्षण समिति के कार्यकारिणी की हुई बैठक

## प्रभु श्री राम के आदर्शों को आत्मसात कर आदर्श रामनवमी मनाने का संकल्प लें युवा : प्रशांत कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हजारीबाग की रामनवमी 2025 के सफल संपादन को लेकर हजारीबाग रामनवमी संरक्षण समिति की बैठक संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने किया बैठक में आगामी रामनवमी के सफल संचालन और नशामुक्त रामनवमी को लेकर विशेष चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने हजारीबाग की ऐतिहासिक और पारंपरिक रामनवमी को और बेहतर रूप से भव्यता प्रदान करते हुए मनाने को लेकर अपने अपने विचार रखे बैठक के दौरान संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने कहा कि हजारीबाग के युवा प्रभु श्री राम के आदर्शों को आत्मसात कर आदर्श रामनवमी मनाने का संकल्प लें आगे उन्होंने कहा कि रामनवमी हजारीबाग की पहचान है और इस पहचान को हम सभी मिल कर और बेहतर बनाने के लिए कृतसंकल्पित हैं आगे उन्होंने हजारीबाग के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि हजारीबाग की पारंपरिक रामनवमी को नशामुक्त बनाएं जो आने वाली पीढ़ियों के लिए आदर्श बने रामनवमी के दौरान अखाड़े के सदस्य अनुशासन का परिचय दें। वहीं संरक्षण समिति संरक्षक राजकुमार यादव ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी जुलूस को देखने हजारीबाग के साथ साथ राज्य और देश के विभिन्न राज्यों से लोग आते हैं जो गर्व का विषय है। मौके पर महंत विजयानंद दास, निशांत कुमार प्रधान ज्योति कुमार सिन्हा, अखौरी बृजेश सहाय, राजेश गुप्ता, राकेश कुमार सिंह, अजय कुमार साव, ओमप्रकाश गोप मनमीत अकेला, परमेश्वर प्रसाद मेहता, अनमोल साव, धर्मेंद्र शुक्ला महेंद्र सोनी, अनुराग कुमार, कुलदीप कृष्णा, सूरज प्रकाश, बप्पी करण, राजेश कुमार सिन्हा, जितेंद्र सिन्हा, सहित संरक्षण समिति के दर्जनों पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल थे।

धूमधाम से निकला पहला मंगला जुलूस, भगवामय हुआ बरही

## एसडीओ व एसडीपीओ स्वयं संभाल रखी थी सुरक्षा की कमान



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** चिरपरिचित अंदाज में एक बार फिर मंगलवार को चैत्र रामनवमी 2025 का पहला मंगला जुलूस बरही में हर्षोल्लास निकाला गया. धनबाद रोड, गया रोड, हजारीबाग रोड व पटना रोड के अखाड़ा समिति के लोग भगवा पट्टा बांध हाथ में भगवा झंडा लेकर गाजे बाजे के बीच अपने जुलूस के साथ सड़कों पर उतरे तो बरही चौक जय श्री राम के नारों से गूंज उठा. ढोल और ताशे की आवाज से पूरा शहर गुंजायमान हों गया. छोटे बच्चे व नवयुवक के अलावा बूढ़े भी करतब दिखाते नजर आए. इन सबों के सुरक्षा और शांति को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह तैयार था. एसडीओ जोहन टुडू व एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल खुद सुरक्षा के कमान संभाले हुए थे. इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी और बरही थाना के सशस्त्र बल अपने अधिकारियो के निदेर्शानुसार मंगला जुलूस की निगरानी में तत्पर रहे. मंगला जुलूस शांति और सौहार्द से संपन्न करवाने के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओ ने भी महत्ती भूमिका निभाई.

### हनुमान मंदिर रामनवमी पूजा समिति गठित राजेश केसरी उर्फ मेवालाल बने अध्यक्ष



**बरही ।** शांति और सौहार्द के साथ रामनवमी पूजा संपन्न करवाने को लेकर हजारीबाग रोड स्थित हनुमान मंदिर रामनवमी पूजा समिति की बैठक हुई. जिसमे दर्जनों रामभक्त शामिल हुए. सर्वसम्मति से सबों ने सामाजिक कार्यकर्ता राजेश केसरी उर्फ मेवालाल को समिति का अध्यक्ष, लोकेश ठाकुर को सचिव, रंजीत केसरी को कोषाध्यक्ष, रंजीत केसररी-2, गुड्डू केसरी, अमित सिंह व राजवंशी सिंह को उपाध्यक्ष, प्रवीण सिंह को उप कोषाध्यक्ष, संतोष ठाकुर को सह सचिव, मुखिया शमशेर आलम, होरील सिंह व रमेश ठाकुर को मुख्य संरक्षक और प्रमोद सिंह, संतोष केसरी व बिनोद केसरी को संरक्षक मनोनित किया गया. उपस्थित लोगो ने रामनवमी पूजा व जुलूस शांति व सौहार्द के साथ संपन्न करवाने का संकल्प लिया. नव मनोनित पदाधिकारियों ने भी हर संभव पूर्ण सहयोग के साथ त्योहार संपन्न करवाने में अपनी जिम्मेवारी निभाने की बात कही. बैठक में उपरोक्त लोगो के साथ पिंटू सिंह, प्रकाश ठाकुर, चंदन कुमार, मनीष ठाकुर आदि कई रामभक्त मौजूद थे.

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# अगामी पर्व को लेकर सभी संप्रदाय के साथ बैठक का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा 19 मार्च को सभी थाना / ओपी प्रभारी, पुलिस निरीक्षक एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ / पतरातू, पुलिस उपाधीक्षक, (मु०) के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित अपने कक्ष में अगामी सरहुल, ईद एवं रामनवमी पर्व को लेकर बैठक किया गया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि

- ◆सभी संप्रदाय के लोगों के साथ बैठक कर पर्व को शांतिपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने, साथ ही सामाजिक व सांप्रदायिक सौहार्द के साथ विधि-व्यवस्था बनाये रखने की अपील करें।
- ◆विवादित स्थलों एवं अन्य स्थलो पर जाकर शांति समिति की बैठक करें।
- ◆अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी की उपस्थित में थाना स्तर पर सभी समुदाय के जनप्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्तियों एवं अखाड़ों के साथ शांति समिति की बैठक करें।
- ◆जुलूस के रूटों का सत्यापन करें तथा यह सुनिश्चित करें कि पूर्व से चयनित रूट से ही जुलूस निकले किसी भी जुलूस या अखाड़ों द्वारा किसी भी नये रूट का प्रयोग नहीं किया जाए।
- ◆सभी अखाडों के वॉलिंटियर का नाम एवं मो० नं० संधारित करना सुनिश्चित करेंगे।
- ◆पूर्व से चिन्हित असामाजिक तत्वों एवं सांप्रदायिक काण्डों में जेल से बाहर आये अभियुक्तों की वर्तमान गतिविधि का सत्यापन कर आवश्यकतानुसार 126 बीएनएसएस के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करें।
- ◆सभी डी जे मालिक को लाउडस्पीकर एक्ट एवं आपत्तिजनक, अश्लील गाना न बजाने के संबंध में नोटिस निर्गत करें।
- ◆सभी आखाडों को अनुज्ञप्ति में दिये गये शर्तों के अक्षरशः अनुपालन करने हेतु निर्देशित करें।
- ◆किसी भी प्रकार के तथ्यहीन, भ्रामक, गलत सूचना/ फोटो/ विडियो एवं धर्म पर आपित्तजनक टिप्पणी सोशल मिडिया पर शेयर करने से बचें एवं किसी भी तरह के अफवाहों पर ध्यान न दें के संबंध में जानकारी दें।
- ◆किसी भी अप्रिय घटना या असामाजिक गतिविधि से संबंधित सूचना अविलम्ब पुलिस को दें के संबंध में अनुरोध करें।
- ◆अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिया गया।

बैठक के अंत में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना/ओपी प्रभारी को सीमावर्ती जिले हजारीबाग एवं कोडरमा में हुये एटीएम मशीन कटिंग की घटना को लेकर सर्तक रहने एवं रात्री में गश्त कर बैंक एवं एटीएम पर निगरानी रखने के लिए निर्देश दिया गया।

### बंधक बनाई गई लड़की को वापसी के लिए जेएलकेएम की टीम उपायुक्त से मिला



रामगढ़ झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ इकाई के केंद्रीय संगठन महासचिव रवि महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार,युवा मोर्चा संगठन महामंत्री कुलदीप कुमार तथा ओरला पंचायत सचिव विक्रांत कुमार के अथक प्रयास से तमिलनाडु में फंसे बच्ची के सकुशल वापसी के लिए उपायुक्त रामगढ़,पुलिस अधीक्षक रामगढ़, श्रम अधीक्षक रामगढ़, कुजू ओपी को संज्ञान में देकर आवश्यक कार्रवाई के लिए आग्रह किया गया है। जेएलकेएम द्वारा बताया गया की रामगढ़ उपायुक्त ने आश्वासन दिया की बहुत जल्द बच्ची को सकुशल वापस लाया जायेगा। माइग्रेंट सेल को सूचित कर दिया गया है और सेल टीम गठित कर आज शाम को रवाना होगी। तमिलनाडु के रेस्क्यू टीम से संपर्क कर जल्द सकुशल वापसी की पहल की जा रही है। रवि महतो ने कहा कि ओरला निवासी रेखा देवी पति स्वर्गीय धनेश्वर नायक की पुत्री खुशबू कुमारी कौशल विकास योजना से ट्रेनिंग प्राप्त के बाद काम करने तमिलनाडु गई थी। तमिलनाडु में ही उसे बंधक बना दिया गया है तथा उसे घर आने नहीं दिया जा रहा है। मौके पर रवि महतो, रमेश कुमार महतो, कुलदीप महतो, विकरांत चौधरी, विशाल नायक भोला करमाली, रेखा देवी, संतोषी देवी दीपा देवी, हिना देवी, ललिता देवी ,चंपा देवी उपस्थित थे।

### डाड़ी प्रखंड में बिरसा आम बगवानी को लेकर बैठक

**गिद्दी।** डाड़ी बीडीओ की अध्यक्षता में बुधवार को प्रखंड के सभागार में बिरसा आम बगवानी को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मनरेगा पदाधिकारी, कर्मी, पंचायत सचिव, बीएफट, जेई और एई शामिल हुए। बैठक में वितीय वर्ष 2025-26 में क्रियान्वित होने वाली बिरसा आम बगवानी योजना के लिए कुल 130 एकड़ भूमि पर लक्ष्य निर्धारित किया गया। जिसमें रोजगार सेवक के लिए 60 एकड़, सपोट संस्था के लिए 30 एकड़ और जेएसएलपीएस के लिए 40 एकड़ निर्धारित किया गया। रोजगार सेवक को मिश्राइनमोढ़ा पंचायत में 10 एकड़, कनकी में 5 एकड़, रबोध में 5 एकड़, होन्हेमोढ़ा में 5 एकड़, बलसगरा में 5 एकड़, हुवाग में 5 एकड़, टोंगी में 5 एकड़, हेसालौंग में 5 एकड़ और डाड़ी में 5 एकड़ लक्ष्य दिया गया है। बैठक में कर्मियों को एक सप्ताह के अंदर लक्ष्य के अनुरुप योग्य लाभुक को चिन्हित करके लाभुकों की सूची प्रखंड कार्यालय में जमा कराने का निर्देश दिया गया।

झाविसंमो का 24 को झारखंड विधानसभा मार्च

## 50 से हजार अधिक लोग होंगे शामिल : बटेश्वर प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** झारखंड विस्थापित संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में 24 मार्च को विभिन्न मांगों को लेकर विधानसभा मार्च किया जाएगा। मार्च में शामिल होने को लेकर किसान और विस्थापित परिवार शामिल होंगे। उक्त बातें झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के बटेश्वर प्रसाद मेहता ने क्षेत्र दौरा के बाद कही। उन्होंने कहा कि विधानसभा मार्च का नेतृत्व पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता और पूर्व विधायक गौतम सागर राणा करेंगे। इस आंदोलन का समर्थन स्वतंत्रता सेनानी मंच ने किया है। बटेश्वर मेहता ने आगे बताया कि विस्थापन का दंश झेल रहे परिवारों को पुनर्वासित करने, जीएम भूमि का लगान रशीद निर्गत करने, स्वतंत्रता सेनानी के परिवारों का सर्वे कर आर्थिक मदद करने, चिन्हित किए गए झारखंड आंदोलकारियों को पेंशन देने समेत आदि मांग को लेकर विधानसभा मार्च किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विस मार्च में करीब 50 हजार लोग शामिल होंगे। इसके लिए दौरा कर जनसंपर्क किया जा रहा है। सभी आदोलंकारी इस जनसभा में शामिल होकर इसे सफल बनाएंगे।



# महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़कर सावित्री देवी बनी आत्मनिर्भर

**सिमडेगा।** जिले के पाकरटांड प्रखंड अंतर्गत ठेठईटांगर की रहने वाली सुमित्रा देवी ने वर्ष 2017 में बेली आजीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ी एवं आजीविका के रूप में वह अपनी छोटी सी जमीन पर खेती बाड़ी, सब्जी उत्पादन का काम करती थी। बहुत पहले से ही इनका मुख्य जमीन बंधक था। बहुत कम जमीन पर उत्पादन करने से बहुत ही कम आमदनी होने के कारण इनकी आर्थिक स्थिति काफी खराब होती चली गई। समूह से जुड़ने के उपरांत आरसेटी से सब्जी उत्पादन के संदर्भ में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद समूह से सामुदायिक निवेश निधि से 50000 रुपये ऋण लेकर सबसे पहले इन्होंने अपना बंधक जमीन को छुड़ाया तथा सब्जी उत्पादन का कार्य करने लगी। सब्जी का उत्पादन अत्यधिक मात्रा में होने के कारण आमदनी अच्छी होने लगी।वर्तमान में सुमित्रा देवी ने अतिरिक्त 3 एकड़ की भूमि लीज पर लेकर मौसमी सब्जी उत्पादन का कार्य कर रही है। जिसमें हेल्पर के रूप में बेली स्वयं सहायता समूह की दीपिका देवी व अन्य महिलाएं भी दैनिक मजदूरी पर उनके यहां कार्य करती है। उनके खेत में मिर्च, खीरा, तरबूज, कद्दू, करेला, कुच्चु आदि मौसमी सब्जी अभी लगी हुई है।इस प्रकार वर्ष में खेती बाड़ी के माध्यम से एक से डेढ़ लाख रुपए तक की कमाई कर लेती हैं। अन्य दीदियों को रोजगार देने से गांव में उनका आत्म स्वाभिमान बढ़ा है।सुमित्रा देवी की भविष्य की योजना यह है कि वह मौसमी सब्जी की थोक विक्रेता बनना चाहती हैं।

# मणिपुर की स्टेट टीम का ठेठईटांगर एवं सिमडेगा में एक्सपोसर विजिट

**नवीन मेल संवाददाता**





**सिमडेगा।** मणिपुर की राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की टीम का दो दिवसीय एक्सपोसर विजिट प्रखंड मिशन प्रबंधन इकाई ठेठईटांगर जिला सिमडेगा में मणिपुर की टीम अवलोकन एवं क्षेत्र भ्रमण के लिए आई जिनका उद्देश्य महिला सशक्तिकरण एवं लिंग आधारित हिंसा के समाधान हेतु प्रयासों को समझना तथा दोनों राज्यों के एनआरएलएम कार्यक्रमों के बीच अनुभवों का आदान-प्रदान करना। इसके तहत ठेठईटांगर संकुल अंतर्गत स्थित जेंडर रिसोर्स सेंटर एवं जोराम संकुल अंतर्गत जेंडर जस्टिस सेंटर के द्वारा किए जा रहे कार्यों को तथा लिखित रिकॉर्ड/ रजिस्टर को एवं इन दोनों संस्थाओं की संरचनाओं तथा किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी जेंडर रिसोर्स पर्सन ललिता देवी एवं दिव्या सरिता तिर्की के द्वारा विस्तृत रुप से बताया गया।इसमें राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, झारखंड से नूपर जी , अनिकेत जी एवं सिमडेगा जिले से जिला कार्यक्रम प्रबंधक शांति मार्डी मार्डी, जिला प्रबंधक अमित कमल कुजूर, कैलाश कुमार, संजीता एवं शिल्पी एवं ठेठईटांगर प्रखंड की प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन मिंज बीपीएम संदीप कुमार एफटीसी प्रमोद सिंहा, उमाकांत साईं एवं सभी जेंडर रिसोर्स पर्सन, पारालीगल दीदियां मेंबर उपस्थित थी।

### उपायुक्त सिमडेगा की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

# डीसी ने नामांकित छात्रों के विरुद्ध औसत आच्छादन स्थिति की समीक्षा की

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण, 1 से 8 कक्षा तक एवं 9-12 कक्षा के बच्चों के बीच यूनिफॉर्म की वितरण, मुख्यमंत्री छात्रवृति, खेलो झारखंड, इको क्लब, पीटीएम, स्वास्थ जांच, टेबलेट वितरण, आउट ऑफ स्कूल बच्चों की चिन्हितकरण एवं केजीबीवी व जेबीएवी में सत्र 2024-25 का नामांकन की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने नामांकित छात्रों के विरुद्ध औसत आच्छादन स्थिति की समीक्षा की। जिसमें बच्चों की आच्छादन 82% है। उपायुक्त ने विद्यालय में बच्चों की शत् प्रतिशत उपस्थिति बढ़ाने की बात कहीं। जिला शिक्षा अधीक्षक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में चावल की उठाव में प्रथम से चतुर्थ त्रैमास का खाद्यान्न की उठाव विद्यालयों किया जा चुका है। वहीं पूरक पोषाहार की राशि अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक मध्यान्ह भोजन संचालित सभी विद्यालयों के सरस्वती वाहिनी समिति के खाता में हस्तांतरित कर दी गई है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि जिले के 246 विद्यालय में किचन सह स्टोर मरम्मति का कार्य पूरा कर लिया गया है। उपायुक्त ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना से आच्छादित विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों की स्वास्थ्य जांच की समीक्षा की। उन्होंने छुटे हुए बच्चों का चिन्हित कर शत् प्रतिशत स्वास्थ्य जांच करने एवं आईएफए एवं आयरन की गोली देने का निर्देश दिया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय एवं झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय की समीक्षा की। इस दौरान कुरडेग, जलडेगा एवं ठेठईटांगर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय एवं झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में बच्चों से मिलने आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की रजिस्टर में एंट्री कराने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे जिले के प्रत्येक विद्यालय जिसमें पानी की समस्या काफी लंबी समय से है, बच्चों को विद्यालय पानी के लिये काफी दिक्कत हो रहा है वैसे विद्यालय उनका चिन्हित कर और कस्तूरबा गांधी एवं झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर रखने के लिए एक गार्ड रूम निर्माण हेतु प्रपोज भेजने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने अवश्य बालिका विद्यालय में सुरक्षा पर ध्यान रखने हेतु कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए।

## सिमडेगा उपायुक्त ने मणिपुर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की स्टेट टीम के साथ की बैठकं

**सिमडेगा।** मणिपुर की राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की टीम का दो दिवसीय एक्सपोसर विजिट के दौरान आज दूसरे दिन में बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ की संयुक्त अध्यक्षता में जेंडर रिसोर्स सेंटर से संबंधित सभी विभागों सहित मणिपुर की टीम के साथ खुली चर्चा का आयोजन किया गया। बैठक में जेंडर रिसोर्स सेंटर के कार्यकलापों, विधि व्यवस्था, जेंडर रिसोर्स सेंटर में जिला स्तरीय पदाधिकारी का योगदान आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें प्रमुख रूप से पुलिस अधीक्षक सौरभ के द्वारा बताया गया कि सभी प्रखंडों में कम्युनिटी पुलिस का गठन किया गया है जिन्हें निर्देश दिया गया है की प्रत्येक माह संकुल स्तरीय संगठन की बैठक में भाग लेते हुए स्थानीय स्तर पर साइबर क्राइम, नशापान के रोकथाम, समाधान एवं लोगो को जागरूक करने का भी कार्य जेएसएलपीएस के सहयोग किया जा रहा है। बैठक में जेंडर रिसोर्स सेंटर से सम्बद्ध विभागों के प्रतिनिधि में समाज कल्याण विभाग, बाल संरक्षण विभाग, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना एवं डालसा के प्रतिनिधि सहित जेएसएलपीएस की जिला कार्यक्रम प्रबंधक शांति मार्डी की उपस्थिति में मणिपुर की टीम को जेंडर रिसोर्स सेंटर का उद्देश्य, महिला सशक्तिकरण एवं लिंग आधारित हिंसा के समाधान हेतु किये जा रहे प्रयासों को विस्तार पूर्वक समझाया गया साथ ही दोनों राज्यों के एनआरएलएम कार्यक्रमों के बीच अनुभवों का आदान-प्रदान करना। विगत दिन ठेठईटांगर टांगर प्रखंड के जेंडर रिसोर्स सेंटर में अब तक के कुल दर्ज केस की संख्या 127 बताई गई, जिसमें सलाहकार समिति से समन्वय बनाते हुए कुल 96 केस का निष्पादन किया जा चुका है।

# सिमडेगा अटल पार्क में हुई नागपुरी गाने की शूटिंग जल्द होगी यूट्यूब पर रिलीज

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** सिमडेगा अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है जहां के हर बड़े पेड़ पौधे अपने आप में लोगों का मोहता है। अब यहां के हसीन वादियों में लगातार कई फिल्में शूटिंग हुई है। सिमडेगा शहरी क्षेत्र की अटल पार्क में बुधवार को नागपुरी गाने का शूटिंग हुआ जहां पर झारखंड के मशहूर कलाकार डॉली सिन्हा एवं उनकी टीम के द्वारा नागपुरी गाने की शूटिंग किया। जहां पर कैमरामैन के रूप में आतिफ अकाब जबकि अभिनेता के रूप में सूरज महतो ने अपनी भूमिका निभाई ।जानकारी देते हुए डॉली सिन्हा ने बताया कि इस गाने में अपनी आवाज सत्या महतो ने दी है। उन्होंने बताया कि इस गाने की शूटिंग सिमडेगा के अलग-अलग हसीन वादियों में फिल्माया गया है। जिसमें पर्यटन स्थल केलाघाघ डैम की हसीन वादियां ,तामड़ा ब्लूपोंड, बसंतपुर की कल कल करती चट्टान एवं हरे भरे पेड़ पौधों के बीच में गाने की शूटिंग इसके अलावा अलग-अलग जगह पर इसके लिए लोकेशन लिया गया है। जो कि जल्द यूट्यूब चैनल पर लोगों के बीच रिलीज किया जाएगा। कैमरामैन अतिब आकाब ने बताया कि सिमडेगा में झालीवुड के लिए बहुत जगह पर अवसर है लेकिन उचित स्थान नहीं मिल पाने की वजह से परेशानी होती है उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि सिमडेगा जिले का नाम नागपुरी जगत में भी दूर-दूर तक पहले इसके लिए लगातार सिमडेगा कई नए कलाकार सामने उभर कर आए हैं और उन्हें भी इस गाने पर काम करने का मौका मिला है।

## नौमिल महुआटोली में नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा 26 से

**बानो।** प्रखंड के नौमिल महुआटोली में नौमिल पूजा समिति की बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मोहन महतो ने किया।बैठक में 26 मार्च को नए बजरंगबली मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा व उद्घाटन करने का निर्णय लिया गया इस अवसर पर तीन दिवसीय अखंड हरी कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन करने पर विचार विमर्श किया गया। 27 मार्च को नामकरण व अखंड हरी कीर्तन आयोजन किया जाएगा। 28 मार्च को प्राण प्रतिष्ठा की पूर्णाहुति एवं भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मुख्य पुजारी के रूप में दामोदर सिंह वृंदावन की देवी व वह पंडित श्याम सुंदर मिश्रा प्रेमसागर मिश्रा, महादेव दास निभाएंगे इस अवसर पर अध्यक्ष मोहन महतो ,सचिव भुवनेश्वर सिंह ,कोषाध्यक्ष दामोदर सिंह, सक्रिय सदस्य महाभारत सिंह ,उमाशंकर सिंह ,गोकुल सिंह आदि उपस्थित थे।

## उत्कलिए ब्राह्मण सेवा संघ के द्वारा मृतक के परिजनों को दी आर्थिक मदद



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा निवासी लाल मोहन उर्फ लल्लू पंडा का आकस्मिक निधन पिछले 8 मार्च को हो गया था, जिसके 12 वीं पर उत्कलिए ब्राह्मण सेवा संघ जिला इकाई सिमडेगा के पदाधिकारियों द्वारा स्व लाल मोहन उर्फ लल्लू पंडा के आवास पर जाकर दिवंगत के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करते शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात उनके आश्रित परिजनों को पांच हजार रुपए की सहायता राशि दी गई।

मौके पर उत्कलिए ब्राह्मण सेवा संघ के जिलाध्यक्ष विद्या बंधु शास्त्री, उपाध्यक्ष श्याम सुंदर आचार्य, चिंता मनी पति,नागेश्वर होता, संरक्षक केशव चन्द्र पाणिग्राही, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार द्विवेदी, सचिव जयंत मिश्रा, उपसचिव जितेंद्र पंडा, उपसचिव सुरज कुमार बीसी आदि समाज के लोग मौजूद रहे।

## चार अप्रैल को बख्तर साय मुंडल सिंह शहादत दिवस पर होगा कार्यक्रम



**बानो।** प्रखंड क्षेत्र के केवेटांग चौक में बैठक की गई।बैठक में 4 अप्रैल 2025 दिन शुक्रवार को वीर शहीद बख्तर साय मुंडल सिंह शहादत दिवस के अवसर पर नवागांव के वेतन चौक परिसर में झारखंडी संस्कृति सम्मेलन मेला का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड सांसद प्रतिनिधि अजीत कंडुलना उपस्थित रहेंगे। बैठक में बलराम सिंह,चैतू सिंह,शंकर सिंह,महेश सिंह,ललित सिंह राम प्रसाद सिंह,रविंद्र सिंह,तपेश्वर सिंह,जगदीश सिंह,रामप्रसाद सिंह,लोधे सिंह,सामुएल बुढ़,समिर कंडुलना,महावीर सिंह,जगदेव सिंह,पोदा सिंह, बुद्धेश्वर सिंह के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## बजरंगबली मंदिर की दूसरी वार्षिक महोत्सव पर 22 से होगा कार्यक्रमं

**बानो।** प्रखण्ड के बेर्निबेडा डोंगा घाट में बजरंग बली मंदिर का दूसरी वार्षिक उत्सव के अवसर पर अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के तहत 22 मार्च को प्रातः 8बजे कलश यात्रा व संध्या 6बजे नामकरण व अखंड हरि कीर्तन आरंभ। 23मार्च रविवार को पूर्णाहुति व भंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्राम सूत्रीउली ,लोवा,टाँगरकेला, कोटानंगेर आदि गांवों कीर्तन मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी महिपाल सिंह ने दी।

# हज यात्रियों के लिए बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची को ही इम्ब्रोकेशन पॉइंट बनाकर उड़ान संचालित करें: भूषण बाड़ा

- **2024 में बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची से इम्बार्केशन प्वाइंट हटा दिया गया और कोलकाता एयरपोर्ट को बना दिया गया।**

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने झारखंड के हज यात्रियों के लिए बिरसा मुंडा रांची एयरपोर्ट को इम्ब्रोकेशन पॉइंट बनाकर उड़ान संचालित करने की मांग की है। विधायक ने विधानसभा सत्र के शून्यकाल में सरकार को बताया कि रांची एयरपोर्ट को इम्बार्केशन प्वाइंट 2009 में बनाया गया था और तब से लेकर 2019 तक हर वर्ष करीब 3000 से 3200 हज यात्री रांची से जेद्दा फ्लाइट से जाया करते थे। लेकिन कोविड के कारण 2020-21 में यात्रा पर रोक लग गई और आवेदन करने के बावजूद यात्री हज नही जा सके।

विधायक भूषण बाड़ा ने बताया कि 2024 में बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची से इम्बार्केशन प्वाइंट हटा दिया गया और कोलकाता एयरपोर्ट को बना दिया गया।

इसके चलते झारखंड के करीब 3000 से 3200 हज यात्रियों को आर्थिक, शारीरिक और मानसिक परेशानियों का सामना कर हज के लिए जेद्दा जाना पड़ा।

विधायक ने सरकार से अनुरोध है कि पूर्वत की भांति हज यात्रियों के लिये बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची को ही इम्बाक्रेशन पॉइंट बनाया जाय। ताकि राज्य के हज यात्री आसानी से हज यात्रा में जा सके।

# संत जोसेफ की तरह धैर्यवान, आज्ञाकारी और समझदार बनें: जोसिमा खाखा

### जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने सभी पिताओं को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** पुराना सामटोली स्थित गोरेटो के पास सन्त जोसेफ पर्व को आबा पर्व के रूप में धूमधाम से मनाया गया। मौके पर संत अन्ना महागिरजाघर के पुरोहित फा एडमोन बाड़ा की अगुवाई में मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी उपस्थित थी। उन्होंने मुहल्ले के सभी पिताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। जबकि मुहल्ले के बुजुर्ग महिलाओं को भी सम्मानित किया। सभी पिताओं को सन्त जोसेफ की तरह आदर्श पिता बनने की अपील की। जोसिमा खाखा ने कहा कि सभी लोग संत जोसेफ की तरह ईश्वर की इच्छा का पालन करें। भले ही वह कठिन या समझ में न आए। अपने परिवार को प्रेम और सुरक्षा प्रदान करें। अपने बच्चों को जीवन के लिए तैयार करें। उनकी तरह धैर्यवान, आज्ञाकारी और समझदार बनें। अपने काम को महत्व दें और निरंतर प्रार्थना करें। जोसिमा खाखा ने कहा कि संत जोसेफ की तरह आदर्श पिता बनने का मतलब है, ईश्वर की इच्छा का पालन करना। परिवार को प्रेम और सुरक्षा प्रदान करना और बच्चों को जीवन के लिए तैयार करना है। जोसिमा ने कहा कि संत जोसेफ ने हमेशा ईश्वर की इच्छा का पालन किया। उन्होंने मरियम और यीशु को प्रेम और सुरक्षा प्रदान की और उन्हें हर तरह से सहारा दिया। उन्होंने कहा कि संत जोसेफ येशु को जीवन के लिए तैयार किया। उसे ज्ञान और कौशल सिखाए। उसे ईश्वर के प्रति समर्पित किया। संत जोसेफ हमेशा धैर्यवान और समझदार रहे और उन्होंने मरियम और यीशु के साथ हर तरह से सहयोग किया। जोसिमा ने कहा कि संत जोसेफ आज्ञाकारी थे और उन्होंने हमेशा ईश्वर की इच्छा का पालन किया। मौके पर उप प्रमुख सिलबेस्टर बाघवार, विधायक प्रतिनिधि प्रो शीतल एक्का, कांग्रेस सदर प्रखंड अध्यक्ष नवीन बीरेन तिर्की, जोसेफा कुजूर, पूर्व वार्ड पार्षद अगाथा तिर्की, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, शोभेन तिग्गा, सुनील, शशिकला बेक, प्रेमा मिंज, बिनीता कुजूर, सुनील खेस, ओपोलिना किंडो, अनिमा तिर्की, उषा खलखो, प्रफुल्ल बेक, गुलाब खलखो, एर्नेस्ट, अनिमा मिंज, अनिमा खेस, अनिमा एक्का सहित पंच प्रचारक आदि उपस्थित थे।

# भाजपा सिमडेगा नगर मंडल द्वारा बूथ कमेटी का किया गया पुनर्गठन



**सिमडेगा।** सिमडेगा नगर मंडल बूथ पूर्णगठन के निमित्त उत्क्रमित राजयकीय मध्य विद्यालय सलडेगा शक्तिकेंद्र के बूथ नंबर 155,156,157 बूथों का सर्वसमिति से गठन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से नगर मंडल के चुनाव प्रभारी विश्वनाथ मिश्रा, तीनों बूथ के चुनाव प्रभारी हँसारानी,पूर्व जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर,नगर महामंत्री कृष्णा महतो,जिला मंत्री शकुंतला देवी,जिला मंत्री रूनी कुमारी, कमला कुमारी,मनोज चौब्बे,जयंती देवी,पुष्पा देवी,सानया देवी,कौशल्या देवी, रीना देवी,निर्मला देवी,गणेश महतो,कमल किशोर,महतो,बबलू बड़ाईक के अलावे तीनों बूथ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।


# कोलेबिरा विधायक ने अधूरे पड़े तीन उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य को लेकर उठाई मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने शुन्य काल में बुधवार को सिमडेगा जिला में उच्च स्तरीय पुलिया निर्माण कार्य कराने वाले संवेदकों के लापरवाही रवैए को देखते हुए नाराजगी जताई है।उन्होंने बताया कि कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जलडेगा प्रखण्ड के टाटी पंचायत में वर्ष 2018 को देवनदी टोनिया में,वर्ष2019मेंदेवनदी टोनिया खिजुरबहार और 2019मेंशंख नदी के कोरंजो से कसीरा बल्याजोर घाट में उच्च स्तरीय पुलिया निर्माण का कार्य स्वीकृत है। वर्णित पुलों का एकरारनामा के अनुसार ससमय कार्य निष्पादित नहीं हुआ है।

जिससे राजस्व सहित आम जनता का आवागमन भी बाधित हो रहा है।उन्होंने सदन के माध्यम से मांग किया कि उक्त तीनों पुलों का कार्य यथाशीघ्र शुरू करवाया जाए और संवेदकों पर विभागीय स्तर पर वित्तीय एवं दण्डनात्मक उचित कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा सिमडेगा जिला में संवेदक काम लेने के चक्कर में निम्न संविदा भरकर ले लेते हैं ,किन्तु जब कार्य सम्पादित करने का समय होता है तो निम्न दर का बहाना बना कर रोना शुरू कर देते हैं। नतीजा यह होता है कि काम समय पर पूरा नहीं हो रहा है।इसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ता है। आवागमन में असुविधा होती है। इसके अलावा विधायक कोलेबिरा ने एप्रोच रोड के सम्बन्ध में भी आवाज उठाते हुए रोड बनाने के लिए सरकार से जवाब तलब किए। जिस पर विभाग ने अपना जवाब सदन के माध्यम से दिया।

# गेस्ट वेरिफिकेशन सिस्टम को लेकर पुलिस उपाधीक्षक ने कई होटलों पर किया जांच



**सिमडेगा।** सिमडेगा जिलान्तर्गत " गेस्ट वेरिफिकेशन सिस्टम" का लॉन्च किया गया जिसका उद्देश्य जिले में अवस्थित सभी होटलों/गेस्ट हाउस/लॉज आदि को ऑनलाईन रजिस्टर कर होटल में आने/ठहरने वाले लोगों का पहचान करना एवं सत्यापन करते हुए उनपर निगरानी रखना है। इसी कड़ी में बुधवार को पुलिस उपाधीक्षक रणवीर सिंह, थाना प्रभारी सिमडेगा एवं टेकनीकल टीम के साथ सिमडेगा जिलान्तर्गत अवस्थित विभिन्न होटलों/गेस्ट हाउस/लॉज आदि का जांच किया गया कि होटल/गेस्ट हाउस/लॉज को " गेस्ट वेरिफिकेशन सिस्टम में रजिस्टर किया गया है या नही, आगन्तुक का ऑनलाईन इन्ट्री किया गया है या नही, होटल संचालक द्वारा आगन्तुक का पहचान पत्र प्राप्त कर सत्यापन कराया जा रहा है या नही।

## गिरदा ओपी परिसर में 20 मार्च को थाना दिवस का होगा आयोजन

**गिरदा।** गिरदा ओपी में 20 मार्च को थाना दिवस का आयोजन किया गया है जिसमें मुख्य रूप से बानो अंचल अधिकारी रवि भूषण प्रसाद और अंचल कर्मी उपस्थित रहेंगे।वहीं अपराह्न 02:00 बजे से रामनवमी त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक का भी आयोजन किया गया है।उक्त जानकारी देते हुए ओपी प्रभारी हर्ष कुमार साह ने सभी ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा है कि थाना दिवस में अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीण अपने समस्याओं को लेकर गिर्दा ओपी जरूर आएं।साथ ही शांति समिति के सभी सदस्यो तथा स्थानीय ग्रामीणों को शांति समिति की बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# लगाई गई लाइटों का नियमित रूप से कार्य करना सुनिश्चित करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार की उपस्थिति में बुधवार को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्य की समीक्षा की गई समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने चुट्टूपालू घाटी में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए। वर्तमान में घाटी में लगाई गई लाइटों के नियमित रूप से कार्य करने की जानकारी ली। मौके पर उपायुक्त ने हर हाल में घाटी में लगाई गई लाइटों का नियमित रूप से कार्य करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने घाटी क्षेत्र में दुर्घटनाओं को रोकने हेतु साइन बोर्ड लगाने के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा घाटी में ओवर स्पीडिंग पर रोक लगाने, घाटी में हाई मास्ट लाइट लगाने, सीसीटीवी कैमरे, वाहन जांच अभियान, जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन, ब्लैक स्पॉट चिंहितिकरण आदि को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलने व अवैध परिवहन पर लगाम लगाने हेतु समय-समय पर विशेष वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने एवं वाहन चालकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नियमित रूप से जिले के सभी क्षेत्रों में सभी थाना प्रभारी को नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। ताकि लोगों में जागरूकता फैले और वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करें जिससे हो रही दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। इन सबके अलावा बैठक के दौरान नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों/ अधिकारियों, एनएचएआई के अधिकारियों, कार्यपालक अभियंताओं सहित अन्य उपस्थित थे।

### एमजीएम में मरीज की मौत परिजनों ने डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में एक महिला मरीज गोरंगो देवी की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया. परिजनों ने डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है. मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार को बहरागोड़ा निवासी गौरंगो देवी (74 वर्ष) को परिजन गंभीर हालत में एंबुलेंस से लेकर एमजीएम अस्पताल पहुंचे. इमरजेंसी में स्ट्रेचर उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीज को एंबुलेंस से उतारने में देर हुई. परिजनों का आरोप है कि उनलोगों ने डॉक्टर से एंबुलेंस तक आकर मरीज की जांच करने का आग्रह किया, लेकिन डॉक्टर वहां नहीं गए और मरीज को इमरजेंसी में ही लाने की बात कही. काफी देर बाद स्ट्रेचर मिलने पर मरीज को इमरजेंसी में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

# मईया सम्मान योजना की राशि नहीं मिलने से महिलाएं परेशान



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत मिलने वाली राशि की लाभ को लेकर बेंगाबाद प्रखंड में काफी संख्या में लाभार्थियों का हुजूम हर दिन देखने को मिल रहा है. बताया गया कि तीन महीने की राशि नहीं मिली है.इस बात को लेकर महिलाएं हर दिन प्रखंड मुख्यालय का चक्कर लगा रही है पैसा नहीं मिलने से महिलाओं में काफी नाराजगी है।नाराज महिलाओं ने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय सत्ता में आने के लिये सभी महिलाओं कहा गया कि सभी को एक हजार के जगह पच्चीस रुपए देंगे और से पैसा देने का वादा भी किया था. परंतु अब सत्ता में आने के बाद सरकार किए गए वादे से मुकर रहे हैं. महिलाओं ने विधायक कल्पना दीदी से मईया सम्मान की राशि देने की मांग की है इसको लेकर पूरे प्रखंड में हाहाकार मचा हुआ है. ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं छोटी-छोटी बच्चों को लेकर कड़ाके की धूप में प्रखंड कार्यालय का चक्कर काट रही हैं. वहीं किसी को आधार सीडिंग तो किसी किसी को डीबीटी कहकर हर दिन घुमाया जा रहा है. फिर भी महिलाओं की भीड़ कम नहीं हो रही है.

### चिताखारो गांव में घर में लगी आग, हजारों की संपत्ति जलकर राख



**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के चिताखारो में आगजनी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार बात दे कि आगजनी का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। चिताखारो गांव के निवासी भुनेश्वर यादव के घर में छत पर रखा बिचाली में आगजनी हो गई। स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू बड़ी मशक्कत के बाद पाया। पीड़ित भुनेश्वर यादव ने बताया कि आगजनी की घटना उस समय हुई जब घर पर कोई नहीं था।जब आग की लपटें दिखाई दे तो हल्ला मचा गया। जिससे बाद ग्रामीणों की भीड़ इकठ्ठा हो गया और आग पर काबू जाने का प्रयास किया जाने लगा तब तक हजारो की संपत्ति जलकर राख हो गया।

### पूर्व विधायक विनोद सिंह ने की घोड़थंबा उपद्रव मामले के पीड़ित परिवारों से मुलाकात, मुआवजे की मांग

**गिरिडीह।** होली के दौरान घोड़थंबा बाजार में हुए दंगा मामले को लेकर राजनीतिक हलचल तेज है। लगातार नेताओं का दौरा जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को बगोदर के पूर्व विधायक विनोद सिंह ने घोड़थंबा का दौरा कर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया। उन्होंने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सरकार से दुकानदारों को मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि दोनों समुदायों के लोगों ने आपसी विश्वास बनाए रखा, जिससे स्थिति जल्दी नियंत्रित हो गई। हालांकि, कुछ राजनीतिक दल इस मामले को अनावश्यक रूप से तूल देने की कोशिश कर रहे हैं। इस दौरान विनय संथालिया, नवाब अली, कौशल्या दास, इंद्र देव यादव, क्यूंम अंसारी और अनवर अली समेत कई नेता भी उनके साथ मौजूद थे।

### 24 से 29 मार्च तक प्रखंड परिसर में लगेंगे ईकेवाईसी/एनपीसीआई मैपिंग शिविर



**बरही ।** आगामी 24 मार्च से 29 मार्च तक प्रखंड परिसर में ई केवाईसी और एनपीसीआई मैपिंग व आधार सीडिंग शिविर का आयोजन किया जायेगा. उक्त जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने प्रेस सूचना जारी कर दिया. इस शिविर में प्रखंड के सभी सरकारी व गैर सरकारी बैंक के अधिकारी/प्रतिनिधि अपने सिस्टम के साथ मौजूद होगे. जो ग्राहकों के समस्याओं का ऑन द स्पॉट निदान करेंगे. बीडीओ ने बताया कि वर्तमान में सभी प्रकार की राशि डीबीटी पद्धति से लाभुक के खाते में हस्तांतरित किए जा रहे है. इसमें कई लाभुक के खाता में डीबीटी या ई केवाईसी की समस्या आ रही है. जिससे डीबीटी का लाभ लाभुक को नही दिया जा पा रहा है. इस संबध में विगत बीएलबीसी की बैठक में सभी बैंकर्स को निर्देशित भी किया गया था. उन्होंने सभी खाता धारियों से उक्त शिविर में उपस्थित होकर अपने खाता का ई केवाईसी और एनपीसीआई मैपिंग/आधार सीडिंग करवाने की अपील किया है.

# संदेहास्पद स्थिति में महिला का फंदे से झूलता शव मिला



**नवीन मेल संवाददाता। गावां** गावां थाना क्षेत्र के जमडार में एक महिला का शव फंदे से झूलता मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त गांव की 30 वर्षीय संगीता देवी पति सुनील साव जंगल से लकड़ी चुनकर आई थी। बाद में फांसी के फंदे से उसका शव झूलता मिला। मामले की सूचना पर गावां थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह दल बल के साथ जमडार पहुंचे व शव को फंदे से उतार कर अपने कब्जे में ले लिया। बाद में मृतिका की मां कलवा देवी पति कार्तिक साव ग्राम गादीकला ने गावां थाना में आवेदन देकर पुत्री को जान से मारने का आरोप लगाई है। उन्होंने कहा कि हिन्दू रीतिरिवाज के अनुसार अपनी बेटी की शादी किये थे। उसे एक पुत्र व दो पुत्री है। शादी के बाद उसकी सास रंगवा देवी, पति सुनील साव, ननद कौशल्या देवी, ननदोशी भीम साव, भग्ना दिलीप साव बराबर दहेज की मांग कर प्रताड़ित करते थे। शादी के समय हमलोगों ने एक लाख रुपये नगद एवं दो लाख रुपये के समान दिए थे। लेकिन उक्त लोग मायके से बाइक लाने का दवाब बनाकर मानसिक व शारिरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। बाद में अचानक फोन आया कि आपकी बेटी के साथ मारपीट किया जा रहा हैं। बाद में हमलोग जब वहां पहुँचे तो पता चला कि मेरी बेटी की हत्या की गई है। जिसका शव गावां पुलिस अपने कब्जे लेकर थाना चली गई है। मामले में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने कहा कि शव को बरामद कर लिया गया है। वहीं आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

# सामुदायिक भवन के निर्माण को लेकर विधायक ने विस में शून्यकाल के दौरान उठाई मांग



**रामगढ़।** कुंदरूकला पंचायत में प्रस्तावित सामुदायिक भवन के निर्माण को लेकर रामगढ़ विधायक ममता देवी ने झारखंड विधानसभा में शून्यकाल के दौरान सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने मांग किया कि यह भवन वर्तमान में प्रस्तावित स्थल (दामोदर नदी के किनारे) पर ना बनाकर पंचायत भवन कुंदरूकला के बगल में बनाया जाए, ताकि स्थानीय जनता को भविष्य में हर प्रकार की सुविधा होगी विधायक ममता देवी ने कहा कि यदि सामुदायिक भवन को पंचायत भवन के समीप बनाया जाता है, तो यह अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक होगा। उन्होंने इस मुद्दे पर मांग और जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभागों से शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया।

## जिला स्तरीय साथिया सम्मेलन का किया गया आयोजन




हजारीबाग। राज्य मुख्यालय के निदेश के आलोक में जिला स्तरीय साथिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। उपायुक्त, हजारीबाग के अध्यक्षता में उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित के साथ किया गया। प्रखंडो से चयनित साथिया के द्वारा स्वागत गान एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में विभिन्न विषयों यथा साथिया के द्वारा विगत वर्षो में किये गये कार्य एवं उपलब्धि, असंचारी रोग से बचाव, महावारी स्वच्छता प्रबंधन तथा युवाओं में बढ़ते नशा के रोकथाम हेतु विषयों पर लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। सिविल सर्जन, हजारीबाग के द्वारा अपने संदेश में किशोर-किशोरियों एवं साथिया को स्वास्थ्य के क्षेत्र में जागरूक होकर बेहतर कार्य करने पर जोर दिया गया। उनके द्वारा यह भी बताया गया की साथिया एवं स्कूल हेल्थ एंड वेल्नेस मैसेंजर के द्वारा आने वाले समय में विभिन्न स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्रों में किये जा रहे जागरूकता कार्य, लोगो को स्वास्थ्य संबंधित विषयों पर जोड़कर इसके बेहतर परिणाम को सामने लाने में सकारात्मक भूमिका परिलक्षित हुई है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में और बेहतर कार्य किये जाय ऐसी आशा की जाती है। स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में साथिया अपने कर्तव्यों के प्रति लगनशील होकर और बेहतर कार्य करें। सरकार सकारात्मक परिणामों सहित गुणात्मक सेवाओं को उपलब्ध कराने हेतु वचनबद्ध है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, राँची।**
झारखण्ड सरकार **अतिअल्पकालीन उद्धरण आमंत्रण सूचना–03 वर्ष 2024–25** झारखण्ड सरकार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, राँची के लिए सरकारी कार्यो के निष्पादन हेतु मासिक किराये पर डीजल ए०सी० 01 (एक) अदद् वाहन Mahindra Bolero Neo की आपूर्त्ति चालक सहित हेतु दिनांक–26.03.2025 के अपराह्न 12:30 बजे तक दर हेतु उद्धरण मुहरबंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा, जो दिनांक–26.03.2025 के अपराह्न 1:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उद्धरणकर्त्ता/उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के समक्ष उपस्थिति/अनुपस्थिति में खोला जायेगा। उद्धरणकर्त्ता द्वारा उद्धृत दर चालक एवं सभी कर सहित होगा।

उद्धरण की शर्त्ते कार्यालय एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखी जा सकती हैं।

**E-mail** ID-eercdranchi-jhr@nic.in

कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि०, पथ प्रमण्डल,राँची।

PR 348794 Road Construction Dept Road Division Ranchi(24-25)D


### स्कूलों में अंग्रेजी साक्षरता कार्यक्रम को सफल बनाने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को किया गया सम्मानित




**धनबाद।** धनबाद जिले में निहार शांति द इंग्लिश लिटरेसी प्रोग्राम के तहत विद्यालयों में अंग्रेजी साक्षरता कार्यक्रम को सफल बनाने वाले बाघमारा अंचल के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसवरिया की सहायक शिक्षिका सोनी कुमारी सहित पूरे जिले के 23 शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। शिक्षक शिक्षिकाओं को जिला शिक्षा अधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अभिषेक झा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अभिषेक झा ने कहा कि निहार शांति पाठशाला के अंग्रेजी साक्षरता कार्यक्रम को शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपने-अपने विद्यालयों में बेहतर तरीके से लागू किया। अंग्रेजी में बच्चों की पकड़ मजबूत हो रही है। इसमें कुछ शिक्षक शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज उन सभी को शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। शिक्षक शिक्षिकाओं को धनबाद जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अभिषेक झा और लीप फोर वर्ड के संस्थापक प्राणील नायक ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### मां रंकिणी कापड़गादी घाट विकास समिति के शिविर में 15 यूनिट रक्त संग्रह

**जादूगोड़।** मां रंकिणी मंदिर, जादूगोड़ा के मुख्य पुजारी स्वर्गीय गुन सिंह सम्मान में मां रंकिणी कापड़गादी घाट विकास समिति ने रक्तदान सह चिकित्सा शिविर लगाया. शिविर में 15 यूनिट रक्त संग्रह किया गया. शिविर का उद्घाटन क्षेत्रीय वनपाल अरुण कुमार व संस्था के अध्यक्ष दिनेश सरदार ने स्व. गुन सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया.


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**विशेष कार्य प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, राँची**
**Mail:-splworksdivbcdrnc@gmail.com**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–62/2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम :– कार्यपालक अभियंता, विशेष कार्य प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–26.03.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–27.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–27.03.2025 को अपराह्न 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, छोटानागपुर भवन अंचल संख्या–1, भवन निर्माण विभाग, राँची। (ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विशेष कार्य प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग राँची।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विशेष कार्य प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
7. निविदाद्यीन कार्य का विवरण :–

| क्र. सं | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Emergent Repair work of Borewell No-1 and 2 and Both Gate of Jharkhand Bhawan Vasant Vihar New Delhi for the Year -2024-25 | 3,10,131.00 | 6,300.00 | 750.00 | 1 Months |

8. निविदा की शर्ते prdjharkhand.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है ।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता
विशेष कार्य प्रमण्डल, भ0 नि0 वि0, राँची

PR 348743 Building (24-25)_D


### उपमुखिया ने मनरेगा जेई और एई को दी जान से मारने की धमकी

# बीडीओ ने थाने में आवेदन देकर मदद की लगाई गुहार

*हम चाहेंगे तब एक सप्ताह के अंदर तुम लोगों को नौकरी से हटवा देंगे या फिर दूसरे प्रखंड में तबादला करवा देंगे।*



**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय** गांडेय प्रखंड के एई संतोष महथा और मनरेगा जेई प्रवीण मंडल ने बडकीटांड पंचायत के उप मुखिया महबूब आलम के खिलाफ बुधवार को गांडेय बीडीओ निशात अंजुम और गांडेय थाना में आवेदन दिया है। आवेदन के माध्यम से एई ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान बडकीटांड पंचायत के मनरेगा योजना में अनियमितता की सूचना मिली थी। अनियमितता मिलने पर संबंधित मेट को योजना में सुधार करने का निर्देश दिया गया। आवेदन में कहा गया है कि बडकीटांड पंचायत के बांधबाद गांव में मनरेगा एक्ट के तहत साजिद अंसारी का तालाब निर्माण किया जा रहा है। उक्त योजना में मेट बेगम खालिदा जिया है जिसका जाब कार्ड संख्या (जेएच 19006003005/1600) है। युक्त योजना का कोड 9437 है। जिसमें मेट बेगम खालिदा जिया पोषण सखी के रुप में भी कार्य कर रही है, साथ ही मईया सम्मान योजना का भी लाभ ले रही है। जांच के क्रम उक्त स्थल पर निमार्णाधीन तालाब प्रतीक नहीं हो रहा था साथ ही उसी स्थान पर एक और तालाब का निर्माण कार्य किया जा रहा है। उस तालाब में कार्य से अधिक भुगतान भी कर लिया गया है। उक्त मामले को लेकर बडकीटांड पंचायत का उप मुखिया मेहबूब आलम जो कि मनरेगा जांब कार्ड धारी जिसका संख्या (जेएच19006003005/456ए) साथ ही मनरेगा भेंडर भी है। उप मुखिया ने हमलोगों को धमकी देते हुए कहा कि यहां ऐसे ही काम चलता है। हम चाहेंगे तब एक सप्ताह के अंदर तुम लोगों को नौकरी से हटवा देंगे या फिर दूसरे प्रखंड में तबादला करवा देंगे। आवेदन में एई ने कहा कि भेंडर मेहबूब आलम ने रॉयल्टी और टैक्स की भी चोरी किया है जो कि जांच का विषय है। थाना में आवेदन देकर जेई और एई ने कहा कि महबूब आलम एक दबंग किस्म का व्यक्ति हैं, उसके मारने की धमकी से हम दोनों बहुत ड़रे और सहमे हुए हैं।

# बालू लदे ट्रैक्टर ने भागने के चक्कर में सीओ की गाड़ी में मारी टक्कर




**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी** तिसरी थाना क्षेत्र में अवैध बालू लदे ट्रैक्टर ने भागने के क्रम में सीओ की गाडी में टक्कर मार दी। जिसके बाद ड्राइवर गाडी को चालू छोड़ भाग गया,नतीजतन गाडी का टेलर सड़क किनारे स्थित खेत में जा पलटा। जिसके बाद सीओ ने गाडी से उतरकर पुलिस को फोन लगाया लेकिन इसी दौरान ट्रैक्टर मालिक का आदमी आया और सब के सामने टेलर खोल इंजन लेकर फरार हो गया। हालांकि पुलिस ने मौके से राकेश यादव नामक एक युवक को हिरासत में लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को तिसरी के अंचलाधिकारी अखिलेश प्रसाद अपने आवास से पंचायत भवन जा रहे थे। इसी बीच उन्हें अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जाने की सुचना मिली। सुचना के उपरांत उक्त गाड़ी को पकड़ने के लिए अंचलाधिकारी जैसे ही खम्भाडीह मोड़ पहुंचे,भंडारी की ओर से आ रहा बालू लदा ट्रैक्टर अंचलाधिकारी को देखकर गाड़ी लेकर भागने की कोशिश करने लगा। इसी दौरान सीओ की सरकारी गाडी में टक्कर मार दिया।


fssai | **खाद्य सुरक्षा कार्यालय, राँची** | Eat Right India
Food and Drug Administration Building,
Near Blood Bank, Sadar Hospital Campus, Ranchi (JH)-834001 (E-Mail: do.foodranchi@gmail.com)

**खाद्य कारोबारियों के लिए आवश्यक सूचना**

खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत् सभी खाद्य कारोबारियों यथा–होटल, भोजनालय, रेस्टुरेंट, पानी विक्रेता, थोक विक्रेता(**Wholesaler**),वितरक(**Distributor**), भंडारक (**Storer**), विनिर्माता (**Manufacturer**), खुदरा विक्रेता (**Retailer**), शराब विक्रेता, ठेला, खोमचा, मीट/चिकन/मछली/अण्डा दुकान, कैंटीन, मिठाई दुकानदार, परिवहन (**Transportation**), फल सब्जियों का दुकान, सरकारी/अर्द्ध सरकारी कार्यालय परिसर/शिक्षण संस्थान में संचालित कैंटीन इत्यादि को फुड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन लेना अनिवार्य है। खाद्य अनुज्ञप्ति के बिना खाद्य कारोबार करना दण्डनीय अपराध है एवं धारा–63 के तहत 10 (दस) लाख रू० तक के जुर्माने का प्रावधान है।

अतः खाद्य कारोबारियों के खाद्य लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्र० सं० | दिनांक | कैम्प का स्थल |
|---|---|---|
| 01 | 21-03-2025 एवं 22-03-2025 | खाद्य एवं औषधि प्रशासन भवन, ब्लड बैंक के समीप, सदर अस्पताल परिसर, राँची–834001 |

| | | |
|---|---|---|
| रजिस्ट्रेशन शुल्क | 12 लाख से कम का वार्षिक टर्नओवर | 100 रू0 प्रतिवर्ष |
| लाईसेंस शुल्क | 12 लाख से अधिक का वार्षिक टर्नओवर | 2000 रू० प्रतिवर्ष (सामान्य कारोबारी) 3000 से 5000 रू० प्रतिवर्ष (मैन्युफैक्चरर) |

रजिस्ट्रेशन के लिए आवश्यक दस्तावेज :–
1. एक स्वअभिप्रमाणित फोटो पहचान–पत्र (पैन कार्ड एवं आधार कार्ड)। 2. एक पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ।
3. अगर पहचान–पत्र में व्यवसाय स्थल का पता अंकित नहीं तो व्यवसाय स्थल के स्वामित्व का दस्तावेज।

लाईसेंस के लिए आवश्यक दस्तावेज :–
1. प्रोपराईटर्स/पार्टनर/डायरेक्टर का लेटरहेड में विवरण (नाम, पता, मो० नं०, एवं ई–मेल आई०डी०)।
2. खाद्य कारोबारी का पहचान–पत्र (पैन कार्ड एवं आधार कार्ड)।
3. व्यवसाय स्थल के स्वामित्व का दस्तावेज। 4. प्रोपराईटर्सशीप का सेल्फ डिक्लेरेशन/पार्टनशीप डीड।

खाद्य व्यवसाय से संबंधित कुछ विशेश दस्तावेज :–
1. मीट दुकान/वधशाला के लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन हेतु स्थानीय निकाय एवं प्रदुशण कंट्रोल बोर्ड से अनापति प्रमाण–पत्र।
2. मैन्युफैक्चरर के लिए युनिट का ब्लुप्रिंट/मशीन की सूची/पानी का रसायनिक एवं जैविक जाँच रिर्पोट।
3. कैटरर/रेस्टुरेंट/होटल के लिए पानी का रसायनिक एवं जैविक जाँच रिर्पोट।
• नोट–सभी दस्तावेज स्वाअभिप्रमाणित रूप में जमा करना है।

ह0/– खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, राँची। ह0/– अभिहित अधिकारी –सह– अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची।

PR.NO.348803 Health Med Edu and Family Welfare(24-25):D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

अनेक व्यक्ति अपनी भूलों की तो अनदेखी करते रहते हैं लेकिन दूसरे व्यक्तियों को बड़ी कठोरता से परखते हैं। हमें इस दृष्टिकोण को पलट कर दूसरों की कमियों को अनदेखा करके अपनी त्रुटियों की कठोरतापूर्वक जाँच करनी चाहिए। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

### अमीर बढ़े और गरीबी के बीच खाई भी

देश के लगभग 100 करोड़ भारतीयों के पास इतनी आय नहीं है कि वे मनचाही वस्तुओं का क्रय कर सकें वे अमीरी बढ़ने के बाद भी किसी भी प्रकार से किसी भी वस्तु पर अतिरिक्त खर्च करने में असमर्थ हैं। लोग जरूरत के अलावा सामान या सुविधाएं नहीं खरीद सकते। वहीं, देश के केवल 10 प्रतिशत लोग, अर्थात 13-14 करोड़ लोग देश की अर्थव्यवस्था को चला रहे हैं, क्योंकि ये लोग ही सबसे ज्यादा खर्च करते हैं और देश की तरक्की में बड़ा रोल निभाते हैं। केंद्र सरकार एक तरफ देश में तरक्की का नया मॉडल पेश करते हुए विकसित भारत की तरफ बढ़ते कदमों का आंकड़ा पेश करती है, वहीं गरीबी और अमीरी की बढ़ती खाई ने इस मॉडल पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। ब्लूम वेंचर्स की इंडस वैली की वार्षिक रिपोर्ट 2025 भारत की आर्थिक विषमता की यह तस्वीर पेश करती है। इस रिपोर्ट का सरकार द्वारा किसी तरह प्रतिवाद नहीं किए जाने से साफ जाहिर है कि देश की आर्थिक सेहत एक तरफा जा रही है। अमीरी और गरीबी की खाई का चौड़ा होना जारी है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत का उपभोक्ता बाजार बड़े स्तर पर विस्तार नहीं कर रहा है, बल्कि एक ही जगह गहरा होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि भले ही अमीर लोगों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हो रही है, लेकिन जो लोग पहले से ही अमीर हैं, वे और भी अमीर हो रहे हैं। शीर्ष 10 प्रतिशत भारतीयों के पास अब कुल राष्ट्रीय आय का 57.7 प्रतिशत हिस्सा है, जो पहले 1990 में 34 प्रतिशत था, जबकि निचले स्तर पर यह हिस्सा पहले के 22.2 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत रह गया है। इसके अलावा, 30 करोड़ लोग ऐसे हैं जिन्होंने हाल फिलहाल खर्च करना शुरू किया है। ये लोग भी अपने खर्च को लेकर बहुत सावधान हैं। खर्च करने वाला वर्ग बढ़ नहीं रहा! 5 साल पहले रियल एस्टेट की कुल बिक्री में अफोर्डेबल हाउसिंग की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी, जो अब घटकर महज 18 प्रतिशत रह गई है। इस महीने पेश हुए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग की जेब ढीली करने के लिए टैक्स में छूट दी। 12 लाख रुपये तक कमाई करने वालों को अब इनकम टैक्स नहीं देना होगा जिससे 92 प्रतिशत वेतनभोगी लोगों को राहत मिलेगी। इसके बावजूद भारत की खपत चीन से 13 साल पीछे है। वर्ष 2023 में भारत में प्रति व्यक्ति खर्च 1,493 डॉलर था, जबकि चीन में वर्ष 2010 में ही ये 1,597 डॉलर था। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में भी हालात ठीक नहीं हैं। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में बढ़ता कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। दिसंबर 2024 तक इस सेक्टर के नॉन-परफॉर्मिंग असेट्स (एनपीए) 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। ये अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है और कुल लोन का 13 प्रतिशत है। अमीर-गरीब के बीच की खाई भारत में कभी छिपी नहीं रही है। यह खाई और चौड़ी हो गई है। माइक्रोफाइनेंस का मतलब है गरीब परिवारों को बिना गारंटी के लोन देना। इन परिवारों की सालाना कमाई 3 लाख रुपये से कम होती है। ज्यादातर महिलाएं इन लोन का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन ज्यादा लोन देने की होड़ में हालात बिगड़ गए हैं।

*भले ही अमीर लोगों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हो रही है, लेकिन जो लोग पहले से ही अमीर हैं, वे और भी अमीर हो रहे हैं।*

# गौरैया के बिना जीवन संगीत अधूरा




गौरैया विलुप्त होने की कगार पर पंहुची विश्व की सबसे पुरानी पक्षी प्रजाति है। सुदूर अतीत से पिछले एक-दो दशक तक हमारे घर-आंगन में फुदकने वाली एवं हमारे जीवन संगीत का अहम हिस्सा गौरैया आज विलुप्ति के कगार पर है। घरों को अपनी चीं-चीं से चहकाने वाली गौरैया अब दिखाई नहीं देती। इस छोटे आकार वाले खूबसूरत एवं शांतिपूर्ण पक्षी का कभी इंसान के घरों में बसेरा हुआ करता था और बच्चे बचपन से इसे देखते हुए बड़े हुआ करते थे। ज्यादा से ज्यादा लोग गौरैया के साथ इंसानी संपर्क के महत्व को समझे एवं इस नन्हें से परिंदे को बचाने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। नेचर फोरेवर सोसाइटी (भारत) और इको-सिस एक्शन फाउंडेशन (फ्रांस) के मिले जुले प्रयास के कारण इस दिवस को मनाने की शुरुआत 2010 में हुई। नासिक निवासी भारतीय प्रकृति एवं संरक्षणवादी डॉ.मोहम्मद दिलावर ने घरेलू गौरैया पक्षियों की सहायता हेतु नेचर फोरेवर सोसाइटी की स्थापना की थी। इनके इस कार्य को देखते हुए टाइम ने 2008 में इन्हें हिरोज ऑफ दी एनवायरमेंट नाम दिया था। पर्यावरण के संरक्षण और इस कार्य में मदद की सराहना करने हेतु एनएफएस ने 20 मार्च 2011 में गुजरात के अहमदाबाद शहर में गौरैया पुरस्कार की शुरुआत की थी। गौरैया पक्षी प्रकृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह जैव विविधता और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। 2025 में विश्व गौरैया दिवस का थीम 'प्रकृति के नन्हे दूतों को श्रद्धांजलि' है।

भारत में गौरैया आम जनजीवन का हिस्सा हुआ करती थी, उनकी संख्या घटने के पीछे कई कारण हैं। बढ़ता शहरीकरण और पेड़ों की कटाई उनके घोंसले बनाने की जगहें खत्म कर रहे हैं। मोबाइल टावरों से निकलने वाले रेडिएशन उनकी प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर रहे हैं। कीटनाशकों और रसायनों के बढ़ते उपयोग के कारण उनके भोजन के स्रोत कम हो रहे हैं। इसके अलावा, आधुनिक घरों की वास्तुकला में ऐसी संरचनाएं नहीं होतीं जहां गौरैया अपना घोंसला बना सके, जिससे उनके अस्तित्व पर संकट बढ़ता जा रहा है। विशेषतः यह पक्षी मानवीय लोभ की भेंट तो चढ़ ही रहे हैं, जलवायु परिवर्तन के कारण भी इनकी संख्या लगातार कम हो रही है। कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए पक्षियों का शिकार एवं अवैध व्यापार जारी है। माइक्रोवेव प्रदूषण जैसे कारण इनकी घटती संख्या के लिए जिम्मेदार हैं। जन्म के शुरुआती पंद्रह दिनों में गौरैया के बच्चों का भोजन कीट-पतंग होते हैं। पर आजकल हमारे बगीचों में विदेशी पौधे ज्यादा उगाते हैं, जो कीट-पतंगों को आकर्षित नहीं कर पाते। जीवन के अनेकानेक सुख, संतोष एवं रोमांच में से एक यह भी है कि हम कुछ समय पक्षियों के साथ बिताने में लगाते रहे हैं, अब ऐसा क्यों नहीं कर पाते? क्यों हमारी सोच एवं जीवनशैली का प्रकृति-प्रेम विलुप्त हो रहा है? मनुष्य के हाथों से रचे कृत्रिम संसार की परिधि में प्रकृति, पर्यावरण, वन्यजीव-जंगल एवं पक्षियों का कलरव एवं जीवन-ऊर्जा का लगातार खत्म होते जाना जीवन से मृत्यु की ओर बढ़ने का संकेत है।

विश्व गौरैया दिवस गौरेया के संरक्षण और उसके सामने आने वाली चुनौतियों के प्रति जागरूक करने के लिये मनाया जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि पक्षियों की सुरक्षा केवल उनके अस्तित्व के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए भी जरूरी है। जैसे-जैसे पर्यावरणीय समस्याएं बढ़ रही हैं, वैसे-वैसे गौरैया और अन्य शहरी पक्षियों की सुरक्षा और भी महत्वपूर्ण हो गई है। दिल्ली में तो गौरैया इस कदर दुर्लभ हो गई है कि ढूंढे से भी यह पक्षी देखने को नहीं मिलता, इसलिए वर्ष 2012 में दिल्ली सरकार ने इसे राज्य-पक्षी घोषित कर दिया था। गौरैया के अस्तित्व पर मंडरा रहा खतरा मानवता पर भी एक प्रश्नचिह्न भी है। गौरेया जैसे बेजुबान पक्षियों का बड़ी संख्या में विलुप्त होना पर्यावरण संतुलन के लिये तो बड़ा खतरा है ही लेकिन इसका असर मानव जीवन पर भी होगा। यह धरती केवल इंसानों के लिये नहीं है, बल्कि वन्य जीवों के लिये भी है, इसलिये पक्षियों का विलुप्त होना या मरना हमारे लिये चिन्ता का बड़ा कारण बनना चाहिए। मौजूदा समय में पशुओं एवं पक्षियों की संख्या का लगातार घटना एक अत्यन्त चिन्ताजनक स्थिति है। मानवीय व्यक्तित्व का एक महत्वपूर्ण घटक है संवेदनशीलता, जो व्यक्तित्व का गरिमा प्रदान करता है, उसे गहराई एवं ऊंचाई प्रदान करता है, इसके अभाव में मानव दानव बन जाता है, गौरैया जैसे पक्षियों के प्रति बरती जा रही संवेदनहीनता इसी की परिचायक है।

मनुष्य का लोभ एवं संवेदनहीनता भी त्रासदी की हद तक बढ़ी है, जो वन्यजीवों, पक्षियों, प्रकृति एवं पर्यावरण के असंतुलन एवं विनाश का बड़ा सबब बना है। दरअसल हमारे यहां बड़े जीवों के संरक्षण पर तो ध्यान दिया जाता है, पर गौरैया जैसे छोटे पक्षियों के संरक्षण पर उतना नहीं। अब भी यदि हम जैव विविधता को बचाने का सामूहिक प्रयास न करें, तो बहुत देर हो जाएगी। पक्षी विज्ञानी हेमंत सिंह के अनुसार गौरैया की आबादी में 60 से 80 फीसदी तक की कमी आई है। यदि इसके संरक्षण के उचित प्रयास नहीं किए गए तो हो सकता है कि गौरैया इतिहास का प्राणी बन जाए और भविष्य की पीढ़ियों को यह देखने को ही न मिले। ब्रिटेन की 'रॉयल सोसायटी ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ बर्डस' ने भारत से लेकर विश्व के विभिन्न हिस्सों में अनुसंधानकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययनों के आधार पर गौरैया को 'रेड लिस्ट' में डाला है। आंध्र विश्वविद्यालय द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक गौरैया की आबादी में करीब 60 फीसदी की कमी आई है। यह ह्रास ग्रामीण और शहरी, दोनों ही क्षेत्रों में हुआ है। पश्चिमी देशों में हुए अध्ययनों के अनुसार गौरैया की आबादी घटकर खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है।

हर परिस्थितियों में खुद को अनुकूल बना लेने वाली यह चिड़िया अब भारत ही नहीं, यूरोप के कई बड़े हिस्सों में भी काफी कम रह गई है। ब्रिटेन, इटली, फ्राँस, जर्मनी और चेक गणराज्य जैसे देशों में इनकी संख्या जहाँ तेजी से गिर रही है, तो नीदरलैंड में तो इन्हें 'दुर्लभ प्रजाति' के वर्ग में रखा गया है। कई बार लोग अपने घरों में इस पक्षी के घोंसले को बसने से पहले ही उजाड़ देते हैं। कई बार बच्चे इन्हें पकड़कर पहचान के लिए इनके पैर में धागा बांधकर इन्हें छोड़ देते हैं। इससे कई बार किसी पेड़ की टहनी या शाखाओं में अटक कर इस पक्षी की जान चली जाती है। इतना ही नहीं कई बार बच्चे गौरैया को पकड़कर इसके पंखों को रंग देते हैं, जिससे उसे उड़ने में दिक्कत होती है और उसके स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ता है। पक्षी विज्ञानियों के अनुसार गौरैया को फिर से बुलाने के लिए लोगों को अपने घरों में कुछ ऐसे स्थान उपलब्ध कराने चाहिए, जहां वे आसानी से अपने घोंसले बना सकें और उनके अंडे तथा बच्चे हमलावर पक्षियों से सुरक्षित रह सकें। गौरैया आजकल अपने अस्तित्व के लिए मनुष्यों और अपने आसपास के वातावरण से काफी जद्दोजहद कर रही है। ऐसे समय में हमें इन पक्षियों के लिए वातावरण को इनके प्रति अनुकूल बनाने में सहायता प्रदान करनी चाहिए। तभी ये हमारे बीच चह चहायेंगे।

मनुष्यों को गौरैया के लिए कुछ ना कुछ तो करना ही होगा, वरना यह भी मॉरीशस के डोडो पक्षी और गिद्ध की तरह पूरी तरह से विलुप्त हो जायेंगे। घरेलू गौरैया पृथ्वी पर सबसे आम और सबसे पुरानी पक्षी प्रजातियों में से एक है। हमें पक्षियों के स्वास्थ्य के प्रति भी सजग होना चाहिए। सरकारों को भी पक्षियों के इलाज एवं जीवन-सुरक्षा के पुख्ते प्रबंध करने चाहिए। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**ललित गर्ग**

### आत्म-परिचय की खोज

मनुष्य जीवन का सबसे बड़ा प्रश्न है -"मैं कौन हूं?" इस प्रश्न का उत्तर न केवल भारतीय धर्मग्रंथों में मिलता है, बल्कि यह प्रश्न जीवन के वास्तविक उद्देश्य की ओर भी ले जाता है। गीता, उपनिषद, महाभारत, रामायण, वेद, पुराणों में इस विषय पर गहरी व्याख्या की गई है। भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं अर्जुन को गीता में आत्मा का स्वरूप समझाया और आत्मज्ञान प्राप्त करने का मार्ग बताया। भगवद गीता के द्वितीय अध्याय में श्रीकृष्ण अर्जुन को आत्मा और शरीर का भेद समझाते हैं। वह कहते हैं कि शरीर नश्वर है, लेकिन आत्मा अजर-अमर और सनातन है। "न जायते म्रियते वा कदाचिन्नायं भूत्वा भविता वा न भूयः। अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे।।" (भगवद गीता 2.20) अर्थातः आत्मा का न जन्म होता है, न मृत्यु। यह नित्य, शाश्वत और पुरातन है। शरीर नष्ट हो सकता है, लेकिन आत्मा का कभी नाश नहीं होता। उपनिषदों में "अहं ब्रह्मास्मि" का सिद्धांत दिया गया है, जिसका अर्थ है – "मैं ब्रह्म हूं।" यह आत्मा की दिव्यता और परमात्मा से एकत्व को दर्शाता है। बृहदारण्यक उपनिषद (1.4.10) में कहा गया हैः "अहम् ब्रह्मास्मि" अर्थात् "मैं ही ब्रह्म हूं, मैं अमर आत्मा हूं।" यह सिद्ध करता है कि हम केवल यह शरीर नहीं हैं, बल्कि एक अनंत चेतना हैं जो जन्म और मृत्यु से परे है। (क) विदुर नीति (महाभारत से) महाभारत में विदुर ने धृतराष्ट्र को समझाया कि आत्मा और शरीर का भेद जानकर ही मनुष्य सच्ची शांति प्राप्त कर सकता है। विदुर कहते हैं – "जो आत्मा के स्वरूप को जान लेता है, वह कभी दुखी नहीं होता और न ही अहंकार करता है।" (ख) रामायण में हनुमानजी का आत्मबोध, रामायण में जब हनुमानजी को उनकी शक्ति याद दिलाई जाती है, तब वह कहते हैं – "अस मैं जो जानि तव प्रभुताई। तब मोहि कभी न भय अधिकाई।।" अर्थात्, जब मैं जान गया कि मैं कौन हूं और श्रीराम के अनुग्रह से क्या कर सकता हूं, तब से मुझे किसी भी चीज़ का भय नहीं रहा। "मैं कौन हूं?" – आज के समय में युवा बाहरी दुनिया में अपनी पहचान खोजते रहते हैं, लेकिन असली पहचान आत्मा में है। यदि व्यक्ति आत्मज्ञान प्राप्त कर ले, तो – दूसरों की निंदा और आलोचना से बच सकता है। स्वयं के अंदर एक आत्म-शक्ति का अनुभव कर सकता है। सकारात्मक जीवन जी सकता है। अहंकार और अज्ञानता से मुक्त हो सकता है। आत्मबोध ही वास्तविक ज्ञान है। भगवान श्रीकृष्ण, उपनिषदों, महाभारत, रामायण सभी धर्मग्रंथ यही कहते हैं कि मनुष्य को आत्मज्ञान प्राप्त करना चाहिए। जब व्यक्ति यह जान लेता है कि वह केवल शरीर नहीं, बल्कि एक अमर आत्मा है, तब जीवन का सच्चा अर्थ समझ आता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक
सहायक आचार्य

# धार्मिक और वैज्ञानिक प्रभाव के साथ रंगपंचमी सकारात्मक ऊर्जा का त्यौहार

रंगपंचमी भारतीय संस्कृति में रंगों के महत्व को दर्शाता है तथा रंग हमारे जीवन में खुशी, उत्साह और सकारात्मकता लाते हैं। योगाचार्य महेश पाल बताते है कि रंग पंचमी को सकारात्मक ऊर्जा,और,आध्यात्मिकता का प्रतीक माना जाता है। रंग पंचमी को देव पंचमी,श्री पंचमी के नाम से भी जाना जाता है,धार्मिक मान्यता के अनुसार, रंगपंचमी के दिन देवी-देवता भी होली खेलते हैं इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी ने होली खेली थी और स्वर्ग से देवी-देवताओं ने पुष्प वर्षा की थी। यही कारण है कि इस दिन अबीर-गुलाल उड़ाने की परंपरा है। इस दिन देवताओं की पूजा की जाती है और उन्हें रंग अर्पित किए जाते हैं। मान्यता है कि इस दिन रंग खेलने से देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है।यह त्योहार हमें प्रकृति के साथ जुड़ने और जीवन में खुशियां लाने का संदेश देता है।पौराणिक कथाओं एवं धार्मिक मान्यता के अनुसार, रंग पंचमी का दिन देवी-देवताओं को समर्पित होता है। ऐसा कहा जाता है कि इस दिन रंगों का प्रयोग करने से एवं रंगो को आसमान की ओर उड़ाते हैं। ऐसा करने से देवी-देवता आकर्षित होकर अपनी कृपा बरसाते हैं,रंग पंचमी को पांच मूलभूत तत्वों - वायु, आकाश, जल, पृथ्वी और अग्नि - को सक्रिय करने वाला माना जाता है, जो ब्रह्मांड का निर्माण करते हैं। योग आयुर्वेद के अनुसार, मानव शरीर भी इन्हीं तत्वों से बना है। इस त्यौहार को इन तत्वों को आह्वान करने,जीवन में संतुलन बहाल करने और आध्यात्मिक विकास में सहायता करने के अवसर के रूप में देखा जाता है,रंगपंचमी केवल एक रंगों का त्योहार ही नहीं है बल्कि यह आध्यात्मिक और वैज्ञानिक, दृष्टियों से भी महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन रंगों का उपयोग वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए किया जाता है। योग आयुर्वेद के अनुसार,प्राकृतिक रंगों में चिकित्सीय गुण होते हैं, जो हमारे शरीर और मन को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। रंगों का खेल मानसिक तनाव को कम करने और खुशी बढ़ाने में मदद करता है। यह पर्व हमें तनावमुक्त और आनंदित रहने का अवसर प्रदान करता है। वैज्ञानिक दृष्टि से भी देखा जाए तो वसंत ऋतु के दौरान मौसम परिवर्तनशील रहता है और वातावरण में हानिकारक जीवाणु अधिक होते हैं। रंगों में मौजूद प्राकृतिक तत्व इन जीवाणुओं को नष्ट करने में सहायक होते हैं। मान्यता है कि रंग पंचमी के दिन वातावरण में फैली सभी नकारात्मक शक्तियां समाप्त हो जाती हैं और वातावरण शुद्ध हो जाता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**योगाचार्य महेश पाल**



## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

घर के भीतर घर बने, उनके भीतर और।
बना रही है अस्मिता, हर कमरे में ठौर।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# कहानी कहने की परंपरा : दादी-नानी की गोद से वैश्विक मंच तक

20 मार्च विश्व किस्सागोई दिवस

जब शब्द नृत्य करते हैं, भावनाएँ जागती हैं, और समय की धारा में एक जादुई चित्र उभरता है—तब जन्म लेती है एक कहानी। हर साल 20 मार्च को मनाया जाने वाला विश्व किस्सागोई दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि उस अनमोल परंपरा का उत्सव है जो मानव सभ्यता की नींव में बसी है। कहानियाँ सिर्फ शब्दों का संग्रह नहीं होतीं, वे समय की नदी में बहती जादुई लहरें हैं, जो सुनने वाले को एक अनदेखे सफर पर ले जाती हैं और कहने वाले के मन को अभिव्यक्ति का आकाश देती हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हमारा वजूद, हमारी पहचान और हमारा इतिहास-सब कुछ कहानियों के रंगीन धागों से बुना गया है। चाहे वह दादी-नानी की गोद में सुनी लोककथाएँ हों, किताबों में दर्ज ऐतिहासिक गाथाएँ हों, या आज के डिजिटल मंचों पर वायरल होती कहानियाँ-हर कथा में जीवन को समझने और उसे नई नजर से देखने की शक्ति छिपी है।

विश्व किस्सागोई दिवस एक ऐसा अनुपम उत्सव है, जो कहानियों के अलौकिक आकर्षण को केंद्र में लाता है और मानव सभ्यता की अनमोल विरासत को संजोते हुए सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बनता है। इसकी नींव 1991 में स्वीडन में पड़ी, जब इसे "राष्ट्रीय किस्सागोई दिवस" के रूप में मनाया गया; किंतु 2001 में यह "विश्व किस्सागोई दिवस" के रूप में वैश्विक मंच पर स्थापित हो गया। 2002 में स्कैंडिनेविया से आगे बढ़ते हुए, 2005 तक यह 25 देशों में अपनी पहचान बना चुका था। यह दिन मौखिक कथाओं और लोकसाहित्य की असीम शक्ति का उत्सव है, जहां हर साल एक नई थीम-2025 में "गहरा पानी"-कथाकारों को प्रेरित करती है। इस थीम के अंतर्गत वे संकट की घड़ियों, जल के रहस्यमयी संसार या सागर की अथाह गहराइयों से कथाएं गढ़ते हैं। 20 मार्च को ये कथावाचक अपनी सम्मोहक कहानियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देते हैं-ये कथाएं अतीत को जीवंत करती हैं, नैतिकता की ज्योति प्रज्वलित करती हैं और भविष्य के लिए प्रेरणा का आलोक फैलाती हैं। यह आयोजन केवल कला का प्रदर्शन नहीं, बल्कि मानव रचनात्मकता और वैश्विक सामंजस्य का एक प्रदीप्त प्रतीक है।

कहानी कहना मानवता की सबसे पुरानी कला है। जब हमारे पूर्वज गुफाओं में आग के चारों ओर बैठते थे, तब भी वे अपने अनुभवों को कहानियों में ढालते थे। उन कहानियों ने न केवल उनका मनोरंजन किया, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को जीवन के सबक, नैतिकता और साहस की प्रेरणा दी। आज भी यह सिलसिला जारी है। एक माँ अपने बच्चे को सोते वक्त जो कहानी सुनाती है, वह सिर्फ नींद लाने का जरिया नहीं होती—वह उसके कोमल मन में सपनों के बीज बोती है। एक लेखक जो अपनी किताब में समाज की सच्चाई उकेरता है, वह पाठक के विचारों को झकझोर देता है। कहानी केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि एक दर्पण है जो हमें हमारा अतीत दिखाता है, एक खिड़की है जो भविष्य की झलक देता है, और एक पुल है जो हमें एक-दूसरे से जोड़ता है। डिजिटल युग ने कहानियों को नए पंख दिए हैं। पहले जो किस्से गाँव के चबूतरे पर या अलाव की गर्माहट में सुनाए जाते थे, वे आज पॉडकास्ट की आवाज में. वेब सीरीज़ के दृश्यों में, और सोशल मीडिया के छोटे-छोटे वीडियो में जीवंत हो उठे हैं। टेक्नोलॉजी ने कहानी कहने के तरीके को बदला है, लेकिन उसकी आत्मा को नहीं छुआ। आज भी एक अच्छी कहानी सुनते ही हमारा मन उसमें खो जाता है, हमारी आँखों के सामने चित्र उभरने लगते हैं, और हमारा दिल भावनाओं की लहरों में डूब जाता है। चाहे वह नेटफ्लिक्स पर कोई सीरीज़ हो या यूट्यूब पर कोई प्रेरक वीडियो—कहानी की वह ताकत अब भी बरकरार है जो हमें हँसाती है, रुलाती है, और सोचने पर मजबूर करती है। इतिहास गवाह है कि कहानियों ने समाज को बदलने में अहम भूमिका निभाई है। महाभारत और रामायण जैसी पौराणिक कथाएँ हमें धर्म और कर्म का पाठ पढ़ाती हैं, तो मुंशी प्रेमचंद की कहानियाँ हमें गरीबी और अन्याय की कड़वी सच्चाई से रूबरू कराती हैं। भगत सिंह की डायरी के पन्ने और गांधी जी की आत्मकथा हमें आजादी के संघर्ष की कहानी सुनाते हैं, जो आज भी युवाओं में जोश भर देती हैं। एक कहानी नायक को जन्म दे सकती है, एक क्रांति को प्रम्ज्वलित कर सकती है, और एक समाज को नई दिशा दे सकती है। जब मार्टिन लूथर किंग ने अपने सपनों की कहानी सुनाई, तो उसने नस्लवाद के खिलाफ एक आंदोलन खड़ा कर दिया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**प्रो. आरके जैन**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# 'बिहार को पैर पकड़वा नहीं, आगे ले जाने वाला सीएम चाहिए': तेजस्वी यादव



**एजेंसी**

**पटना।** केंद्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा कथित तौर पर आईआईएमआर और बीज उत्पादन केंद्र को बिहार से कर्नाटक स्थानांतरित करने को लेकर चुनाव से पहले राज्य की सियासत तेज हो गई है। पूरे मामले को लेकर विपक्ष सत्तारूढ़ एनडीए सरकार पर हमलावर है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने फिर एक बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अगर बिहार के सीएम को इसकी जानकारी थी, तो क्या उन्होंने पीएम और कृषि मंत्री से बात की? एनडीए सरकार पर वार करते हुए तेजस्वी ने कहा कि उनका बिहार से पलायन रोकने का कोई इरादा नहीं है; वे इसे बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं। यहां तक कि गिरिराज सिंह ने भी इस बारे में तभी बात की जब मैंने इस बारे में ट्वीट किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की ओर से किसी ने भी इस कदम का विरोध नहीं किया। बिहार को 'पैर पक ड़ वा मुख्यमंत्री' की जरूरत नहीं है। बिहार को एक ऐसे मुख्यमंत्री की जरूरत है जिसके पास दूरदृष्टि हो और जो निडर होकर बिहार को आगे ले जा सके। यही डबल इंजन सरकार की हकीकत है। नीतीश कुमार को अपनी कुर्सी के अलावा किसी चीज की परवाह नहीं है। केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय से सांसद गिरिराज सिंह ने मंगलवार को उन दावों का खंडन किया जिनमें कहा गया था कि केंद्रीय कृषि मंत्रालय भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान और बीज उत्पादन केंद्र को बेगूसराय से कर्नाटक के शिवमोगा में स्थानांतरित करने की योजना बना रहा है। उन्होंने विपक्ष पर राजनीतिक लाभ के लिए "अफवाहें फैलाने" का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर 17 जनवरी को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मेरी विस्तृत टेलीफोन पर बातचीत हुई। उन्होंने मुझे आश्वासन दिया कि देश के पूर्वी और पूर्वोत्तर क्षेत्रों के किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए केंद्र को स्थानांतरित नहीं किया जाएगा।

# नोएडा अथॉरिटी, बिल्डर-बैंक नेक्सस का पर्दाफाश करने का वक्त आ गया : सुप्रीम कोर्ट

- "बैंक और बिल्डर सिंडिकेट की जांच कैसे करेंगे"- सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई से पूछा
- बिल्डर सुपर टेक के 16 परियोजनाओं में 27 हजार खरीददार घरों के इंतजार में
- खरीदारों ने बैंकों से लोन लेकर सुपरटेक को दे घर नहीं मिला
- फ्लैट मिले नहीं बैंक ईएमआई चुकाने के लिए मजबूर
- सुप्रीम कोर्ट इसे बैंक व बिल्डर का मिलीभगत मान रहा है
- जब बिल्डर प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ाया , पूरा नहीं कर रहा था तो बैंक उसको पैसा कैसे देते गए?



**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने कहा- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र ( दिल्ली से सटे राज्यों के शहर - नोएडा,गुड़गांव,फरीदाबाद,गाजियाबाद में एक दशक से पहले ) में बिल्डर व बैंक के सिंडिकेट ( बिल्डर सुपर टेक के 9 हजार 500 करोड़ रुपए अनुमानित लागत वाली 16 परियोजनाओं में 27 हजार से ज्यादा घर खरीददार अपने घरों का इंतजार कर रहे ) तथा जमीन के बकाया समस्या को आपने खुद ही जन्म दिया है। ऐसा स्ट्रक्चर क्यों बनाया, जो बिल्डर के फेवर में था? इस कारण ही हजारों घर खरीदार एक दशक से ज्यादा समय से परेशान हो रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के लिए एसआईटी गठित करने की भी बात कही है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान एनबीसीसी को नोटिस जारी किया है।सर्वोच्च न्यायालय ने कहा - जमीन का बकाया निपटाया जा सकता है। न्यायाधीश सूर्यकांत ने सीबीआई से कहा कि दो सप्ताह में बताएं कि कैसे जांच करेंगे? सीबीआई की तरफ से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कोर्ट को बताया कि इस काम का दायरा काफी बड़ा होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि शुरुआत में ग्रेटर नोएडा के एक-दो प्रोजेक्ट की जांच की जा सकती है। कोर्ट ने मामले में मदद के लिए एक सलाहकार भी नियुक्त किया है। हमें डेपुटेशन पर अधिकारियों की जरूरत होगी। इस पर सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि आपकी सीबीआई एक एक्सपर्ट टीम है, और ये सभी मामले आर्थिक अपराधों से जुड़े हैं। अगर पहली नजर में कोई मामला बनता है, तो यह आपकी जांच का हिस्सा होगा। इस गड़बड़ी को किस तरह सुलझा सकते हैं, इस पर डिटेल रिपोर्ट दें। मदद के लिए वरिष्ठ वकील राजीव जैन को कोर्ट सलाहकार बना रहे हैं। मालूम हो कि यह मामला राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के होम बायर्स की शिकायतों से जुड़ा है, जिसमें फ्लैट मिले बगैर ही बैंक ईएमआई चुकाने के लिए मजबूर कर रहे हैं। एक वित्तीय संस्था की तरफ से सीनियर एडवोकेट डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि एक बिल्डर दिवालिया प्रक्रिया में गया तो फाइनेंसर जिम्मेदार नहीं हो सकता। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि वित्तीय संस्थान दोषी हैं, उन्हें पता था कि साइट पर एक ईंट भी नहीं रखी गई है, फिर भी फंड जारी करते रहे। हम कैसे मान लें कि आपके (वित्तीय संस्थान) के हाथ साफ हैं।वहीं, नेशनल कंपनी ला ट्रिब्यूनल के आदेश को चुनौती देने पहुंची नोएडा अथॉरिटी को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई है। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि जमीन का बकाया निपटाया जा सकता है। आपने खुद ही इस समस्या को जन्म दिया है। ऐसा स्ट्रक्चर क्यों बनाया, जो बिल्डर के फेवर में था? इस कारण ही हजारों घर खरीदार एक दशक से ज्यादा समय से परेशान हो रहे हैं। कोर्ट ने इस मामले में अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के लिए एसआईटी गठित करने की भी बात कही है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान एनबीसीसी को नोटिस जारी किया है।नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने सुपरटेक के 16 अधूरे प्रोजेक्ट को नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन को सौंपने का निर्देश दिया था, ताकि वह उसे पूरा कर सके। सुप्रीम कोर्ट ने 21 फरवरी को एनसीएलएटी के उस आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें उसने एनबीसीसी को सुपरटेक लिमिटेड की रुकी हुई 16 हाउसिंग परियोजनाओं को पूरा करने के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट के रूप में नियुक्त किया गया था।सीजेआई की अगुवाई वाली बेंच के सामने नोएडा अथॉरिटी की ओर से पेश हुए एडवोकेट संजीव सेन ने दलील दी कि कंपनी दिवालिया कार्रवाई से गुजर रही थी, तब एनबीसीसी को यह प्रोजेक्ट दिया गया था। यह आदेश एनसीएलएटी के जूरिडिक्शन से बाहर का था। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने एनबीसीसी की नियुक्ति को चुनौती देने वाली दो अपीलों पर सुनवाई की थी।कोर्ट ने बायर्स के बारे में चिंता जताई और सभी संबंधित पक्षों को पिछली सुनवाई के दौरान नोटिस जारी किए थे। बेंच ने यह जांचने का फैसला लिया कि क्या एनसीएलएटी ने एनबीसीसी की नियुक्ति के दौरान इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड के तहत सही प्रक्रिया अपनाई थी या नहीं। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने पिछले साल 12 दिसंबर को अपने आदेश में एनबीसीसी को सुपरटेक की रुकी हुई 16 परियोजनाओं को पूरा करने के लिए कहा था, जिसकी अनुमानित लागत 9 हजार 500 करोड़ रुपए थी। बता दें, 27 हजार से ज्यादा घर खरीददारों अपने घरों का इंतजार कर रहे हैं।

## एक नजर

### पकड़ा गया नागपुर हिंसा का मास्टरमाइंड फहीम खान



**नागपुर।** नागपुर दंगों के पीछे मास्टरमाइंड के रूप में पहचाने जाने वाले फहीम खान को गिरफ्तार कर लिया गया है और वह 21 मार्च तक पुलिस हिरासत में है। उसने औरंगजेब की कब्र पर पवित्र कपड़ा जलाए जाने की झूठी अफवाह फैलाई, जिससे हिंसा भड़क उठी। नितिन गडकरी के खिलाफ संसदीय चुनाव लड़ने वाले खान ने सोमवार दोपहर को एक पुलिस स्टेशन के बाहर भीड़ जुटाई। दंगों के कारण महिला अधिकारियों सहित पुलिस अधिकारियों पर हमले हुए। 38 वर्षीय नेता, जो एमडीपी के शहर अध्यक्ष हैं और यशोधरा नगर में संजय बाग कॉलोनी के निवासी हैं, को 21 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच और वीडियो साक्ष्य से पता चलता है कि खान के भड़काऊ भाषण ने सीधे तौर पर तनाव बढ़ाने में योगदान दिया, जिससे क्षेत्र में समुदायों के बीच झड़पें हुईं। फहीम खान ने 2024 का लोकसभा चुनाव नागपुर निर्वाचन क्षेत्र से अल्पसंख्यक डेमोक्रेटिक पार्टी का प्रतिनिधित्व करते हुए लड़ा था। उल्लेखनीय है कि उन्होंने वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के खिलाफ चुनाव लड़ा था, लेकिन 6.5 लाख से अधिक मतों के भारी अंतर से हार गए थे।

### नेवारी के दर्जनों पुंज में लगीं आग, दो लाख रुपए की संपति जलकर राख

**नवादा।** नवादा जिले के मेसकौर थानाक्षेत्र में बुधवार को प्रखंड अंतर्गत स्थित मेसकौर गांव में दर्जनों किसानों के खलिहान में रखी नेवारी के पुंज में अचानक आग लग गई ।आग लगने कारणों का पता नहीं चल पाया है ।आग लगने की सूचना पर ग्रामीण एकत्रित हुए लेकिन पानी के किल्लत के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल था । सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंचे प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि फायर बिग्रेड की टीम को सूचित किया गया लेकिन फायर बिग्रेड की छोटी गाड़ी होने के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल रहा। एक और बड़ी गाड़ी की मांग जिला से की गई है पीड़ित किसान राजेंद्र प्रसाद का 15000 नेवारी, विनोद कुमार का 15000 , महेश प्रसाद का 15000, दरवारी प्रसाद का 15000, कपिल प्रसाद का 5000, गीता देवी का 8000, विजय प्रसाद का 5000, रामस्वरूप प्रसाद का 8000, विकास कुमार का 5000, दिलीप प्रसाद का 5000, कमलेश प्रसाद का 5000, प्रेमन प्रसाद का 5000 नेवारी जलकर राख हो गया। किसानों ने बताया कि लगभग 2 लाख रुपए की संपति जलकर राख हो गई ।दो घंटे बाद फायर बिग्रेड की टीम घटना स्थल पर पहुंची ।मौके पर सीओ अभिनव राज, मुखिया रामानंदन प्रसाद सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### भारत के संविधान पर सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** सोशल मीडिया पर भारतीय संविधान को अपशब्द बोलने वाले एक पोस्ट के विरुद्ध एसपी के निर्देश पर कारवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया गया। जिले में सोशल मीडिया एकांउट के मॉनिटरिंग के दौरान एसपी स्वर्ण प्रभात ने पाया कि शिवम कुमार नामक युवक के एकांउट से सोशल मीडिया पर भारत के संविधान पर अभद्र टिप्पणी की गयी है। उक्त पोस्ट पर एसपी स्वर्ण प्रभात ने संज्ञान लेने के बाद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त कोटवा थाने के हेमन छपरा गांव का शिवम कुमार बताया गया है। 19 मार्च को वायरल हुए उक्त पोस्ट पर कोटवा पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया है कि पुलिस की लगातार नजर सोशल मीडिया अकाउंट्स पर है ऐसे में किसी तरह की अश्लील,भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट करने वालो पर कारवाई तय है।

### जगत में कहीं आनंद है तो भगवान राम के नाम में : मुरलीधरजी महाराज

**मुरादाबाद।** हरे कृष्ण सेवा न्यास समिति के तत्वावधान में नवदिवसीय श्री राम कथा महोत्सव के तीसरे दिन व्हाइट हाउस में बुधवार को राजस्थान जोधपुर के संत मुरलीधरजी महाराज ने कहा कि जगत में कहीं आनंद है तो भगवान राम के नाम में है। श्री रामचरितमानस की चौपाई वास्तव में चौपाई नहीं मंत्र हैं। उन्होंने कहा कि नवदिवसीय रामकथा को नौ बार पूरे नियम, व्रत, संकल्प के साथ सुनेंगे तो निश्चित ही आपका जीवन राममय हो जाएगा। आज श्री राम कथा में श्रीराम जन्मोत्सव मनाया गया।

## दिल्ली में डबल इंजन की सरकार आते ही विकास की गति तेज हुई : मनोज तिवारी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि दिल्ली में डबल इंजन की सरकार आने से विकास की गति को तेजी मिली है। दिल्ली की भाजपा सरकार विकास कार्यों में आने वाली रुकावटों को दूर करने में भरोसा करती है। विकास कार्यों को गति देते हुए मनोज तिवारी ने बुधवार को खजूरी खास की दो सड़कों एवं डॉ भीमराव आंबेडकर कॉलेज के सामने की सड़क का शिलान्यास किया। खजूरी खास की दो सड़कों का निर्माण ग्रामोदय अभियान के तहत लगभग एक करोड़ 12 लाख की लागत से नगर निगम द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा आंबेडकर कॉलेज के सामने की सड़क का निर्माण दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा लगभग सवा करोड़ की लागत से किया जाएगा। सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि दिल्ली में अब डबल इंजन की सरकार का असर दिखने लगा है और विकास की गति को तेजी मिली है।

## सीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट गो माता की होनी चाहिए रक्षाः राजेश सिंह

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेंगर ने बुधवार को राठ स्थित नगर पालिका की अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि गौशालाओं में देशी नस्ल की गायों की गुणवत्ता में सुधार कराते हुए उप्र का दुग्ध उत्पादन भी बढ़ना चाहिए।

## नई मुसीबत में फंसे सत्येंद्र जैन
## एसीबी ने रिश्वत लेने के मामले में दर्ज की एफआईआर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और पूर्व विधायक सत्येंद्र जैन के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी के लिए 571 करोड़ रुपये की सीसीटीवी परियोजना के संबंध में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया। संयुक्त पुलिस आयुक्त (सीपी) और एसीबी के प्रमुख मधुर वर्मा के अनुसार, 7 करोड़ रुपये की रिश्वत लेकर 16 करोड़ रुपये के परिसमाप्त हर्जाने को कथित तौर पर मनमाने ढंग से माफ कर दिया गया। सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने के बाद, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17 ए के तहत पूर्व लोक निर्माण विभाग मंत्री जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।

## आज का राशिफल

**मेष:** बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष:** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन:** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-2-3-8

**कर्क:** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह:** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या:** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला:** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक:** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

**धनु:** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-1-4-

**मकर:** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-5-6-8

**कुंभ:** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन:** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7

## 69 बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किए

**एजेंसी**

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने 69 बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किए हैं, जिन्होंने अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारतीय पासपोर्ट हासिल किया था। पुलिस को आशंका है कि ये घुसपैठिए अब भी पश्चिम बंगाल सहित देश के अलग-अलग हिस्सों में छिपे हो सकते हैं और अन्य देशों में भागने की फिराक में हैं। राज्य में फर्जी पासपोर्ट रैकेट का भंडाफोड़ होने के बाद जांच में इनके नाम सामने आए हैं। जांच से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, इमिग्रेशन, कस्टम्स और सीमा सुरक्षा बलों सहित अन्य एजेंसियों को इन 69 बांग्लादेशी नागरिकों का ब्योरा सौंपा गया है। पुलिस को संदेह है कि इन अवैध घुसपैठियों को दो श्रेणियों में बांटा जा सकता है। पहली श्रेणी में वे लोग आते हैं जो "आर्थिक शरणार्थी" हैं और आजीविका की तलाश में भारत आए थे। दूसरी श्रेणी में वे लोग हो सकते हैं जिनके संबंध बांग्लादेश में सक्रिय आतंकी संगठनों से हैं और जो पश्चिम बंगाल में स्लीपर सेल स्थापित करने के इरादे से भारत में दाखिल हुए हैं। पिछले हफ्ते कोलकाता पुलिस ने पश्चिम बंगाल में सक्रिय फर्जी पासपोर्ट रैकेट से जुड़ी चार्जशीट कोलकाता की एक निचली अदालत में दाखिल की थी। इस चार्जशीट में कुल 130 लोगों के नाम शामिल हैं, जिनमें 120 बांग्लादेशी नागरिक और 10 भारतीय नागरिक हैं। बांग्लादेशी नागरिकों पर फर्जी दस्तावेजों के जरिए भारतीय पासपोर्ट हासिल करने का आरोप है, जबकि भारतीय नागरिकों पर इन घुसपैठियों को फर्जी पहचान पत्र और पासपोर्ट उपलब्ध कराने में मदद करने का आरोप है। पुलिस जांच में यह भी पता चला है कि इस फर्जीवाड़े में एक खास पैटर्न अपनाया गया था। कोलकाता पुलिस के सुरक्षा नियंत्रण संगठन में तैनात रहे सेवानिवृत्त सहायक निरीक्षक अब्दुल हई का नाम भी मुख्य षड्यंत्रकारी के रूप में शामिल किया गया है।

## जनहित के कार्यों में लापरवाही स्वीकार नहीं, गड़बड़ी हुई तो कार्रवाई तय : मुख्यमंत्री

**एजेंसी। लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनहित के कार्यों में लापरवाही को अस्वीकार बताया है। उन्होंने कहा है कि अच्छे लोगों की कहीं कोई कमी नहीं है, इन्हें प्रोत्साहन मिलना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को लाल बहादुर शास्त्री भवन स्थित सीएम कमांड सेंटर का निरीक्षण किया और प्रदेश भर में विभिन्न विभागों और परियोजनाओं के परफॉर्मेंस की भी जानकारी ली। उन्होंने विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सिर्फ तीन कैटेगरीज ए, बी और सी के तहत विभागों और योजनाओं की मॉनीटरिंग की जानी चाहिए। इसके तहत जनपद स्तर पर प्रतिदिन, अल्टरनेट दिनों में, साप्ताहिक और पाक्षिक समीक्षा की जानी चाहिए। इसके लिए जिला स्तर पर अधिकारी की तैनाती की जाए, जो देखे कि रिपोर्ट में जो डेटा दिया जा रहा है वो कितना सही है। इसके बाद माह में एक बार मंत्री स्तर पर समीक्षा की जाए और सभी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रस्तुत की जाएं।

मुख्यमंत्री ने वरासत, लैंड यूज जैसी सुविधाओं के निर्धारण में समय सीमा का पालन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में फ्लैगशिप स्कीम्स की प्रगति को ट्रैक व मॉनिटर करने के लिए एक रैंकिंग प्रणाली विकसित की गई है। इसमें क्वालिटी और स्पीड पर ध्यान देना आवश्यक है। जिन विभागों और परियोजनाओं की क्वालिटी और स्पीड कमजोर है, उसे बढ़ाने की आवश्यकता है। इसमें भी हमारा प्रयास होना चाहिए कि ये सभी कैटेगरी परफॉर्मेंस बेस्ड हों तथा सबकी जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

बेहतर परफॉर्मेंस करने वाले विभागों के विषय में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें नंबर नहीं देखना है, बल्कि हमारा फोकस क्वालिटी पर होना चाहिए। क्वालिटी और पारदर्शिता दोनों आवश्यक है।

## संभल को ही क्यों निशाना बना रही सरकार: सपा विधायक

**संभल।** औरंगजेब, वक्फ बिल और नेजा मेला के सवाल पर बुधवार को सपा विधायक इकबाल महमूद भड़क गए। उन्होंने कहा कि सिर्फ संभल को ही क्यों निशाना बनाया जा रहा है। वक्फ बिल आने पर बात करेंगे, सरकार पहले अपने वादे पूरे करे। पत्रकारों के सवालों से चिढ़े सपा विधायक ने कहा कि इससे क्या फर्क पड़ता है कि तीन सौ साल पहले संभल में क्या हुआ था। लोगों का ध्यान भटकाने के लिए ऐसी बातें लाई जा रही हैं। मीडिया सरकार के प्रचारक की तरह काम कर रहा है। सरकार को पहले गरीबों, बेरोजगार किसानों और युवाओं से किए गए वादे पूरे करने चाहिए। सरकार इस बारे में बात नहीं करती। वक्फ बिल आने पर इस पर भी चर्चा होगी, अभी इसे इतना महत्व देने का क्या मतलब है।

# वोटर कार्ड से आधार को लिंक नहीं कराने की वजह बतानी होगी

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने वोटर आईडी को आधार कार्ड से लिंक करने को लेकर आधिकारिक ऐलान कर दिया है। चुनाव आयोग द्वारा जारी बयान में कहा गया कि भारत का चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट के संबंधित निर्णयों के अनुसार ईपीआईसी को आधार से जोड़ने के लिए कदम उठाएगा। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग अपने मतदाता रिकॉर्ड को आधार डाटाबेस से जोड़ने के लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के साथ मिलकर काम करेगा । वहीं, विधि मंत्रालय फॉर्म 6बी में संशोधन करेगा ताकि यह स्पष्ट किया जा सके कि आधार विवरण प्रदान करना स्वैच्छिक बना रहेगा। हालांकि इस जानकारी को साझा करने से मना करने वाले मतदाताओं को इसके लिए कारण स्पष्ट करना होगा। एक घंटे तक चली इस चर्चा में चुनाव आयोग व सरकारी अधिकारियों ने मतदाता डेटाबेस को आधार से जोड़ने के पक्ष-विपक्ष के साथ-साथ इससे जुड़ी वैधानिकताओं पर भी चर्चा की। वर्तमान में, आयोग ने 2023 तक 66 करोड़ से अधिक मतदाताओं के आधार विवरण एकत्र किए हैं, जिन्होंने स्वेच्छा से यह जानकारी दी थी। लेकिन इन 66 करोड़ मतदाताओं के दो डेटाबेस को लिंक नहीं किया गया है। आगे चलकर निर्वाचन आयोग यूआईडीएआई के साथ मिलकर यह पता लगाएगा कि दोनों डेटाबेस को कैसे जोड़ा जाए, कम से कम उन मतदाताओं के लिए जिन्होंने स्वेच्छा से निर्वाचन आयोग को जानकारी दी है।जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धाराएं 23(4), 23(5) और 23(6) मतदाता पहचान सत्यापन के लिए आधार का अनुरोध करने के लिए निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी के अधिकार, मौजूदा मतदाताओं के लिए स्वेच्छा से आधार संख्या प्रस्तुत करने की प्रक्रिया और यह सुनिश्चित करने से संबंधित हैं कि आधार कार्ड की जानकारी देने में विफल रहने पर किसी को भी मतदाता पंजीकरण से वंचित नहीं किया जा सकता है या वोटर लिस्ट से नहीं हटाया जा सकता है। यह परिवर्तन सितंबर 2023 में शीर्ष अदालत (जी निरंजन बनाम भारत के चुनाव आयोग में) के समक्ष ईसीआई की प्रतिबद्धता के अनुरूप होगा कि वह इस उद्देश्य के लिए पेश किए गए फॉर्मों में उचित स्पष्टीकरणात्मक परिवर्तन जारी करने पर विचार कर रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मतदाता यह समझें कि यह स्वैच्छिक है।

**फॉर्म 6- बी में होने जा रहा बड़ा बदलाव**

**डुप्लीकेट वोटर कार्ड विवाद व चिंता –**

हाल ही में डुप्लीकेट वोटर कार्ड को लेकर उठे विवाद व चिंता की पृष्ठभूमि में ये फैसले लिए गए हैं। विपक्षी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने अलग-अलग राज्यों में नागरिकों को दिए गए एक जैसे वोटर कार्ड नंबर पर चिंता जताई है और चुनाव आयोग पर भाजपा को फायदा पहुँचाने के लिए वोटर लिस्ट में हेराफेरी करने का आरोप लगाया है। हाल ही में लोकसभा सत्र के दौरान राहुल गांधी ने भी इस बात पर जोर दिया।इस विवाद ने तब तूल पकड़ा जब टीएमसी प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में अपनी पार्टी की एक सभा में डुप्लिकेट ईपीआईसी नंबरों के मुद्दे को उठाया । बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा मतदाता सूचियों से छेड़छाड़ करने के लिए चुनाव आयोग के साथ मिलकर काम कर रही है। जवाब में, चुनाव आयोग ने समस्या को स्वीकार करते हुए बताया कि कुछ राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारियों ने ईपीआईसी नंबर बनाते समय अल्फ़ान्यूमेरिक अनुक्रमों का गलत तरीके से उपयोग किया था। इस स्थिति को सुलझाने के लिए, चुनाव आयोग ने तीन महीने की समय-सीमा के भीतर प्रभावित मतदाताओं को प्रतिस्थापन ईपीआईसी नंबर जारी करने की प्रतिबद्धता जताई है।

# टी20 अब ऐसे स्तर पर पहुंच गया है जहां 300 रन बना सकते हैं : गिल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2025 सीजन की शुरुआत से पहले, गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल का मानना है कि खेल की गति उस बिंदु पर पहुंच गई है जहां बल्लेबाजी करने वाली टीम के लिए मैच में 300 का स्कोर हासिल करना संभव है। आईपीएल 2024 एक ऐसा सीजन था जहां बल्लेबाजी के रिकॉर्ड नई ऊंचाइयों को छू गए, जैसे कि पंजाब किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 262 रनों का पीछा किया या सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर 287/3 बनाया, साथ ही दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ प्रतियोगिता में अब तक का सबसे बड़ा पावर-प्ले स्कोर 125/0 बनाया। गिल ने कहा, "खेल की गति इस बिंदु पर पहुंच गई है कि ऐसा लगता है कि हम एक मैच में 300 रन बना सकते हैं। पिछले साल, हम कुछ मौकों पर बहुत करीब पहुंच गए थे। इम्पैक्ट प्लेयर नियम रोमांच बढ़ाता है और आईपीएल को और भी मनोरंजक बनाता है। आईपीएल के सबसे अच्छे पहलुओं में से एक यह है कि हर दिन, एक नया खिलाड़ी स्टार के रूप में उभरता है। आप लगातार कम आंके गए प्रतिभाओं को असाधारण प्रदर्शन करते हुए देखते हैं। टूर्नामेंट की संरचना, लगातार मैचों और यात्रा के साथ, खिलाड़ियों को व्यस्त रखती है। यदि आप जीत रहे हैं, तो गति आपको लगातार तीन, चार या पांच जीत के साथ आगे ले जाती है। हालांकि, चोटें चीजों को मुश्किल बना सकती हैं। गिल ने जियोहॉटस्टार से कहा, "जब एक या दो प्रमुख खिलाड़ी घायल हो जाते हैं, तो उपयुक्त प्रतिस्थापन ढूंढना एक चुनौती बन जाता है। इन बाधाओं के बावजूद, आईपीएल सबसे रोमांचक क्रिकेट आयोजन बना हुआ है, और हर सीजन खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए कुछ नया लेकर आता है। भारत की 2025 चैंपियंस ट्रॉफी जीत में उप-कप्तान रहे गिल ने आईपीएल देखने की अपनी शुरुआती यादों और मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले सचिन तेंदुलकर के प्रति अपनी प्रशंसा और उनसे मिलने को याद किया। मुझे याद है कि मैं अपने पिता के साथ पंचकूला के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में तीन से चार मैच देखने गया था। आईपीएल के दूसरे या तीसरे साल में, मुंबई इंडियंस अभ्यास के लिए वहां आई थी। उस समय मैं लगभग नौ या दस साल का था।



## गिल ने कप्तानी के सफर पर कहा हर मैच और हर हफ्ते आपको नई जानकारी मिलती है

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** गुजरात टाइटन्स के कप्तान के रूप में अपने दूसरे आईपीएल सीजन में कदम रखने से पहले, सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि उनकी कप्तानी की यात्रा एक निरंतर प्रयास रही है, उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट में हर मैच और हर हफ्ते उन्हें नई जानकारी मिलती है। हार्दिक पांड्या की कप्तानी में, गुजरात टाइटन्स ने 2022 आईपीएल जीता और अगले सीजन में उपविजेता बनी। लेकिन पांड्या के मुंबई इंडियंस में चले जाने और गिल को नया जीटी कप्तान बनाए जाने के बाद, टीम पिछले साल लीग में आठवें स्थान पर रहकर प्लेऑफ में जगह बनाने में विफल रही - पांच जीत, सात हार और बारिश के कारण दो मैच रद्द होने के साथ। मेरा मानना है कि नेतृत्व एक निरंतर यात्रा है। हर मैच और हर हफ्ते आपको नई जानकारी मिलती है। अलग-अलग खिलाड़ी अलग-अलग नजरिए लेकर आते हैं, जो आपको न सिर्फ नेतृत्व के बारे में बल्कि खुद के बारे में भी सिखाते हैं। एक लीडर के तौर पर, यह समझना जरूरी है कि हर खिलाड़ी को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में क्या मदद मिलती है। गिल ने जियोहॉटस्टार पर कहा, "हर खिलाड़ी अलग होता है, और नेतृत्व का मतलब है उन्हें प्रभावी ढंग से मैनेज करना। उनकी ताकत, कमजोरियों को जानना और जब वे संघर्ष कर रहे हों तो उन्हें वापस फॉर्म में कैसे लाया जाए, यह जानना बहुत जरूरी है। जितना ज्यादा आप खेलते हैं, उतना ज्यादा अनुभव आपको उतार-चढ़ाव के दौरान मिलता है, और यह आपको एक लीडर के तौर पर आकार देता है। टीम के साथियों के साथ आमने-सामने बातचीत करना जरूरी है। "शुरू में, मैं स्वाभाविक रूप से इस तरह की बातचीत में शामिल नहीं होता था, लेकिन एक लीडर के तौर पर, यह एक सचेत प्रयास बन गया। खिलाड़ियों से बात करना, उनकी मानसिकता को समझना और यह सुनिश्चित करना कि वे मूल्यवान महसूस करें, बहुत जरूरी है। जब कोई टीम लीडर आगे आता है, तो इससे खिलाड़ियों में आत्मविश्वास पैदा होता है और एक मजबूत टीम माहौल बनाने में मदद मिलती है। जीटी के कप्तान बनने से पहले गिल ने आईपीएल 2022 और 2023 सीजन में क्रमशः 483 और 890 रन बनाए थे।

## आयुष शेट्टी, शंकर मुथुस्वामी स्विस ओपन के मुख्य ड्रॉ में पहुंचे



**बासेल (आईएएनएस)।** भारत के आयुष शेट्टी और एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम ने मंगलवार को क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में अपनी जगह पक्की कर ली। शेट्टी ने इंग्लैंड के चोलन कायन को 42 मिनट में 21-12, 21-15 से हराकर मुख्य दौर में प्रवेश किया। 19 वर्षीय शेट्टी बुधवार को अपने पहले मैच में जापान के केंटा निशिमोटो से भिड़ेंगे। दूसरी ओर, मुथुस्वामी ने दो राउंड में संघर्ष किया, पहले उन्होंने चीन के यूहैंग वांग को 21-13, 21-4 से मात्र 23 मिनट में हराया, फिर अंतिम क्वालीफाइंग दौर में हमवतन थारुन मन्नेपल्ली को 21-7, 21-10 से हराया।

## सर्वोच्च सम्मान के बाद सविता ने अपनी सफलता के पीछे ससुराल वालों के समर्थन को याद किया



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कारों में प्लेयर ऑफ द ईयर (महिला) और गोलकीपर ऑफ द ईयर सम्मान से सम्मानित भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान और अनुभवी गोलकीपर सविता इन पुरस्कारों को अपने जीवन में उन लोगों की मान्यता के रूप में देखती हैं, जिन्होंने इसे संभव बनाया है। तीसरी बार प्लेयर ऑफ द ईयर के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार जीतने पर, सविता ने कहा, "यह बहुत अच्छा लग रहा है। इस साल कई बेहतरीन प्रदर्शन हुए हैं, मुझे जीतने की उम्मीद नहीं थी। सभी एथलीट अपने प्रयासों के लिए पहचाने जाना पसंद करते हैं, और मैं पुरस्कार के लिए आभारी हूं।

## भारत 18 साल बाद एएफसी बीच सॉकर एशिया कप में ऐतिहासिक वापसी के लिए तैयार



**पटाया (आईएएनएस)।** भारत 18 साल की अनुपस्थिति के बाद महाद्वीपीय मोर्चे पर बीच सॉकर में ऐतिहासिक वापसी के लिए पूरी तरह तैयार है, क्योंकि गुरुवार को यहां जोमटियन बीच एरिना में एएफसी बीच सॉकर एशिया कप 2025 के अपने शुरुआती मैच में मेजबान थाईलैंड का सामना करेगा। मुख्य कोच मोहम्मद फैजल बिन सूद ने कहा, "हमने अपने विरोधियों, खासकर थाईलैंड का गहन विश्लेषण किया है, ताकि खेल के प्रति उनके दृष्टिकोण को समझा जा सके। हमारा ध्यान अपने रक्षात्मक दृष्टिकोण को मजबूत करने, त्वरित बदलावों में सुधार करने और अपनी सेट-पीस रणनीतियों को परिष्कृत करने पर रहा है।

## रियान पराग ने बल्ले से मचाया कोहराम, सिर्फ 64 गेंद में खेली 144 रनों की धुआंधार पारी



**एजेंस । मुंबई**

आईपीएल 2025 का काउंटडाउन शुरू हो गया है, 22 मार्च से टूर्नामेंट का आगाज होने जा रहा है. इससे पहले सभी टीमें अभ्यास मैच खेल रही हैं. राजस्थान रॉयल्स के अभ्यास मैच में बल्लेबाज रियान पराग ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की, उन्होंने 64 गेंदों में नाबाद 144 रन बनाए. रियान पराग ने 144 रनों की विस्फोटक पारी में 10 छक्के और 16 चौके जड़े. पराग राजस्थान रॉयल्स के महत्वपूर्ण प्लेयर हैं और उनका ये फॉर्म संजू सैमसन एंड टीम को बहुत राहत देगा. राजस्थान रॉयल्स आईपीएल 2025 में अपना पहला मैच 23 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलेगी. 2019 में आईपीएल डेब्यू करने वाले रियान पराग ने टूर्नामेंट में अभी तक 70 मैच खेले हैं. इसमें उन्होंने 135 की स्ट्राइक रेट से 1173 रन बनाए हैं. आईपीएल में रियान पराग का सर्वाधिक स्कोर 84 रन का है. उन्होंने 6 अर्धशतकीय पारियां खेली हैं.

जोस बटलर के जाने के बाद भी राजस्थान रॉयल्स की बल्लेबाजी यूनिट काफी मजबूत नजर आ रही है. टीम में कुल 8 प्रॉपर बल्लेबाज हैं, इसमें शिमरोन हेटमायर के रूप में सिर्फ 1 विदेशी प्लेयर है. संभव है कि टीम के लिए संजू के साथ यशस्वी जायसवाल पारी की शुरुआत करेंगे. राजस्थान रॉयल्स टीम में सिर्फ 2 ही ऑलराउंडर प्लेयर हैं. नितीश राणा और युद्धवीर सिंह ही इस दल में ऑलराउंडर खिलाड़ी हैं. इस टीम में गेंदबाजों की संख्या सबसे अधिक है. राजस्थान रॉयल्स टीम में 10 प्रॉपर गेंदबाज हैं।

## रजत पाटीदार विराट कोहली के कप्तानी कौशल पर बहुत अधिक निर्भर होंगे : उथप्पा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा का मानना है कि रजत पाटीदार विराट कोहली के नेतृत्व कौशल पर निर्भर होंगे और आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का नेतृत्व करते हुए उन्हें बल्लेबाजी के दिग्गज कोहली के सुपरस्टारडम से मुकाबला करना होगा। यह पाटीदार का पहली बार आईपीएल टीम का नेतृत्व करने का मौका होगा, और उनका पिछला नेतृत्व अनुभव मध्य प्रदेश को 2024/25 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में ले जाना रहा है। पाटीदार के अलावा, अक्षर पटेल भी सुर्खियों में रहेंगे क्योंकि वह आईपीएल में पहली बार पूर्णकालिक क्षमता में दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व करेंगे। "मुझे लगता है कि अक्षर पटेल और रजत पाटीदार के बीच अक्षर थोड़ा बेहतर स्थिति में होंगे, ईमानदारी से कहूं तो,




क्योंकि नई टीम के साथ भी, अभी भी कई जाने-पहचाने चेहरे हैं। रजत के साथ भी यही स्थिति है, लेकिन रजत को विराट कोहली के सुपरस्टारडम से जूझना होगा, जो उस टीम में मौजूद है। मुझे लगता है कि वह विराट कोहली के कप्तानी कौशल पर बहुत निर्भर होंगे।

## हेमंत कलिता ने लवलीना को महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप से हटने को कहा


**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के प्रमुख अजय सिंह ने आरोप लगाया है कि टोक्यो ओलंपिक कांस्य विजेता लवलीना बोरगोहेन और असम की अन्य मुक्केबाजों को निलंबित बीएफआई महासचिव हेमंत कलिता ने 21 मार्च से शुरू होने वाली महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग नहीं लेने के लिए कहा है। बीएफआई ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में एक आपातकालीन प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की, जहां बीएफआई प्रमुख ने आरोप लगाया कि असम एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव कलिता ने लवलीना को आगामी राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग नहीं लेने के लिए कहा, जिसके बाद ओलंपिक पदक विजेता टूर्नामेंट में भाग लेने पर विचार कर रही है। सिंह ने संवाददाताओं से कहा, "असम खिलाड़ियों को महिला राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने से हतोत्साहित कर रहा है।

● **बीएफआई प्रमुख अजय सिंह ने आरोप लगाया**

## गौतम अदाणी, पीजीटीआई आमंत्रण गोल्फ चैंपियनशिप शुरू करेंगे

**अहमदाबाद (आईएएनएस)**

अदाणी समूह भारत में पुरुषों के पेशेवर गोल्फ की आधिकारिक मंजूरी देने वाली संस्था प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) के साथ साझेदारी में 'अदाणी आमंत्रण गोल्फ चैंपियनशिप 2025' के शुभारंभ के साथ भारतीय पेशेवर गोल्फ में प्रवेश करने के लिए तैयार है। 1.5 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वाला यह पहला टूर्नामेंट ग्रेटर नोएडा के जेपी ग्रीन्स गोल्फ एंड स्पा रिसॉर्ट में 1-4 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा, जो पीजीटीआई की 11 साल बाद इस आयोजन स्थल पर वापसी का प्रतीक है। अदाणी समूह की इस पहल का उद्देश्य गोल्फ की पहुंच को बढ़ावा देना और व्यापक बनाना तथा इसे मुख्यधारा के खेल के रूप में स्थापित करना है, साथ ही भारत से वैश्विक चैंपियनों की अगली पीढ़ी को तैयार करना है। यह साझेदारी अहमदाबाद के



बेल्वेडियर गोल्फ एंड कंट्री क्लब में अदाणी-पीजीटीआई संयुक्त गोल्फ प्रशिक्षण अकादमी की स्थापना तक विस्तारित है। यह पहल जमीनी स्तर पर विकास के लिए अदाणी की प्रतिबद्धता के अनुरूप है और भारत की 2036 ओलंपिक बोली का समर्थन करती है।



## भारतीय शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन तेजी के साथ बंद

### मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स 2% से अधिक उछले

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को लगातार तीसरे दिन तेजी के साथ बंद हुए। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 147.79 अंक या 0.20 प्रतिशत की तेजी के साथ 75,449.05 और निफ्टी 73.30 अंक या 0.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,907.60 पर था। शेयर बाजार में तेजी की वजह मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में खरीदारी का होना है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,300.20 अंक या 2.63 प्रतिशत की तेजी के साथ 50,817.10 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 372.90 अंक या 2.43 प्रतिशत की बढ़त के साथ 15,747.60 पर बंद हुआ।

पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, मेटल, रियलिटी, एनर्जी, मीडिया, इन्फ्रा और ऑटो इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए हैं। आईटी और एफएमसीजी इंडेक्स ही लाल निशान में बंद हुए हैं। सेंसेक्स पैक में टाटा स्टील, जोमैटो, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडसइंड



बैंक, एलएंडटी, अदाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी, एसबीआई, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक टॉप गेनर्स थे। टेक महिंद्रा, टीसीएस, आईटीसी, इन्फोसिस, सन फार्मा, मारुति सुजुकी, एचसीएल टेक, नेस्ले और कोटक महिंद्रा बैंक टॉप लूजर्स थे।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 3,015 शेयर हरे निशान में, 1,034 शेयर लाल निशान में और 117 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं। पीएल कैपिटल- प्रभुदास लीलाधर में एडवाइजरी प्रमुख, विक्रम कसात ने कहा कि सकारात्मक ग्लोबल संकेतों के कारण बाजार में तेजी देखने को मिली। अब निवेशकों की निगाहें बड़े ग्लोबल इवेंट्स पर होंगी, जिसमें अमेरिकी फेड रिजर्व की ब्याज दर पर नीति, पुतिन-ट्रंप की बातचीत और गोल्ड की कीमत शामिल हैं।

## ग्लोबल हेल्थ और विकास में बदलाव लाने के लिए डिजिटल समाधान तैयार कर रहा भारत : बिल गेट्स

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

गेट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष और बोर्ड सदस्य बिल गेट्स ने बुधवार को कहा कि भारत न केवल अपने नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए डिजिटल इनोवेशन का निर्माण कर रहा है, बल्कि ऐसे समाधान भी बना रहा है, जिनमें ग्लोबल हेल्थ और विकास को बदलने की क्षमता है। गेट्स फाउंडेशन और महिला सामूहिक मंच के सहयोग से सीआईआई द्वारा आयोजित एक वैश्विक मंच पर बोलते हुए, बिल गेट्स ने इनोवेशन, हेल्थ और सस्टेनेबिलिटी में भारत के



लीडरशिप की सराहना की। इस मंच के साथ वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए स्केलेबल, सस्टेनेबल और टेक-ड्रिवन सॉल्यूशन को आगे बढ़ाने में भारत की बढ़ती भूमिका के मध्यनजर ग्लोबल इंडस्ट्री लीडर, पॉलिसी मेकर्स और इन्वेस्टर्स एक साथ आए। गेट्स ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत किफायती स्वास्थ्य सेवा, एआई-संचालित निदान और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में अपनी लीडिंग भूमिका के साथ भविष्य का निर्माण कर रहा है। उन्होंने उभरती अर्थव्यवस्थाओं में दबाव वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए वैश्विक स्तर पर भारत के इनोवेटिव सॉल्यूशन को बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। गेट्स ने भारत की तीव्र प्रगति पर भी प्रकाश डालते हुए देश के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, इंक्लूसिव आर्थिक विकास और तकनीकी सफलताओं को दुनिया के लिए एक मॉडल बताया। उन्होंने कहा, "भारत ने कम लागत वाले इनोवेशन के जरिए स्वास्थ्य और विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

भविष्य की ओर देखते हुए, गेट्स ने वैश्विक स्तर पर एआई, स्वास्थ्य सेवा और सस्टेनेबल डेवलपमेंट में सफलताओं को बढ़ाने के लिए भारतीय इनोवेटर्स, पॉलिसी मेकर्स और उद्यमियों के साथ मिलकर काम करने के लिए अपने फाउंडेशन के कमिटमेंट की पुष्टि की। अलायंस फॉर ग्लोबल गुड जेंडर इक्विटी एंड इक्वलिटी की अध्यक्ष स्मृति ईरानी ने फाउंडेशन और गेट्स के नेतृत्व की सराहना की। साथ ही सोशल इनोवेशन के लिए निवेश की भी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। ईरानी ने कम लागत वाले, टेक्नोलॉजी-ड्रिवन समाधान लाने में भारत की शक्ति के बारे में बात की, जो स्वास्थ्य, पोषण और खाद्य सुरक्षा जैसी महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों का समाधान कर रहे हैं। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में भारत की लीडिंग भूमिका पर जोर दिया और इसे ग्लोबल साउथ के लिए एक ब्लू प्रिंट बताया।

## कैबिनेट ने संशोधित डेयरी विकास योजना को दी मंजूरी, बजट बढ़ाकर 2,790 करोड़ रुपए किया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में संशोधित नेशनल प्रोग्राम फॉर डेयरी डेवलपमेंट (एनपीडीडी) को मंजूरी दी गई है। साथ ही योजना के बजट को बढ़ाकर 2,790 करोड़ रुपये कर दिया है। भारत के डेयरी क्षेत्र को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई इस स्कीम को 15वें फाइनेंस कमीशन (2021-22 से 2025-26) के तहत अतिरिक्त आवंटन प्राप्त हुआ। सरकार ने डेयरी इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और दूध उत्पादन और गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए इस योजना के बजट को अतिरिक्त 1,000 करोड़ रुपये बढ़ाया है। कैबिनेट के अनुसार, "रिवाइज्ड प्रोग्राम दूध की खरीद, प्रसंस्करण और गुणवत्ता नियंत्रण में सुधार करके डेयरी किसानों की मदद करने पर केंद्रित है। इस योजना का उद्देश्य किसानों को बाजार तक बेहतर पहुंच प्रदान करना, उन्हें उचित मूल्य दिलाना और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देना है।

## कैबिनेट ने जेएनपीए पोर्ट तक हाई-स्पीड लिंक के लिए 4,500 करोड़ रु के 6-लेन हाईवे को मंजूरी दी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने बुधवार को महाराष्ट्र में जेएनपीए पोर्ट (पगोटे) से चौक (29.219 किमी) तक 6 लेन वाले ग्रीनफील्ड हाई-स्पीड नेशनल हाईवे के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस प्रोजेक्ट का विकास बिल्ड, ऑपरेट और ट्रांसफर (बीओटी) मोड में किया जाएगा, जिसकी कुल लागत 4,500.62 करोड़ रुपये होगी। आधिकारिक बयान में कहा गया कि जेएनपीए पोर्ट में कंटेनर की वॉल्यूम में वृद्धि और नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के डेवलपमेंट के साथ, इस क्षेत्र में नेशनल हाईवे संपर्क बढ़ाने की आवश्यकता की पहचान की गई। वर्तमान में पलासपे फाटा, डी-पॉइंट, कलंबोली जंक्शन, पनवेल जैसे शहरी क्षेत्रों में भारी भीड़भाड़ के कारण जेएनपीए पोर्ट से एनएच-48 और मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे के स्वर्णिम चतुर्भुज (जीक्यू) सेक्शन तक वाहनों को जाने में 2-3 घंटे लगते हैं।

## एनटीपीसी के तीसरे यूनिट से बिजली उत्पादन का परीक्षण सफल




**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** जिले के टंडवा में निर्माणाधीन 1980 मेगावाट के स्थापित नार्थ करनपुरा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट (एनकेएसटीपीपी) के तीसरे यूनिट का सिंक्रोनाइजेशन प्रक्रिया देर रात 19 मार्च को सफल हुआ। रात्री 2:43 बजे जैसे ही तीसरे यूनिट से पिछले ढ़ाई दशक से लंबे इंतजार के बाद पूर्ण विद्युत उत्पादन के लक्ष्य को हासिल किया गया। वहां बेसब्री से इंतजार कर रहे प्रबंधन के अधिकारी झूम उठे। बता दें कि स्थापित दो यूनिटों से बिजली का उत्पादन व वितरण हो रहा है। उत्पादित बिजली झारखंड, बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में किफायती तौर पर निर्बाध वितरण किया जाना है। बताया गया कि भारत का यह पहला सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्रोजेक्ट है, जिसे इतने बड़े स्तर पर एयर-कूल्ड कंडेंसर के साथ डिजाइन किया गया है। यह स्थापित नवाचार तकनीक पारंपरिक तुलना में एक तिहाई पानी की खपत को कम करता है। क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक अरिंदम सिन्हा से पूरे टीम को बधाई दिया। एचओपी संजीब कुमार सुआर ने कर्मचारियों के लगातार परिश्रम और तकनीकी कुशलता की सराहना की। कहा कि तीसरे यूनिट के सिंक्रोनाइजेशन से एनटीपीसी की क्षमता में वृद्धि हुई है। उन्होंने प्रशासन व हितधारकों के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर कार्यकारी निदेशक (येश प्रबंधन) एके शुक्ला समेत अन्य विभागों के प्रमुख मौजूद थे।

### शत प्रतिशत ई केवाईसी को लेकर 21 से 27 तक चलेगा विशेष अभियान

# डीलर घर-घर जाकर राशन कार्ड का ई केवाईसी करेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से अच्छादित लाभुकों (पीला कार्ड व गुलाबी कार्ड) का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी ससमय पूर्ण कराने के जिले में 21 से 27 मार्च तक ई-केवाईसी सप्ताह का आयोजन जा रहा है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत आच्छादित लाभुकों का शत प्रतिशत ई-केवाईसी कराने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता द्वारा समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जागरूकता रथ के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आमजनों को ई-केवाईसी को लेकर जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत अच्छादित लाभुकों का शत प्रतिशत आधार सीडिंग



सुनिश्चित किए जाने का आदेश जारी किया गया है। जिसमें लातेहार शहरी सहित सभी प्रखंडों के जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को राशन कार्डधारी के निवास स्थान पर जाकर शत प्रतिशत लाभुकों का ई-केवाईसी करने का निर्देश दिया गया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा ने बताया गया कि भारत सरकार के दिशा-निर्देश के आलोक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से अच्छादित सभी लाभुकों का ई-केवाईसी पूर्ण किये जाने के लिए अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित है। उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में ई-केवाईसी कार्य को ससमय पूर्ण कराने को लेकर 21 से 27 मार्च तक ई-केवाईसी सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। ई-केवाईसी सप्ताह के दौरान 21 से सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदार राशन कार्डधारी के निवास स्थान पर जाकर ई-केवाईसी कार्य संपन्न करेंगे एवं उन्हें उपलब्ध करायी गई सूची में यथा स्थिति सूचनाओं की प्रविष्टि करेंगे। ई-केवाईसी संपन्न करने के दौरान मृत लाभुकों के नाम के समक्ष कॉलम 8 में ई-केवाईसी संपन्न नहीं होने के कारण मृत लिखेंगे एवं उसके परिवार के किसी सदस्य का हस्ताक्षर संपुष्टि कर प्राप्त करेंगे। ई-केवाईसी संपन्न कराने के दौरान राशन कार्ड में अंकित मोबाईल नंबर को भी सत्यापन करा लेने का निर्देश दिया गया हैं। यदि मोबाईल नंबर बदल गया है, तो नया मोबाईल नंबर की प्रविष्टि कर देंगे। जिस राशन कार्ड में मोबाईल नंबर उपलब्ध नहीं है तो राशन कार्ड धारक से मोबाईल नंबर प्राप्त कर (यदि हो तो) मोबाईल नंबर अंकित करेंगे।

## पुलिस ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बालूमाथ।** पुलिस ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम के प्राथमिकी अभियुक्त मोहम्मद अल्ताफ उर्फ मोहम्मद ईल्ताफ को जेल भेज दिया है। यह जानकारी थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि बालूमाथ थाना के प्राथमिकी अभियुक्त मोहम्मद अल्ताफ उर्फ मोहम्मद इल्ताफ पिता स्वर्गीय मोहम्मद बरकत ग्राम माड़न थाना पांकी जिला पलामू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया है। उपरोक्त अभियुक्त पर दहेज प्रतिषेध अधिनियम सहित अन्य धारा का आरोप है। छापेमारी अभियान चलाकर उसके घर से गिरफ्तार किया गया है।

## सरहुल हर्षोल्लास के साथ मनाने को लेकर तैयारी शुरू



**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय के नचना ग्राम स्थित आदिवासी पड़हा भवन परिसर में बारियातू प्रखंड स्तरीय प्रकृति का महापर्व सरहुल हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण वातावरण के साथ मनाने को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। इस निमित्त आयोजित बैठक कि अध्यक्षता महाबीर उरांव ने की। संचालन प्रमोद उरांव ने किया। बैठक में सरहुल पूजा को विधिवत मनाए जाने वाले कार्यक्रम को लेकर सफल आयोजन के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

## आधार कार्ड बनाने व त्रुटि सुधार में अधिक राशि लेने का आरोप

**भवनाथपुर।** प्रखंड के बीआरसी कार्यालय में संचालित आधार सेंटर में कंप्यूटर ऑपरेटर कौशल्या देवी द्वारा अवैध रूप से पैसे वसूली किये जाने पर लोगों ने जमकर हंगामा किया। बता दें कि सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों को बैंक में खाता खोलना अनिवार्य है। उन्हें आधार कार्ड बनवाने और त्रुटि सुधरवाने में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो उसके लिए बीआरसी में आधार कार्ड बनाया जा रहा है। आधार कार्ड बनाने का जिम्मा एमकेएस इंटरप्राइजेज को मिला है। लेकिन वहां पर नियम विरूद्ध काम हो रहा है, जिससे लोगों में भारी रोष है।

## विहिप के अध्यक्ष बने लोकनाथ केसरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद/हैदरनगर।** स्थानीय महावीर जी मंदिर भवन हुसैनाबाद के प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की एक बैठक पलामू जिला के विहिप के जिला उपाध्यक्ष लाला प्रसाद यादव, जिला समरसता प्रमुख पप्पू लाट, जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, बजरंग दल के जिला सह संयोजक सोनू सिंह व जिला संगठन मंत्री संतोष प्रसाद यादव की उपस्थिति में किया गया है। संतोष कश्यप के संचालन में नगर में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल का पुनर्गठन किया गया। विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष लोकनाथ केसरी, उपाध्यक्ष धनंजय कुमार शौंडिक, जय कुमार मंत्री व संदीप सोनी को सह मंत्री बनाया गया है। बजरंग दल के बबलू गुप्ता संयोजक, राजू कुमार सोनी सह संयोजक, पंकज कुमार गुप्ता, शंभू शौंडिक, विनय कुमार कसेरा प्रमुख, जितेन्द्र गुप्ता, रोहित विश्वकर्मा साप्ताहिक मिलन प्रमुख, मिथिलेश सोनी, बजरंगी प्रजापति, राजा ठाकुर सामाजिक समरसता प्रमुख, आशु कुमार व रवि गुप्ता को विद्यार्थी प्रमुख बनाया गया है। अक्षय कुमार सिंह, सोनू कांस्यकार सह विद्यार्थी प्रमुख, अंकुश कांस्यकार गौ रक्षा प्रमुख, विकास कुमार कांस्यकार सह गौ रक्षा प्रमुख, रवि चंदेल, पवन भगत को सुरक्षा प्रमुख का दायित्व सौंपा गया है। इस मौके पर मुख्यतः बबलू शर्मा, रौशन चौरसिया, प्रमोद प्रजापति, मोनू कांस्याकार, विपिन पटेल, श्रवण अग्रवाल, उदय विश्वकर्मा, पंकज कुमार गुप्ता, ऋषिकेश कुमार कश्यप, गौतम कांस्यकार, पवन प्रशांत सहित सैकड़ो की संख्या में रामभक्त शामिल थे।

## स्टेशन पर लगे बेंचों के गुणवत्ता की खुली पोल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो पर लगाए गए 8 में 5 सीमेंटेड बेच अनुपयोगी हो गए हैं। इससे इनकी गुणवत्ता की पोल खुल गई है। अमृत भारत योजना के तहत हाल ही में इन्हें अलग-अलग स्थानों पर स्थापित किया गया था। ऐसे में यात्रियों को ट्रेनों के इंतजार में किस तरह की परेशानी होती है, इसे सहज ही समझा जा सकता है। एक तो यात्रियों के अनुपात में वैसे ही बेंच की संख्या काफी कम है। इस पर शरारती तत्वों की बदमाशी कहा जाए या इनकी गुणवत्ता में कमी, कारण जो भी, टूटे इन बेंचों को ठीक करने अथवा बदलने को लेकर अब तक किसी ने सुधि नहीं ली है। यात्रियों का कहना है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आधुनिक भवन और प्लेटफॉर्म को बेहतर तरीके से बनाया गया है। डबल लेन फुट



ओवरब्रिज बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है। लोस चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12.95 करोड़ की विभिन्न योजनाओं को लेकर ऑनलाइन शिलान्यास की औपचारिकता पूरी कर दी थी। इसमें यात्री शेड, प्रतीक्षालय, शीतल पेयजल और शौचालय सहित अन्य कई यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजनाएं शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन ने भी निरीक्षण किया है। डीआरएम सहित अन्य रेल अधिकारियों के दौरे लगातार होते रहते हैं, फिर भी इन यात्री सुविधाओं को दुरुस्त अथवा जिस गति से काम किया जाना चाहिए था, वैसा नहीं होता नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में गर्मी के मौसम में खासकर, पर्याप्त बेंच, शेड और शीतल जल की कमी के वजह से हो रही परेशानी और उठानी पड़ रही जोखिम के प्रति यात्रियों ने नाराजगी जताई है। सुविधा संपन्न स्टेशन का लाभ मिलने की उम्मीदों पर पानी फिर रहा है।

## इंडियन मानवाधिकार के सदस्य दुष्कर्म पीड़ित परिवार से मिले

**रंका।** प्रखंड के बाहाहारा पंचायत के एक गरीब लड़की का दुष्कर्म को लेकर इंडियन मानवाधिकार के लोग बुधवार को रंका थाना पहुंचे। इस संबंध में मानवाधिकार के कर्मियों ने बताया कि पिछले 15 मार्च को बाहाहारा पंचायत के एक गरीब परिवार के लड़की को तीन लोगों ने मिलकर अगवा किया था। एक लड़का ने लड़की के साथ दुष्कर्म किया था। दो लड़का बचाव पक्ष में लड़के के साथ दे रहे थे। लड़की को 24 घंटा बंधक रखने के बाद सुबह जब लड़की के परिजनों ने उसे देखा तब लड़की की स्थिति काफी खराब थी। गरीबी के कारण लड़की के परिवार थाने में नहीं जाकर सीधा इंडियन मानवाधिकार आयोग को आवेदन दिया।

## पेज एक के शेष

### क्या है जमीन...

जमीन की कीमत करोडों मे थी। इतने कम पैसों मे जमीन लेने के बाद ज्यादातर केस में जमीन मालिक को कैश मे भुगतान किया गया।

### सीबीआई ने गैरिसन...

ठेकेदार की शिकायत के सत्यापन के बाद सीबीआई ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की। शिकायत की सत्यापन के दौरान ठेकेदार ने कमीशन की रकम किस्त देने की पेशकश की। इसे गैरिसन इंजीनियर ने स्वीकार कर लिया। इसके बाद सुनियोजित तरीके से सीबीआइ अधिकारियों के दल ने गैरिसन इंजीनियर के घूस लेते उसके कार्यालय से गिफ्तार किया। समाचार लिखे जाने तक इंजीनियर के घर पर छापेमारी जारी है।

### पूर्व में सीआइडी...

प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने कहा कि संतोष कुमार, उच्च वर्गीय लिपिक को निलंबित करते हुए उसके विरुद्ध रांची सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। खाते को फ्रिज कराया जा चुका है और नीलाम पत्र दायर किया जा चुका है। वर्तमान में संतोष कुमार हिरासत में हैं। प्रभात कुमार सिंह, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, चन्द्रशेखर, कार्यपालक अभियंता, राधेश्याम रवि, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता और संजय कुमार, निम्नवर्गीय लिपिक के खिलाफ विभागीय कार्यवाही संचालित की जा रही है। मामले की विस्तृत जांच एसीबी से कराने के लिए मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (निगरानी) से अनुरोध किया गया है। महालेखाकार झारखंड को विशेष अंकेक्षण के लिए अनुरोध किया गया है।

### विधायक ने फाड़ा...

इस प्रकरण को लेकर सदन में करीब 10 मिनट तक असहज माहौल बना रहा : प्रश्नकाल के दौरान विधायक अपने-अपने प्रश्न रख रहे थे। अपनी बारी आने पर पांकी के विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता अपना प्रश्न पढ़ते हुए कुछ सेकंड के लिए रुक गए। इस दौरान स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि आपके प्रश्न को पढ़ा हुआ मान लिया गया। इस पर विधायक ने नाराजगी जाहिर करते हुए स्पीकर पर पक्षपात का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि क्यों 12 बजे से यहां आकर बैठते हैं, जब पढ़ने के लिए वक्त ही नहीं दिया जाता। स्पीकर ने इस पर उन्हें फिर से प्रश्न पढ़ने को कहा और इसके साथ ही कहा कि आसन पर कुछ और आरोप लगाना है तो लगा दीजिए। इस बात पर विधायक फिर गुस्से में आ गए। उन्होंने प्रश्न लिखा कागज फाड़कर सदन में फेंक दिया। इसके बाद स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी से कहा कि देख लीजिए, आपके सदस्य किस तरह का व्यवहार कर रहे हैं? आसन के सामने इस तरह का आचरण अच्छा नहीं है। मरांडी ने बीच-बचाव की कोशिश करते हुए कहा कि थोड़ी गलती हुई है। वह प्रश्न पढ़ते वक्त थोड़ा रुक गए थे और आपको लगा कि पढ़ना हो गया। कभी-कभी ऐसा हो जाता है। संसदीय कार्यमंत्री राधा कृष्ण किशोर ने इस पर कहा कि नियमानुसार प्रश्नकाल का प्रश्न 50 शब्द से अधिक नहीं होना चाहिए, लेकिन हम लंबा सवाल भी पढ़ते हैं। सदन में इस तरह का व्यवहार ठीक नहीं है। वह पक्ष और विपक्ष के विधायकों से आग्रह करेंगे कि ऐसा व्यवहार न करें।

### शंभू बॉर्डर से...

बातचीत में शामिल होने वाले केंद्रीय मंत्रियों ने किसानों के हितों को सर्वोपरि बताया। तीन घंटे से अधिक समय तक चली बैठक के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बातचीत जारी रहेगी और अगली बैठक 4 मई को होगी। बैठक के बाद चौहान ने कहा, ह्लबैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। चर्चा सकारात्मक और रचनात्मक तरीके से हुई। वार्ता जारी रहेगी। अगली बैठक 4 मई को होगी।ह्व बैठक के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। किसान नेता चंडीगढ़ से मोहाली में दाखिल हुए। किसानों को उनके गंतव्य की ओर जाने से रोकने के लिए मोहाली में भारी बैरिकेडिंग की गई थी। किसान नेता मंगत ने कहा कि पंधेर और डल्लेवाल के अलावा अभिमन्यु कोहर, काका सिंह कोटरा और मंजीत सिंह राय को हिरासत में लिया गया है। शंभू और खनौरी सीमा बिंदुओं पर भी भारी पुलिस बल तैनात किया गया। विभिन्न जिलों से पुलिसकर्मियों को शंभू और खनौरी सीमा बिंदुओं पर तैनात किया गया है, जहां पिछले साल फरवरी से संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा अपने विरोध प्रदर्शन पर बैठे थे। किसानों ने कहा कि प्रदर्शन स्थलों के पास एम्बुलेंस, बसें और अग्निशमन वाहन तैनात किए गए हैं।

**एमएसपी समेत अन्य के लिए आंदोलन :** यह बातचीत किसानों द्वारा उठाई गई विभिन्न मांगों पर चर्चा करने के लिए आयोजित की गई थी, जिसमें फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी भी शामिल थी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल बुधवार पूर्वाह्न 11 बजकर 50 मिनट पर बैठक के लिए सेक्टर-26 स्थित महात्मा गांधी लोक प्रशासन संस्थान पहुंचे थे। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा और कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने भी बैठक में हिस्सा लिया।

## मतदाता जागरुकता दिवसः क्विज प्रतियोगिता का प्रमाण पत्र वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** एक समारोह आयोजित कर बुधवार को प्रतिभागियों के बीच प्रतियोगिता का प्रमाण पत्र वितिरित किया गया। इसके मुख्य अतिथि बीआरपी विनय कुमार सिंह मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग व अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद के निर्देश पर मतदाता दिवस के अवसर पर 25 जनवरी 2025 को राजकीयकृत मध्य विद्यालय हुसैनाबाद के प्रशाल में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसके बाद विधानसभा चुनाव के घोषणा व चुनाव से संबंधित पदाधिकारियों के अति व्यस्तता व लगातार आठवीं, नौंवी व दसवीं परीक्षा के कारण प्रमाण पत्र वितरित नहीं किया गया था। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बीआरपी विनय कुमार सिंह ने कहा कि बच्चे भविष्य के निमार्ता हैं। इन्हें जिस रुप में ढ़ाला जायेगा, उस रुप में ढलेंगें। बच्चों की तैयारी काफी उत्कृष्ट कोटि की थी। ऐसे ही तैयारियों से प्रतियोगिता का मार्ग



सरल व सुगम होगा। कंपटीशन में अर्जित ज्ञान मील का पत्थर साबित होगा। उद्बोधन में तैयारी करानेवाले शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता की भूरि भूरि प्रशंसा की। शिक्षक जुबैर अंसारी ने कहा कि आप सब इसी तरह लगे रहें। अवश्य सफलता कदमों को चूमेगी। शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि आज का दौर प्रतियोगिता का है। इसके लिये आरंभ काल से ही पूरी तन्मयता के साथ लगे रहना होगा। तभी मनोवांछित कामयाबी मिलेगी। सुखद व आनंदित जीवन व्यतित होगा। धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद ने किया। बेहतर प्रर्दशन करने वाले 18 प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र वितरित किया गया था। प्रतिभागियों में अक्षय कुमार, शिवांश कुमार कश्यप, अभिमन्यु कुमार गुप्ता, दीपक सोनी, सत्यम कुमार, आयुष कुमार, सक्षम विश्वकर्मा, धनराज, जूली कुमारी, एकता कुमारी, पलख कुमारी, आयशा खातून, अलीशा खातून, रानी कुमारी, स्वीटी कुमारी, खुशी कुमारी, प्रीति कुमारी सहित अन्य बच्चों का नाम उल्लेखनीय है।

## दौना गांव में जल संकट गहराया, 30 घरों के लोग एक चापानल पर निर्भर

**महुआडांड़।** प्रखंड के दुरूप पंचायत अंतर्गत दौना गांव में भीषण जल संकट ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। गांव में मात्र एक चापानल है, जिससे 25 से 30 घरों के लोग निर्भर है। गर्मी की शुरूआत के साथ ही चापानल पानी कम देने लगा। इससे हालात और गंभीर हो गए। ग्रामीणों एनियुस बृजिया, अरविंद बृजिया, ज्योति तेलरा, विलियम बृजिया, लारेंस बृजिया, बशीर अंसारी, लालचंद बृजिया, नसरुद्दीन अंसारी, जब्बार अंसारी ने बताया कि पानी की समस्या हर साल गर्मी में विकराल रूप ले लेता है, लेकिन इस बार स्थिति और भी खराब है। महिलाएं और बच्चे दूर दराज के चापानलों से पानी लाने को मजबूर है। इससे उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल समाधान निकालने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते पानी की उचित व्यवस्था नहीं हुई तो हालात और भी भयावह हो सकते हैं।

## अवधेश कुमार सिंह की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**हुसैनाबाद।** अवधेश कुमार सिंह डिग्री कॉलेज जपला (एके सिंह कॉलेज) के संस्थापक व अविभाजित बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय अवधेश कुमार सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। महाविद्यालय के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह की अध्यक्षता में उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर महाविद्यालय परिवार ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात क्रमशः सभी अध्यापकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं द्वारा पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सूर्यमणि सिंह ने में कहा कि 1984 में दिवंगत अवधेश कुमार सिंह द्वारा विशेषकर लड़कियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए इस महाविद्यालय की स्थापना की गई थी। आज इनके सुपुत्र प्रफुल कुमार सिंह सचिव के रूप में इनके अधूरे सपने को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। मात्र एक वर्ष में इन्होंने कॉलेज को दर्शनीय बना दिया। निकट भविष्य में वोकेशनल विषय की पढ़ाई की योजना है। इस अवसर पर एकेडमिक इंचार्ज प्रो. डॉ. राम सुभग सिंह, शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. आनंद कुमार, नामांकन प्रभारी प्रो. सुधीर कुमार सिंह, बर्सर प्रो.शशि भूषण सिंह, आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रो. अरुण कुमार सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. अशोक कुमार सिंह, डॉ. चंदन कुमार सिंह, प्रो. रेखा सिंह, डॉ. आलोक रंजन, प्रो. सुनील कुमार सिंह, प्रो. मुकेश कुमार सिंह, लेखापाल ओम प्रकाश सिंह, जयशंकर प्रसाद सिंह, प्रशांत कुमार सिंह, अखिलेश सिंह, मीना गुप्ता, वृंदा कुमारी, अशोक सिंह , सुनील सिंह, प्रहलाद पाल,जय राम, मनीष कुमार सिंह, प्रिंस कुमार सिंह, विवेक कुमार सहित अनेक शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**कार्यक्रम** सरस्वती विद्या मंदिर जपला में दीक्षांत सह स्नेह मिलन समारोह का आयोजन

# समय व धैर्य दो सबसे बड़े योद्धा हैंः एसडीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय नहर मोड़ स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में दीक्षांत सह स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। दीक्षांत समारोह में कक्षा दशम के सभी भैया-बहनों ने भाग लिया। विद्यालय के यशस्वी व सक्रिय आचार्य अजय कुमार का स्नेह मिलन सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम गौरांग महतो, अनुमंडल पदाधिकारी सह उप समाहर्ता भूमि सुधार विभाग, हुसैनाबाद, विद्यालय के सचिव राकेश तिवारी, अध्यक्ष डॉ शिव प्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष डॉ सत्येन्द्र चंदेल, कोषाध्यक्ष कामख्या नारायण सिंह, सतीश कुमार सिंह, आलोक कुमार, अवकाश प्राप्त



आचार्य अजय कुमार,प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय,प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती, ऊं तथा भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर किया।कक्षा नवम में अध्ययनरत भैया-बहनों ने स्वागत गीत से कार्यक्रम का शुरूआत किया। इस दौरान नवम कक्षा के भैया-बहनों ने दसवीं के भैया-बहनों को उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान आचार्य अरविंद यादव ने बच्चों के बीच गीत से मनमोहित किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने एक से बढ़कर एक देश भक्ति नृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने कहा कि यह क्षण हमें दुःख के साथ सुख की भी अनुभूति कराता है। कई वर्षों से साथ रहकर जो अपनत्व का भाव है उससे आज बिछुड़न हो रहा है, किंतु जब यहां की अच्छाई, संस्कार एवं अनुशासन को समाज में बिखेरने के साथ अच्छे पद पर सुशोभित होंगे तो विद्यालय को गौरवान्वित महसूस होगा। यह हमारे लिए सुख की घड़ी होगी। मुख्य अतिथि एसडीएम ने कहा कि बच्चे समय का हमेशा सदुपयोग करें और गुरु के बताए मार्गों पर हमेशा चलने का प्रयास करें तभी आपका जीवन सफल होगा।समय और धैर्य दोनों ही जीवन में सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं। हमेशा खुद पर भरोसा रखें, तब भी जब दूसरे आप पर संदेह करें। आप अद्भुत चीजें करने में सक्षम हैं, और कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के साथ, आप वह सब कुछ हासिल कर सकते हैं जो आप अपने मन में ठान लें। अध्यक्ष डॉ. शिवप्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष डॉ. सत्येन्द्र चंदेल व सचिव राकेश तिवारी ने स्वस्थ्य व परिवार के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत करने की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य दीपक पाण्डेय, रणजीत मिश्रा, राजेश्वर सिंह यादव, हर्षदा चौबे, राजकुमार सिंह, अभिषेक पाठक, मृत्युंजय प्रसाद, छाया कुमारी,शशि कुमार, नीतीश मिश्रा, सुनील गुप्ता सहित सभी आचार्य-दीदी जी का सराहनीय योगदान रहा।

## सीआरपीएफ कैंप हटने से चिंता सताने लगी ग्रामीणों को

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा में सीआरपीएफ 190 बटालियन के जाने की सूचना से ग्रामीणों में मायूसी छा गई है। ग्रामीणों का कहना है कि सीआरपीएफ के कुंदा कैंप होने से वह बिलकुल सुरक्षित महसूस करते थे। ग्रामीणों ने बताया कि पहले कुंदा में एक समय ऐसा था जब 15 अगस्त और 26 जनवरी की पूर्व संध्या पर वह घर में दुबक जाते थे, क्योंकि अचानक से नारेबाजी होने लगती थी और काला झंडा फहराया जाता था। लेकिन सीआरपीएफ के कुंदा में कैंप होने के बाद से उन्हें राहत की सांस मिली थी। ग्रामीणों को अब फिर से उसी तरह के हालात की चिंता सता रही है। उन्होंने ने सरकार से निवेदन किया है कि सीआरपीएफ कैंप को रहने दिया जाय।

# बच्चों के उनकी देखभाल नहीं करने पर गिफ्ट डीड रद्द कर सकते हैं बुजुर्ग

**मद्रास हाईकोर्ट** की टिप्पणी

**एजेंसी । चेन्नई**

जस्टिस एसएम सुब्रमण्यम और जस्टिस के राजशेखर की डिवीजन पीठ ने हाल ही में मृतक एस नागलक्ष्मी की पुत्रवधू एस माला की ओर से दायर अपील को खारिज कर दिया। नागलक्ष्मी ने अपने बेटे केशवन के पक्ष में समझौता पत्र (सेटलमेंट डीड) इस उम्मीद के साथ तैयार किया था कि वह और उनकी पुत्रवधू जीवनपर्यन्त उनकी देखभाल करेंगे लेकिन वे उनकी देखभाल करने में विफल रहे। बेटे की मौत के बाद उनकी बहू ने भी उनकी उपेक्षा की। इसलिए, उन्होंने आरडीओ, नागपट्टिनम से संपर्क किया। नागलक्ष्मी का यह बयान दर्ज करने के बाद कि उन्होंने प्रेम, स्नेह के कारण तथा अपने बेटे के भविष्य के लिए यह समझौता किया था और पुत्रवधू माला के बयानों पर विचार करने के बाद आरडीओ ने सेटलमेंट डीड को रद्द कर दिया। इसे चुनौती देते हुए माला ने याचिका दायर की और इसे खारिज कर दिया गया। इसलिए, उन्होंने वर्तमान अपील दायर की। पीठ ने कहा कि माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 की धारा 23(1) वरिष्ठ नागरिकों को ऐसी परिस्थितियों में सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाई गई है, जहां वे अपनी संपत्ति को उपहार या समझौते के माध्यम से इस उम्मीद के साथ हस्तांतरित करते हैं कि हस्तांतरित व्यक्ति उनकी बुनियादी सुविधाओं का प्रावधान करेगा। पीठ ने कहा कि यदि हस्तांतरित व्यक्ति इन दायित्वों को पूरा करने में विफल रहता है तो वरिष्ठ नागरिक के पास हस्तांतरण को रद्द करने के लिए न्यायाधिकरण से घोषणा प्राप्त करने का विकल्प होता है।



### यह निर्णय बुढ़ापे में देखभाल की **आशा** से लिया गया था

अधिनियम में यह स्वीकार किया गया है कि वरिष्ठ नागरिकों से संपत्ति का हस्तांतरण, विशेष रूप से बच्चों या करीबी रिश्तेदारों को, अक्सर प्रेम और स्नेह से प्रेरित होता था। वरिष्ठ नागरिक की ओर से संपत्ति हस्तांतरित करने का निर्णय महज एक कानूनी कार्य नहीं था, बल्कि यह निर्णय बुढ़ापे में देखभाल की आशा से लिया गया था। यह प्रेम और स्नेह लेन-देन में निहित शर्त बन जाता है।

## मुंबई में न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा



**मुंबई (आईएएनएस)।** न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन भारत दौरे पर हैं। अपने इस दौरे के दौरान वह बुधवार को मुंबई पहुंचे, जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उनका स्वागत किया। यह जानकारी सीएम फडणवीस ने दी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "न्यूजीलैंड के माननीय प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन का मुंबई और महाराष्ट्र में दिल से स्वागत करते हैं! माननीय प्रधानमंत्री और उनके प्रतिनिधिमंडल से मिलना और बातचीत करना सौभाग्य की बात थी। हमारी चर्चाएं व्यावहारिक और दूरदर्शी दोनों ही थीं, जिनमें द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और प्रमुख क्षेत्रों में गहन सहयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। माननीय प्रधानमंत्री लक्सन को मुंबई में शानदार प्रवास की शुभकामनाएं!

## इस्तांबुल के मेयर और एर्दोगन के प्रतिद्वंद्वी गिरफ्तार, विपक्ष ने साधा सरकार पर निशाना

**इस्तांबुल (आईएएनएस)।** तुर्की ने राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के मुख्य प्रतिद्वंद्वी इस्तांबुल के मेयर एक्रेम इमामोग्लू को भ्रष्टाचार और एक आतंकवादी समूह की मदद करने के आरोप में हिरासत में ले लिया है। मुख्य विपक्षी पार्टी ने बुधवार को इसे 'हमारे अगले राष्ट्रपति के खिलाफ तख्तापलट' कहा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इमामोग्लू के खिलाफ यह कदम देश भर में विपक्षी नेताओं पर महीनों से चल रही कानूनी कार्रवाई का परिणाम है, जिसे उनकी चुनावी संभावनाओं को नुकसान पहुंचाने के राजनीतिक प्रयास के रुप में देखा जा रहा है। 54 वर्षीय इमामोग्लू को कुछ ओपिनियन पोल में एर्दोगन से आगे बताया गया। उन्हें कुछ ही दिनों में उनकी रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी (सीएचपी) का आधिकारिक राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया जाना था।


## छंगतु से पोखरा तक पर्यटक उड़ान शुरू, नेपाल-चीन संबंधों को लगे नए पंख



**बीजिंग (आईएएनएस)।** चीन के सछ्वान एयरलाइंस ने 18 मार्च को छंगतु से नेपाल के पोखरा तक नियमित अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक चार्टर उड़ान की शुरुआत की। इस खास मौके पर पहली उड़ान के जरिए 120 से ज्यादा चीनी यात्री पोखरा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे। पोखरा हवाई अड्डे पर आयोजित स्वागत समारोह में नेपाल में चीनी राजदूत छन सोंग ने कहा कि इस साल चीन और नेपाल अपने राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। दोनों देश छंगतु और पोखरा के बीच नियमित वाणिज्यिक उड़ानों को शुरू करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं, जिससे न सिर्फ आपसी संपर्क मजबूत होगा, बल्कि नेपाल के पर्यटन उद्योग को भी नई गति मिलेगी। पोखरा के मेयर धनराज आचार्य ने कहा कि 2025 को "नेपाल पर्यटन वर्ष" के रूप में मनाया जा रहा है और यह नई उड़ान इस उत्सव का हिस्सा है। मेयर ने उम्मीद जताई कि भविष्य में और भी चीनी शहरों से पोखरा के लिए उड़ानें शुरू होंगी, जिससे दोनों देशों के रिश्ते और गहरे होंगे।

## ट्रंप ने पुतिन से की बात, रूस-यूक्रेन युद्धविराम पर समझौते का संकेत

**वॉशिंगटन (आईएएनएस)**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने को लेकर फोन पर बातचीत की। राष्ट्रपति ट्रंप ने खुद फोन वार्ता के बारे में जानकारी दी। ट्रंप ने कहा कि यह बातचीत बहुत अच्छी और प्रोडक्टिव रही। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों नेताओं ने ऊर्जा और बुनियादी ढांचे पर तत्काल सीजफायर (युद्धविराम) पर सहमति जताई।

## धरती पर सुनीता विलियम्स की सुरक्षित वापसी, समुद्र में डॉल्फिन्स ने किया स्वागत



**फ्लोरिडा (आईएएनएस)**

अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर, साथ ही नासा के निक हैग और रूसी अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गोर्बुनोव, नौ महीने के लंबे मिशन के बाद पृथ्वी पर वापस लौटे हैं। एस्ट्रोनॉट्स को स्पेसएक्स के ड्रैगन अंतरिक्ष यान द्वारा सुरक्षित रूप से फ्लोरिडा के तट पर उतारा गया था। धरती पर लौटे अंतरिक्ष यात्रियों को एक सुंदर और अप्रत्याशित अनुभव हुआ। उनका स्वागत डॉल्फिन्स ने किया। ड्रैगन कैप्सूल के समुद्र में उतरते ही डॉल्फिन कैप्सूल के आसपास तैरते हुए देखे गए। यह एक लगभग जादुई क्षण था जब डॉल्फिन ने ड्रैगन कैप्सूल के चारों ओर चक्कर लगाया, इससे पहले कि इसे रिकवरी पोत पर रखा जाता। रिकवरी टीम ने कैप्सूल के साइड हैच को सावधानी से खोला, जो सितंबर के बाद से पहली बार खुला था।

अंतरिक्ष यात्रियों को कैप्सूल से बाहर निकाला गया और 45 दिनों के पुनर्वास कार्यक्रम के लिए ह्यूस्टन ले जाया गया।

### धरती पर स्वागत है, आपका अटूट दृढ़ संकल्प हमेशा लाखों लोगों को प्रेरित करेगा : मोदी



पीएम मोदी ने अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और क्रू-9 टीम की धरती पर सुरक्षित वापसी के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी खुशी जाहिर की। पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सुनीता विलियम्स के साथ एक पुरानी तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, "आपका स्वागत है क्रू-9, धरती ने आपको याद किया।

### भारत की बेटी समेत सभी अंतरिक्ष यात्रियों ने रचा इतिहास : राजनाथ सिंह



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी चालक दल के सदस्यों की अंतरिक्ष में असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रशंसा की। रक्षा मंत्री ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए लिखा, "नासा के क्रू-9 की पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी से प्रसन्न हूं!

## इजरायली हवाई हमले जारी रहने से गाजा में पैदा हो सकती है व्यापक अस्थिरता : यूएई

**अबू धाबी (आईएएनएस)**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के विदेश मंत्रालय ने कहा कि गाजा में नागरिक और आवासीय क्षेत्रों पर इजरायली हवाई हमले जारी रहने से क्षेत्र में व्यापक अस्थिरता पैदा हो सकती है और पूरे क्षेत्र में हिंसा बढ़ने का खतरा उत्पन्न हो सकता है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने आधिकारिक अमीरात समाचार एजेंसी (डब्ल्यूएएम) के हवाले से बताया कि मंत्रालय ने गाजा में और अधिक निर्दोष लोगों की जान जाने से रोकने, मानवीय स्थिति को बिगड़ने से रोकने, नागरिकों को प्रभावित करने वाली दंडात्मक कार्रवाइयों को रोकने और तनाव को बढ़ने से रोकने का आह्वान किया है।

### गाजा में इजरायल की बमबारी जारी पूरी ताकत से' लड़ने की कसम खाई



**गाजा (आईएएनएस)।** इजरायल की ओर से फिलिस्तीनी क्षेत्र में फिर सैन्य अभियान शुरू करने के बाद मंगलवार रात भर गाजा पर हवाई हमले जारी रहे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हमलों में 13 लोगों की मौत हो गई। इजरायल की सेना ने दावा किया कि उसने हमास के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, जहां से फिलिस्तीनी ग्रुप इजराइल पर गोलीबारी करने की तैयारी कर रहा था।

**पाक-अफगान सीमा विवाद**

### नहीं खुली तोरखम बॉर्डर क्रॉसिंग दूसरे दौर की वार्ता रही बेनतीजा

**इस्लामाबाद (आईएएनएस)।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तोरखम बॉर्डर क्रॉसिंग मंगलवार को नहीं खुल सकी। दोनों पक्षों के धार्मिक, राजनीतिक और जनजातीय समुदाय के बुजुर्गों के बीच दूसरे दौर की वार्ता नाकाम रही। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विवादित सीमा के करीब अफगान बलों के निर्माण कार्य शुरू करने से तनाव बढ़ा था जिसके कारण क्रॉसिंग लगभग एक महीने से बंद थी। हालांकि मगंलवार को इसके खुलने की पूरी उम्मीद थी क्योंकि दोनों पक्षों ने बातचीत के बाद, तोरखम व्यापार मार्ग को सभी प्रकार की आवाजाही के लिए खोलने फैसला किया था। तोरखम बॉर्डर पर 4 मार्च को स्थिति तब गंभीर हो गई जब क्रॉसिंग को फिर से खोलने के लिए बातचीत नाकाम हो गई, जिसके कारण पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और अफगान तालिबान लड़ाकों के बीच गोलीबारी हुई।

## भारतीय पासपोर्ट रखने वाले 69 बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

**कोलकाता (आईएएनएस)**

कोलकाता पुलिस ने 69 बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। इन लोगों ने अलग-अलग समय पर अवैध रूप से देश में प्रवेश करने के बाद नकली दस्तावेज पेश करके भारतीय पासपोर्ट हासिल किए हैं। लुकआउट नोटिस इस आशंका में जारी किए गए हैं कि ये 69 घुसपैठिए अभी भी देश में, खासकर पश्चिम बंगाल में, छिपकर रह रहे हैं और दूसरे देशों में भाग सकते हैं। यह कदम राज्य में फर्जी पासपोर्ट रैकेट का भंडाफोड़ होने और जांच के दौरान इनकी पहचान उजागर होने के बीच उठाया गया।

देश में आव्रजन, सीमा शुल्क और विभिन्न सीमा सुरक्षा एजेंसियों सहित संबंधित विभागों को सतर्क कर दिया गया है। शहर पुलिस के सूत्रों ने बताया कि एजेंसियों को इन 69 बांग्लादेशी घुसपैठियों का विवरण उपलब्ध कराया गया है। जांच अधिकारियों को शक है कि ये अवैध बांग्लादेशी घुसपैठिए दो श्रेणियों के हो सकते हैं। पहली श्रेणी में वे लोग शामिल हैं जो मूल रूप से 'आर्थिक शरणार्थी' हैं और भारत आने का उनका इरादा अपनी आजीविका कमाने के लिए रास्ते तलाशना है। दूसरे वर्ग में वे लोग शामिल हो सकते हैं जिनका संबंध बांग्लादेश से संचालित होने वाले भूमिगत आतंकी समूहों से है और वे पश्चिम बंगाल में स्लीपर सेल स्थापित करने सहित अन्य नापाक इरादों से भारत में घुसे होंगे।

पिछले सप्ताह कोलकाता पुलिस ने पश्चिम बंगाल से संचालित फर्जी भारतीय पासपोर्ट रैकेट के बारे में कोलकाता की एक निचली अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। आरोप पत्र में कुल 130 व्यक्तियों के नाम हैं, जिनमें से 120 बांग्लादेशी निवासी हैं और शेष भारतीय नागरिक हैं। बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ मुख्य आरोप यह है कि उन्होंने जाली दस्तावेज प्रस्तुत करके और भारी धनराशि देकर नकली भारतीय पासपोर्ट बनाए। आरोपी भारतीय नागरिकों के खिलाफ आरोप यह है कि उन्होंने इन अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए पासपोर्ट सहित नकली भारतीय पहचान दस्तावेजों की व्यवस्था करने में मदद की।

**कहानी फिल्म जगत की**

## करण कुंद्रा से शादी करेंगी तेजस्वी प्रकाश या फिर **पीआर स्टंट है?**



बिग बॉस 15 के सीजन में करण कुंद्रा और तेजस्वी का प्यार परवान चढ़ा था। कपल् तीन साल से रिलेशनशिप में है। अभी हाल ही में फराह खान ने तेजस्वी की मां से पूछा कि वे इन दोनों की शादी कब करवाएंगी, तो इस पर उनकी मां ने क्या जबाव दिया, आइए आपको बताते हैं। रियलिटी शो बिग बॉस 15 की विनर रही तेजस्वी प्रकाश इन दिनों काफी सुर्खियों में है। टीवी एक्ट्रेस ने बिग बॉस शो में ही एक्टर करण कुंद्रा के साथ रिलेशनशिप में हैं। शो करे दौरान दोनो के बीच मुलाकात हुई। फिर अच्छे दोस्त बनें और इसके बाद करण ने नेशनल टेलीविजन पर तेजस्वी को प्रपोज किया। इस शो के दौरान दोनों के बीच नोकझोंक और लड़ाइयां देखने को मिली है।

### क्या ये पीआर स्टंट है?

जब सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हुआ तो तेजस्वी और करण के फैंस काफी खुश नजर आएं। लेकिन दूसरी तरफ कहा जा रहा है कि ये सब सेलिब्रिटी मास्टरशेफ की टीआरपी बढ़ाने के लिए किया गया है। ये पीआर स्टंट है। इस पर तेजस्वी की मम्मी ने दिया जवाब, इस साल। इतना सुनकर तेजस्वी दंग रह जाती है। फराह, तेजस्वी को चिढ़ाते हुए उनकी मम्मा से पूछती हैं, "लड़के का नाम 'करण' ही होगा न? इस पर, तेजस्वी की मम्मा हंसते हुए कहती है, हां। तेजस्वी अपनी मां का जवाब सुनकरहैरान रह जाती है।


मोतियाबिन्द

मोतियाबिन्द के लक्षण, उपचार एवं रोकथाम

मोतियाबिन्द के लक्षण

- दृष्टि में धुंधलापन या अस्पष्टता।
- बुजुर्गों में निकट दृष्टि दोष में निरंतर बढ़ोतरी।
- रंगों को देखने की क्षमता में बदलाव।
- रात में वाहन चलाने में दिक्कत आना।
- दिन के समय आँखें चौंधियाना।
- दोहरी दृष्टि (डबल विजन)।
- चश्मे के नंबर में अचानक बदलाव आना।

मोतियाबिन्द का उपचार

- मोतियाबिन्द का एक मात्र उपचार ऑपरेशन है।
- इस ऑपरेशन में आँख से धुंधला लेंस निकाल दिया जाता है और कृत्रिम लेंस लगाया जाता है।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन सुरक्षित एवं सरल है।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन किसी भी मौसम में करवा सकते हैं।

मोतियाबिन्द की रोकथाम

- चालीस वर्ष के पश्चात नियमित रूप से आंखों की जांच कराएं।
- अपना वजन सामान्य बनाएं रखें।
- रंग–बिरंगे फलों और सब्जियों को अपने भोजन में शामिल करें।
- धूम्रपान छोड़ें और शराब का सेवन कम से कम करें।

सभी सरकारी अस्पतालों में नेत्र जाँच एवं उपचार की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है

PR No. 348569 (Health Med Edu and Family Welfare) 2024-25

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार